kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-156 ❒ सोमवार, 06 जुलाई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



सदियों से चली आ रही रामलीला की परंपरा ने भारतीय समाज को मर्यादा, कर्तव्य, त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों से जोड़ने का कार्य किया है तथा इसका संरक्षण और निरंतरता सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ओम बिरला

भारत की एकता और प्रगति के लिए समर्पित जीवन 11

उत्तराखंड में दो लाख किसानों को मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण 12

## संक्षेप

### जिनेवा में उपभोक्ता संरक्षण सत्र की अध्यक्षता करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत जिनेवा में होने वाले 9वें उपभोक्ता संरक्षण कानून और नीति पर अंतर-सरकारी विशेषज्ञ समूह के सत्र की अध्यक्षता करेगा। यह जानकारी उपभोक्ता मंत्रालय की ओर से रविवार को दी गई। मंत्रालय के अनुसार, यह सत्र यूनाइटेड नेशंस ट्रेड एंड डेवलपमेंट (यूएन) की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इसमें सदस्य देश, अंतरराष्ट्रीय संगठन, उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण, शिक्षाविद और अन्य संबंधित पक्षों को एक साथ लाकर स्थायी खपत, वैश्विक बाजार में उपभोक्ताओं के हित संरक्षण, उपभोक्ता की जानकारी और शिक्षा और अधिकार जैसे विषय पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही मंत्रालय ने बताया कि देश में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने पिछले 14 माह में 36 सेक्टर में 91.77 करोड़ रुपये से अधिक का रिफंड दिलाने में मदद की है। इसके साथ ही रिफंड से जुड़ी 1.47 लाख से अधिक शिकायतों को कानूनी विवाद बनने से पहले ही सुलझा लिया गया है। ई-जागृति का विस्तार किया गया है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने, वर्चुअल सुनवाई में शामिल होने और ऑनलाइन केस की स्थिति देखने की सुविधा दी गई है। मंत्रालय के अनुसार, देश में उपभोक्ताओं के हित की सुरक्षा के लगातार कानूनी और तकनीकी रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। यह हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### पीसीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विश्व भूषण

लखनऊ। विश्व भूषण मिश्र उत्तर प्रदेश पीसीएस एसोसिएशन के कार्यकारी और डा. सृष्टि धवन को महासचिव का दायित्व दिया गया है। विश्व भूषण अभी तक वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सृष्टि संयुक्त सचिव थीं। पुष्प राज सिंह और वैभव मिश्र के आईएएस बनने के बाद यह पद स्वतः रिक्त हो गया था। इसलिए पीसीएस एसोसिएशन की बैठक बुलाकर यह फैसला किया गया है। बैठक में विश्व भूषण मिश्र, संजय कुमार, संजय कुमार पांडेय, पंकज कुमार, डा. सृष्टि धवन, पूजा अग्निहोत्री, संजय यादव और चंदन कुमार पटेल शामिल हुए। इसमें सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया। पीसीएस एसोसिएशन की एजीएम सितंबर में होगी।

### गिरवी सोने पर कर्ज तीन साल में दोगुना हुआ

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में आई भारी तेजी का भारतीयों ने जमकर फायदा उठाया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सोना गिरवी रखकर लिए गए कर्ज की प्रति व्यक्ति औसत राशि 39 फीसदी बढ़कर 1.96 लाख रुपये पर पहुंच गई, जो मात्र तीन साल पहले (वित्त वर्ष 2022-23) 98,000 रुपये थी। यानी इस अवधि में लोगों ने दोगुना कर्ज उठाया है। क्रेडिट सूचना प्रदाता कंपनी एक्सपेरियन इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 से मार्च 2026 के बीच सोने की कीमतों के सूचकांक (प्राइस इंडेक्स) में 144% की तेजी आई। चूंकि ग्राहकों का सोना अब अधिक कीमती हो चुका है।

# राहुल, अखिलेश और केजरीवाल सुन लो हिंदू भ्रमित नहीं होगा

## राम मंदिर प्रकरण पर बोले नितिन नवीन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रेरणास्थल पर अयोजित शक्तिकेंद्र संयोजकों के सम्मेलन में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। राम मंदिर प्रकरण पर भी नितिन नवीन ने विपक्ष पर निशाना साधा। नितिन नवीन ने कहा कि राम मंदिर मामले पर कुछ लोग चर्चा कर रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने प्रभु राम के होने पर सवाल उठाया था। रामेश्वरम पर सवाल खड़े किए। राम को ये काल्पनिक बताने वाले हैं और कारसेवकों पर गोलियां चलाने वाले। हिंदू धर्म पर ये बात कर ही नहीं कर सकते हैं। आरएसएस और विहिप ने हिंदू धर्म के बहुत कुछ किया। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई भी करेंगे और सुधार भी करेंगे। मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं राहुल गांधी से, अखिलेश यादव से और केजरीवाल से कि हिंदू कमजोर नहीं है। भ्रमित नहीं होगा।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि जब भी हिंदू देवी देवताओं का अपमान होता है तो ये चुप रहते हैं। तमिलनाडु में जब कहा जाता है तो आप चुप रहते हैं। तुम्हारी आस्था गोली चलाने की रही है और हमारी आस्था हिन्दू धर्म के लिए है। मेरे पिताजी कारसेवक के तौर पर चले थे, दो महीना जेल में रहे। जितना हमने हिंदू धर्म के लिए किया, उतना इनका खानदान नहीं कर सकता। मैं चुनावी शंखनाद के लिए आया था। मैंने देखा कि



❒ उत्तर प्रदेश में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी

❒ योगी सरकार ने हर गांव से माफिया-गुंडाराज खत्म किया

यहां के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। जो ऊर्जा मैं देख रहा हूं वह इस बात का परिचायक है कि शक्ति केंद्र की ताकत से 2027 में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। जिस उत्तर प्रदेश ने केवल भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति और परिवारवाद देखा हो, भाजपा ने उस उत्तर प्रदेश से माफिया राज खत्म कर दिया। तब हर जिले में एक गुंडा, एक माफिया होता था। एक समय बिचौलिए का राज चलता था। उत्तर प्रदेश को उस बदहाली से हमारी सरकार ने बाहर निकाला। पहले तो उत्तर प्रदेश और बिहार को बीमारू राज कहा जाता था। अब दोनों राज्य विकास के सोपानों पर आगे बढ़ रहे हैं। नवीन ने कहा कि 2027 में जब उत्तर प्रदेश में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी तो वह केवल एक और सरकार नहीं होगी बल्कि 2029 के लिए मार्ग भी प्रशस्त होगा। शक्ति केंद्र के मजबूत होने के बाद विपक्ष चाहे जो कर ले भाजपा को जीतने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश के हर जिले का अपना अलग दादा, अलग गुंडा और अलग माफिया हुआ करता था। अपराधियों का राज और जंगलराज आम बात थी, लेकिन भाजपा सरकार ने कानून का राज स्थापित किया और अपराधियों के प्रभाव को खत्म किया। उन्होंने महिला सुरक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले महिलाएं घर से बाहर निकलने में डरती थीं और अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहती थीं। आज महिलाएं गर्व से कहती हैं कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन वाले प्रदेश में रहती हैं, जहां उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास के मुद्दे पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश और बिहार को बीमारू राज्य कहा जाता था और लोगों को लगता था कि इन राज्यों का भविष्य नहीं है। लेकिन आज दोनों राज्य विकास के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीबों के कल्याण और समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, जिससे प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदली है। श्री नबीन ने आस्था और सांस्कृतिक विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने देश की विरासत को सहेजने और हिंदू आस्था का सम्मान करने का काम किया है। उन्होंने बिहार में रामचरितमानस के अपमान की घटना का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उस समय कांग्रेस नेतृत्व मौन बना रहा। अपने पारिवारिक अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके पिता भी पटना से कारसेवक के रूप में अयोध्या ● शेष पेज 11 पर

## चढ़ावा चोरी पर मोहन भागवत की दो टूक, कहा– हर पापी को मिले सख्त सजा, करोड़ों भक्तों के सीने पर लगा गहरा आघात

एजेंसी

नागपुर। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अयोध्या राम मंदिर दान घोटाले के दोषियों को सख्त सजा देने की वकालत की है। उन्होंने साफ कह दिया है कि इस महापाप के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

रविवार को नागपुर में मीडिया के सामने आते ही भागवत ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अलग से कोई घुमावदार बात नहीं की। भागवत ने सीधे तौर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बड़े बयान को आगे कर दिया। भागवत ने दो टूक कहा, 'कल ही दत्तात्रेय होसबाले जी ने इस पर पूरा बयान जारी किया है, आप सब उसे ही देखें।'

होसबाले ने रामलला के दरबार में हुई इस हेराफ़ेरी को अत्यंत निंदनीय बताया है। होसबाले ने कहा कि पीढ़ियों के खून-पसीने, संघर्ष और बलिदान से यह भव्य मंदिर बना है। यह पूरे हिंदू समाज की अटूट आस्था का केंद्र है। रामलला की दान पेटी पर हाथ साफ करने वालों ने सिर्फ पैसा नहीं चुराया, बल्कि करोड़ों रामभक्तों के भरोसे का कत्ल किया है। इस नीच हरकत से पूरा समाज गहरे सदमे और गुस्से में है।

इस गर्मागर्म विवाद के बीच, भागवत नागपुर में 'सन्मार्ग माइंड वेलनेस' केंद्र के उद्घाटन में पहुंचे थे। वहां उन्होंने नई पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य और डिप्रेशन पर एक बेहद डरावना सच सामने रखा। भागवत ने चेतावनी दी कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम और परिवारों में बुजुर्गों के मार्गदर्शन की कमी के कारण हमारे बच्चे मानसिक रूप से बेहद कमजोर और नाजुक हो रहे हैं। मोहन भागवत ने आगे ● शेष पेज 11 पर



### चढ़ावे की 'चोरी' पर विपक्षी नेताओं के दावों की जांच करे पुलिस : विहिप

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने अयोध्या पुलिस को पत्र लिखकर राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर कांग्रेस नेता एवं सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत कई विपक्षी नेताओं द्वारा किए दावों की जांच करने और उनके द्वारा लगाए आरोपों को साबित करने के लिए उन्हें तलब करने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध विहिप ने मांग की कि यदि यह पाया जाता है कि इन नेताओं ने ''घृणा, दुर्भावना और वैमनस्य की भावना पैदा करने तथा उसे बढ़ावा देने'' के उद्देश्य से ''बेबुनियाद आरोप'' लगाए हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## पद्म विभूषण पंडवानी गायिका तीजन बाई का निधन

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की लोक कला और पंडवानी गायन को वैश्विक पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण तीजन बाई का निधन हो गया। वे 70 साल की थीं। उन्होंने शनिवार रात 3.15 बजे रायपुर एम्स में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार थीं।

तीजन बाई ने अपनी सशक्त आवाज, प्रभावशाली अभिनय और अनोखी प्रस्तुति शैली से पंडवानी को देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक में नई पहचान दिलाई। महाभारत की कथाओं को सुनाने की प्रेरणा उन्हें नाना से मिली थी।

भारतीय लोक कला में उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। रविवार सुबह 11 बजे तीजन बाई के शव को उनके पैतृक गांव गनियारी लाया गया, जहां अंतिम विदाई देने बड़ी संख्या में लोग



पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीजन बाई के निधन पर शोक जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोक कला को अपनी भव्य प्रस्तुति से दुनियाभर में पहचान दिलाई। उनका जाना कला और संस्कृति जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।' छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि पंडवानी के जरिए उन्होंने देश-विदेश में राज्य का नाम रोशन किया।

## इसरो ने 'सॉल्व' रॉकेट मोटर का पहला सफल परीक्षण किया

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 'सॉल्व' (सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) के ठोस ईंधन (सॉलिड मोटर) वाले रॉकेट का पहला सफल परीक्षण किया है। इस परीक्षण का उद्देश्य गगनयान के क्रू मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी ( की जांच करना है।

इसरो ने बताया कि यह परीक्षण तीन जुलाई को सुबह 10 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के स्टैटिक टेस्ट फैसिलिटी में किया गया। परीक्षण के दौरान मोटर का प्रदर्शन निर्धारित मानकों के अनुरूप रहा। इसरो ने बताया कि 'सॉल्व' एक विशेष परीक्षण रॉकेट है, जिसे गगनयान मिशन से पहले अलग-अलग परिस्थितियों में क्रू मॉड्यूल की सुरक्षा प्रणाली की जांच के लिए विकसित किया

**गगनयान मिशन**



गया है। इन परीक्षणों के दौरान क्रू मॉड्यूल को लगभग 10 से 17 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाया जाएगा। इसके बाद इसे रॉकेट से अलग किया जाएगा और उसकी सुरक्षित लैंडिंग के लिए क्रमवार 10 पैराशूट खोले जाएंगे, जिससे उसकी गति कम होकर वह सुरक्षित रूप से समुद्र में उतरे। इसरो के अनुसार 'सॉल्व' का ठोस ईंधन वाला चरण पीएसएलवी रॉकेट के स्ट्रैप-ऑन मोटर पर आधारित है, लेकिन गगनयान मिशन की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें कई तकनीकी बदलाव किये गये हैं। इनमें धीमी गति से जलने वाले प्रणोदक और दिशा नियंत्रण प्रणाली में सुधार शामिल हैं। गगनयान मिशन के तहत दो से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग 400 किलोमीटर ऊंची पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन के मिशन पर भेजा जाएगा और इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जायेगा। क्रू मॉड्यूल और सर्विस मॉड्यूल इस मिशन के अंतरिक्ष यान में मुख्य रूप से दो हिस्से होंगे। क्रू मॉड्यूल वह हिस्सा है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे। इसरो ने कहा कि गगनयान परियोजना को देश की वैज्ञानिक क्षमता, भारतीय उद्योग, शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों की विशेषज्ञता तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध उन्नत तकनीकों के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। इस मिशन से पहले कई महत्वपूर्ण तकनीकों का ● शेष पेज 11 पर

## चढ़वा चोरी से अत्यंत आहत, दुखी, लज्जित हूँ: गोविन्द गिरि

नई दिल्ली। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट किया है कि चढ़ावा गिनती स्थान और प्रक्रिया से उनका कोई संबंध नहीं रहा है तथा इस जघन्य महापाप की जांच में वह किसी के पक्ष या विरोध में नहीं हैं बल्कि सत्य के पक्ष में हैं। वे मानते हैं कि दोषियों को पकड़ कर दंडित किया जाना चाहिए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरि महाराज ने एक बयान जारी कर कहा है कि ञ्चढ़ावा चोरी के घटनाक्रम को लेकर वे अत्यंत आहत, दुखी एवं लज्जित हैं।' उन्होंने कहा, ञ्चोरी कितनी हुई, कब हुई, कैसी हुई यही तो जाँच का विषय है। यह जाँच गहराई से होनी चाहिए। जाँच एजेंसी पर भरोसा रखिए। न्यायालय अपना कार्य करेगा। एसआईटी और पुलिस पर हमें विश्वास है। दोषी बचेंगे नहीं। सभी को जाँच और न्याय-व्यवस्था का पूर्ण विश्वास करना चाहिए। हम न किसी के पक्ष में हैं, न किसी के विरोध ● शेष पेज 11 पर

## हम एक ही वार में ईरान के नेतृत्व को खत्म कर सकते हैं : ट्रंप

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अगर अमेरिका चाहे तो सिर्फ एक ही वार में ईरान के बचे हुए शीर्ष नेतृत्व को खत्म कर सकता है, लेकिन वह ऐसा नहीं करेगा, क्योंकि अमेरिका चाहता है कि ईरान के साथ बातचीत का रास्ता खुला रहे।

न्यूज वेबसाइट 'एक्सियोस' से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि ईरान के शीर्ष नेता इस समय पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में एक साथ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि एक ही वार में हम सबको खत्म कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि फिर बातचीत करने के लिए कोई बचेगा ही नहीं। ट्रंप ने यह टिप्पणी उस समय की, जब ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में ईरान के शीर्ष नेता एकत्र हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अंतिम यात्रा में शामिल लोगों की भीड़ और शोक पर भी हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि मुझे लगता था कि ईरानी जनता खामेनेई से नफरत करती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हो सकता है ये नकली आंसू हों। बता दें कि इससे ● शेष पेज 11 पर

❒ कहा– लेकिन अमेरिका ऐसा नहीं करेगा, बातचीत के लिए कोई नहीं बचेगा



### ईरानी दूतावास ने ट्रंप को दिया करारा जवाब

ट्रंप के नकली आंसू वाले बयान पर आर्मेनिया में मौजूद ईरान के दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया दी। दूतावास ने लिखा कि आप इन बातों को नहीं समझ सकते, क्योंकि आपके पास न सभ्यता है, न इतिहास और न ही सम्मान।

# बच्चों की अश्लील सामग्री बर्दाश्त नहीं

## इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े विज्ञापनों को लेकर केंद्र सख्त, सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर 'पेड' विज्ञापनों में बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़े वीडियो और अन्य सामाग्रियों को लेकर 'मेटा' को कड़े शब्दों में नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इंस्टाग्राम को उन सभी विज्ञापनों और सामाग्रियों को हटाने का आदेश दिया है, जो बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार को बढ़ावा देते हैं। यह कदम सूचना प्रौ?द्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के उस निर्देश के एक दिन बाद उठाया गया है, जिसमें उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों से 'मेटा' को तलब करने को कहा था। यह मामला इंस्टाग्राम विज्ञापनों से जुड़ा है, जिन पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामाग्री को बढ़ावा देने का आरोप है।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि इस मामले में मंत्रालय ने 'मेटा' से स्पष्टीकरण और मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौ?द्योगिकी मंत्रालय ने सात दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण भी मांगा है। कैलिफोर्निया मुख्यालय वाली प्रौद्योगिकी कंपनी 'मेटा' के पास फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे लोकप्रिय सोशल मीडिया मंच का स्वामित्व है।

मंत्रालय का यह कदम बीबीसी की एक रिपोर्ट के बाद आया है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि मेटा का 'रिकमेंडेशन एल्गोरिदम' बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री वाले वीडियो को बढ़ावा दे रहा था, जिससे सुरक्षा उपायों में गंभीर कमियां उजागर हुई। बीबीसी की जांच में फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम पर इस तरह के विज्ञापन भी देखे गए, जबकि मेटा की विज्ञापन नीतियां स्पष्ट रूप से अश्लील सामाग्रियों पर रोक लगाती हैं। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि इंस्टाग्राम ने 'रेप वीडियो' और 'चाइल्ड वीडियो' जैसे शब्दों वाले 'पेड' विज्ञापन दिखाए, जो उपयोगकर्ताओं को टेलीग्राम चैनलों पर ले जाते थे, जहां कथित तौर पर ऐसी सामाग्री बेचते थे। मामले की जानकारी रखने वालों के अनुसार, सरकार



यह जानना चाहेगी कि ऐसे विज्ञापनों को कैसे मंजूरी दी गई। आरोपों के सामने आने के बाद मेटा ने क्या सुधारात्मक कदम उठाए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए वह क्या सुरक्षा उपाय करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने कहा कि अगर आरोप बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामाग्री को बढ़ावा देने वाले 'पेड' विज्ञापनों से संबंधित हैं, तो एक मध्यस्थ होने के बावजूद मेटा किसी तीसरे पक्ष की सामग्री के तर्क या बचाव का सहारा नहीं ले सकती। सूत्रों ने कहा कि अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो उन्हें उन विज्ञापनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा, जिनसे मंच को राजस्व मिलता है। सूत्रों ने कहा कि जहां मंत्रालय मामले के तकनीकी और नियामक पहलुओं की समीक्षा करेगा, वहीं अगर किसी एजेंसी, प्राधिकरण या व्यक्ति को लगता है कि कानून के तहत अपराध हुआ है, तो वे विज्ञापनदाता या मंच के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकते हैं। भारत सरकार ने बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी ऑनलाइन सामाग्री के मामले में बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है। इसके तहत ऑनलाइन मंच को ऐसी सामग्री का तुरंत पता लगाने, उसे हटाने और उसकी रिपोर्ट करने के साथ-साथ डिजिटल परिवेश में बच्चों की सुरक्षा के लिए मजबूत उपाय करने की जरूरत है। सरकार ने समय-समय पर उन वेबसाइट को भी ब्लॉक किया है, जिनमें बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामाग्री होती है। यह कार्रवाई इंटरपोल से मिली सूची के आधार पर की गई है, जो भारत की नेशनल नोडल एजेंसी सीबीआई को मिलती है। मेटा ने कहा कि कोई भी सिस्टम एकदम सही नहीं होता, लेकिन बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर दिया। कंपनी ने बताया कि जानकारी मिलने पर उसने आपत्तिजनक विज्ञापनों को हटा दिया, नियमों का उल्लंघन करने वाले अकाउंट्स को सस्पेंड कर दिया और संबंधित यूआरएल को ब्लॉक कर दिया।

इस सप्ताह दूसरी बार 'मेटा' नियामकीय जांच के दायरे में आया है। इससे पहले बुधवार को केंद्र सरकार ने 'मेटा' को एक नोटिस जारी करके व्हाट्सऐप पर प्रस्तावित 'यूजरनेम फीचर' के बारे में सवाल पूछा। सरकार को चिंता है कि इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट और किसी और का रूप धारण किए जाने वाले हमले बढ़ सकते हैं। सरकार ने मंच को निर्देश दिया है कि जब तक इस मुद्दे पर बातचीत पूरी नहीं हो जाती, तब तक इस फीचर को रोक दिया जाए। व्हाट्सऐप के विवादित फीचर को लेकर भेजे गए नोटिस के बाद 'मेटा' की एक टीम सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों से मिली। इस दौरान 'यूजरनेम फीचर' पर विस्तृत स्पष्टीकरण देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। 'मेटा' तय समय में अपना अंतिम जवाब सौंपेगा।

# वीबी-जी-राम-जी योजना से गांवों के समग्र विकास को मिलेगी नई गति : केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारत सरकार के केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित वीबी-जी-राम-जी योजना से संबंधित ऑनलाइन बैठक में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सम्मिलित हुए। बैठक में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ विभिन्न राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रीगण जुड़े रहे। उत्तर प्रदेश से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ग्राम्य विकास आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी, उपायुक्त (मनरेगा) नागेन्द्र मोहन त्रिपाठी सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण वर्चुअली उपस्थित रहे।

बैठक वीबी-जी-राम-जी योजना के अंतर्गत राज्यों को वित्तीय वर्ष हेतु धनराशि आवंटित (मदर सैंक्शन) हेतु केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रथम क़िस्त के रूप में उत्तर प्रदेश के लिए 3,210.76 करोड़ रुपये की सर्वाधिक धनराशि स्वीकृत किए जाने की घोषणा की। समस्त राज्यों से कुल 25,869.06 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक धनराशि उपलब्ध कराए जाने पर केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि प्रदेश में ग्रामीण विकास कार्यों, रोजगार सृजन तथा आधारभूत संरचना के विकास को नई गति प्रदान करेगी। बैठक में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि वीबी-जी-राम-जी योजना के माध्यम से ग्रामीण गरीबों को अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा प्रत्येक पात्र परिवार को कम से कम 125 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत श्रमिकों को न्यूनतम 300 रुपये प्रतिदिन मजदूरी प्रदान की जाएगी तथा मजदूरी भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। समयबद्ध भुगतान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में योजना के क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक के व्यापक उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक के उपरांत उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम विकास आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिए कि वीबी-जी-राम-जी योजना के सफल संचालन में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। स्टेट लिंक्ड स्कीम के माध्यम से लाभार्थियों के खातों की मैपिंग शीघ्र पूर्ण कर भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। श्रमांश, सामग्री मद एवं प्रशासनिक व्यय के लिए पृथक-पृथक बैंक खाते तत्काल खोले जाएं, जिससे वित्तीय प्रबंधन पूर्णतः पारदर्शी एवं व्यवस्थित रहे। योजना के संचालन में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सभी जिलों में विकास कार्यों की नियमित समीक्षा एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा ब्लॉक स्तर के अधिकारी संचालित कार्यों का नियमित स्थलीय निरीक्षण करायें। प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। श्री मौर्य ने कहा कि कार्यों की पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा प्रभावी निगरानी के लिए जीआईएस आधारित तकनीक, पीएम गति शक्ति प्लेटफॉर्म तथा अन्य डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचनाओं का अधिकतम उपयोग किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंच सके। एकल महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर समुदाय तथा अन्य कमजोर एवं वंचित वर्गों को विशेष रोजगार गारंटी कार्ड उपलब्ध कराकर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

# भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन रविवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथपरिचयात्मक बैठक की। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी के अलावा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, प्रदेश सरकार में मंत्री भूपेंद्र चौधरी, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी उपस्थित रहे। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने भाजपा के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। सहयोगी दलों के नेताओं में रालोद के त्रिलोक त्यागी, निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद, सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, अपना दल से आशीष पटेल मौजूद रहे। सभी नेताओं की बात भाजपा अध्यक्ष ने सुनी और सभी से कहा कि - जिताऊ उम्मीदवारों को ही चुनाव लड़ाया जाएगा। इसके बाद जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों से भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने भेंट की। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष की उपस्थिति में संपन्न बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक कौशल, क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवन पुत्र बादल, इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह, प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप, क्षेत्र घुमंतू कार्य प्रमुख राजेश, अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नीरज सिंह, प्रदेश मंत्री राहुल वाल्मीकि और प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## बड़ोखर वन ब्लॉक में वन महोत्सव, प्रधान नन्हे सिंह ने लगाए पौधे



कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से रविवार को कोरांव रेंज के अंतर्गत बड़ोखर वन ब्लॉक में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बड़ोखर नन्हे सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मण्डल उपाध्यक्ष बड़ोखर बुद्ध सेन पाण्डेय उपस्थित रहे। इस दौरान डिप्टी रेंजर मथुरा यादव, वन दरोगा आशीष सिंह सहित रेंज के समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पौधारोपण किया। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा करें और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाएं। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

## सपा के जन्मदिन पखवाड़े पर कोहडार में वृक्षारोपण, लल्लन पटेल ने दी गति



कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे पखवाड़े कार्यक्रम के तहत रविवार को कोहडार सेक्टर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला उपाध्यक्ष लल्लन पटेल ने पौधारोपण करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान चल रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि इस अभियान को बूथ स्तर तक ले जाकर नई गति दें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके इसके लिए पौधारोपण जरूरी है। वहीं जिला उपाध्यक्ष व कोरांव विधानसभा प्रभारी राजेश पाण्डेय ने कहा कि पिछली सरकारों में सड़कों के किनारे लगे पेड़ों को चौड़ीकरण के नाम पर काट दिया गया। इससे मानसून प्रभावित हुआ है और किसानों की नर्सरी सूख रही है। अब सपा कार्यकर्ता पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण को गति देंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिला सचिव व नगर पंचायत कोरांव प्रत्याशी राजू चौबे, रामदेव निडर, अनिता कोल, शिवदानी पाल, राधे श्याम यादव, दिनेश पटेल, विनय सोनकर, विद्याकांत कोल, मंगल कोल, मनीष जायसवाल, सेक्टर प्रभारी वीरेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दु:ख की घड़ी में शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया पीड़ित परिवार के संघ



कोरॉव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इतवार को कोराव ब्लॉक के ग्राम कुकुरहटा निवासी हरिश्चन्द्र पाल के घर में विद्युत शॉर्ट सर्किट के कारण गत दिवस अचानक भीषण आग लग गई थी। इस घटना में उनका मकान, नगद धनराशि, कपड़े तथा अन्य आवश्यक घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे परिवार को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से मिलकर उनका दु:ख साझा किया। संगठन के पदाधिकारियों ने आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव एडवोकेट रवि कुमार पाल, प्रदेश सचिव एडवोकेट अनीस कुमार पाल, जिलाध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज संजीव कुमार पाल, मंडल उपाध्यक्ष लाल बाबू पाल, मंडल उपसचिव अनुज पाल, जिला उपाध्यक्ष सत्यम पाल, जिला उपाध्यक्ष सूरज पाल, ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश पाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष उपेन्द्र पाल, ब्लॉक सचिव नेबूलाल पाल, सोशल मीडिया प्रभारी मंगला प्रसाद पाल, हंसराज पाल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। टीम सदस्य बोले शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया सदैव समाज के हर सुख-दु:ख में साथ खड़ी रही है और आगे भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# चौराहे के पुनर्निर्माण की कवायद शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। शहर के प्रमुख और व्यस्तम इलाकों में से एक पांडेयपुर चौराहे को आने वाले दिनों में जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलने वाली है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा चौराहे के पुनर्निर्माण की कवायद शुरू कर दी गई है। इस क्रम में रविवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने पांडेयपुर चौराहे का स्थलीय निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने यातायात को सुगम बनाने के लिए मौके पर ही कई अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चौराहे के समीप लगे डिवाइडर को हटाने और ऑटो चालकों के कारण लगने वाले जाम को देखते हुए ऑटो खड़ा करने के लिए अलग से जगह (आटो स्टैंड) चिह्नित करने के निर्देश दिए, ताकि सड़क पर वाहनों का दबाव कम हो सके। चौराहे के कायाकल्प और सुंदरीकरण को लेकर नगर आयुक्त काफी गंभीर दिखे। उन्होंने नगर निगम के मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र से आर्किटेक्ट आफताब, पीडब्ल्यूडी व यातायात विभाग से तत्काल वार्ता करने का निर्देश दिया ताकि पांडेयपुर चौराहे के सुंदरीकरण प्लान का कार्य धरातल पर काम को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। ?इस निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से पार्षद मदन मोहन दुबे, पार्षद अशोक कुमार मौर्या, नगर निगम के अधिशासी अभियंता एमके सिंह और पीडब्ल्यूडी के अभियंता शामिल थे।

# रामविलास की 80वीं जयंती पर एलजेपी का शक्ति प्रदर्शन, चिराग ने चुनावी बिगुल फूंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने रविवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित 'नव संकल्प सभा' के जरिए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों का आगाज कर दिया। पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान की 80वीं जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने संगठन विस्तार, सामाजिक न्याय और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत करेंगे। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यह दिन उनके लिए बेहद भावनात्मक है। उनके पिता उन्हें बचपन से राजनीति की सीख देते थे और अब उनके सपनों को साकार करना उनकी जिम्मेदारी है। श्री चिराग ने आरक्षण और संविधान के मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि जब तक वह जीवित हैं, कोई भी संविधान और आरक्षण को समाप्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि असली खतरा उन लोगों की सोच से है जो समाज में विभाजन पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने जातिवाद मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने का संकल्प दोहराते हुए कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की। श्री चिराग ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दल समाज को बांटने की राजनीति करते हैं और युवाओं को जोड़ने के बजाय भाई को भाई से लड़ाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में संविधान और लोकतंत्र को लेकर भ्रम फैलाया गया, लेकिन जनता ने उन दावों को स्वीकार नहीं किया। साथ ही उन्होंने दलितों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए विपक्ष से जवाबदेही तय करने की बात कही। मीडिया से बातचीत में चिराग पासवान ने कहा कि फिलहाल पार्टी की पहली प्राथमिकता उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में पार्टी की रणनीति परिस्थितियों के अनुसार तय होती है और उत्तर प्रदेश में भी पहले मजबूत संगठन खड़ा किया जाएगा, उसके बाद चुनावी रणनीति पर फैसला लिया जाएगा। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्थाओं से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम में पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद अरुण भारती ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रदेश में दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए मजबूती से संघर्ष करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। राजनीतिक दृष्टि से इस 'नव संकल्प सभा' को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले राजग की चुनावी तैयारियों के एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# कोरांव को मिलेगा आधुनिक बस स्टैंड, दयाशंकर ने दी मंजूरी का आश्वासन

**चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने लखनऊ में की मुलाकात, ई-बस और ग्रामीण परिवहन सेवा की भी रखी मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। नगर पंचायत कोरांव के चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने रविवार को लखनऊ प्रवास के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

बैठक में चेयरमैन केशरी ने कोरांव की प्रमुख समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत कोरांव स्थित बस स्टैंड पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इसे तोड़कर मल्टीपर्पज आधुनिक बस स्टैंड के रूप में नए सिरे से विकसित किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने कोरांव के ग्रामीण क्षेत्रों में 'मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन सेवा' शुरू करने और कोरांव से प्रयागराज तक 'इलेक्ट्रिक एसी बस सेवा' संचालित करने का भी आग्रह किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही आवश्यक धनराशि स्वीकृत कर बस स्टैंड के नवनिर्माण को मंजूरी दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि कोरांव की जनता को जल्द ही आधुनिक बस स्टैंड की सौगात मिलेगी। इस अवसर पर भाई गणेश मिश्रा और सुमित कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री काशी से 1.10 करोड़ विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में भेजेंगे डीबीटी राशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ जुलाई को अपने प्रस्तावित वाराणसी दौरे के दौरान परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत प्रदेश के लगभग 1.10 करोड़ विद्यार्थियों के अभिभावकों के बैंक खातों में प्रति छात्र 1,200 रुपये की धनराशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। वाराणसी के 1,54,634 छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी इस योजना से लाभान्वित होंगे।

मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रखर कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री इससे पहले चार अप्रैल को वाराणसी से प्रदेशव्यापी 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ कर चुके हैं और अब डीबीटी अभियान की शुरुआत भी काशी से करेंगे। उन्होंने बताया कि डीबीटी के माध्यम से भेजी जाने वाली धनराशि से अभिभावक बच्चों की आवश्यकता एवं आकार के अनुरूप दो जोड़ी यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूते-मोजे, स्वेटर तथा स्टेशनरी सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीद सकेंगे। इससे विद्यार्थियों को समय पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार का उद्देश्य संसाधनों के अभाव में किसी भी बच्चे की पढ़ाई प्रभावित न होने देना है। डीबीटी व्यवस्था से अभिभावकों को सीधे धनराशि मिलने से आवश्यक शैक्षणिक सामग्री की खरीद में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि आठ जुलाई को टीएफसी में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विभागीय अधिकारी कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, ताकि मुख्यमंत्री के हाथों प्रदेशभर के लाभार्थियों के खातों में धनराशि का सफल अंतरण सुनिश्चित किया जा सके।

# चकमार्ग पर कब्जा: तहसीलदार ने दोनों पक्षों को दी खाली करने की चेतावनी



सेमरी बाघराय गांव में गाटा-16 पर चकमार्ग कब्जे की शिकायत की जांच की। मौके पर शिकायतकर्ता और आरोपी दोनों कब्जा किए मिले। सभी को जमीन खाली करने का आदेश दिया, अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी दी।

**रोशनी सोलंकी**
**तहसीलदार कोरांव प्रयागराज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। कोरांव तहसील क्षेत्र के सेमरी बाघराय गांव में चकमार्ग की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है।

गांव निवासी ज्ञान चंद्र पटेल ने तहसीलदार से शिकायत की थी कि गाटा संख्या 16 में गांव के लगभग आधा दर्जन लोगों ने चकमार्ग पर कब्जा कर खेत व बुवाई कर रखी है। शिकायत पर तहसीलदार रोशनी सोलंकी रविवार को राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचीं।

जांच में पाया गया कि शिकायतकर्ता ने भी चकमार्ग पर कब्जा कर रखा है। वहीं जिन लोगों के खिलाफ शिकायत की गई थी, उन्होंने भी कब्जा कर रखा था। तहसीलदार ने मौके पर ही सभी कब्जेदारों को सार्वजनिक भूमि तत्काल खाली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदेश न मानने पर संबंधितों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

तहसीलदार ने कहा कि भविष्य में भी सार्वजनिक भूमि पर कब्जे की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई से बचना है तो कब्जा करने वाले खुद ही जमीन खाली कर दें।

# कालिंदी के तट पर होगा भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद का अद्भुत मेल

**प्रयागराज के गंगा और यमुना के घाटों को नव्य स्वरूप प्रदान कर रही है योगी सरकार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को प्रयागराज आ रहे हैं। सीएम यमुना किनारे बोट क्लब के पास प्रेरणा पार्क का लोकार्पण करेंगे, जहां पर वह राष्ट्र की तीन विभूतियों की प्रतिमाओं का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद नौका एकता रेस को हरी झंडी दिखाएंगे, जिसके बाद सभा को संबोधित करेंगे। सीएम प्रयागराज मेला प्राधिकरण के सभागार में लोक निर्माण विभाग के नए व पुराने कार्यों की समीक्षा करेंगे।

संगम नगरी प्रयागराज में कालिंदी के तट युवाओं और पर्यटकों के लिए राष्ट्रवाद और सशक्त भारत के विभूतियों की प्रेरणा की स्थली भी बनेगी। नगर निगम प्रयागराज द्वारा यमुना तट पर स्थित कालीघाट के समीप भव्य प्रेरणा पार्क का विकास किया गया है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को इसका लोकार्पण करेंगे। नगर निगम प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी का कहना है कि एक करोड़ की लागत से इस भव्य पार्क का निर्माण किया गया है। पार्क में जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की कांस्य प्रतिमाओं का अनावरण मुख्यमंत्री करेंगे। राष्ट्रसेवा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण के प्रेरणास्रोत रहे इन तीन महापुरुषों के जीवन मूल्यों एवं विचारों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रेरणा पार्क का निर्माण कराया गया है।यह स्थल न केवल श्रद्धांजलि का केंद्र होगा, बल्कि युवाओं एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करने वाला एक महत्वपूर्ण केंद्र भी बनेगा। इन विभूतियों की प्रतिमाओं के आसपास उद्यान, प्रकाश व्यवस्था, पाथवे, बैठने की व्यवस्था, सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता संबंधी कार्य कराए गए हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और मजबूत अखंड भारत के विचारों से भारत की एकता को सुदृढ़ करने करने वाले राष्ट्रीय एकता के नायक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की याद में यमुना में एकता नौका रेस का भी आयोजन किया जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ एकता नौका रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इस रेस में दो दर्जन से अधिक नौका शामिल होंगी। सीएम काली घाट स्थित प्रेरणा पार्क में ही एक जन सभा को भी संबोधित करेंगे।

इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री परेड ग्राउंड स्थित मेला प्राधिकरण के सभागार आएंगे। सीएम यहां लोक निर्माण व अन्य विभागों के प्रयागराज जोन के 2500 करोड़ से अधिक के 1553 कार्यों की समीक्षा करेंगे।

# अब राजनीति में सफल होने के लिए पढ़ा- लिखा होना जरूरी : महाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को युवाओं का आह्वान किया कि वे अच्छी तरह से पढ़-लिख कर राजनीति में आएं क्योंकि राजनीति में अब वही सफल होगा जिसे सब कुछ आता है। हालांकि पहले वही राजनीति में आता था, जिसे कुछ नहीं आता था लेकिन अब परिस्थितयां बदली हैं और जनप्रतिनिधि को लाखों लोगों को संतुष्ट करना होता है।



उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना रविवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) यंग इंडियन्स द्वारा आयोजित यंग इंडिया पार्लियामेंट 2026 ऽ कानपुर चैप्टर के समापन सत्र के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से आयोजित यंग इंडिया पार्लियामेंट 2026 में आए विद्यार्थियों व युवाओं को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्यवाही शून्य प्रहर, बिल, तारांकित प्रश्नों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधानसभा में राज्यपाल के संभाषण, बजट पर चर्चा और मतदान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा करते हुए अपने द्वारा किए गए बदलावों के बारे में भी बताया।

उन्होंने वर्तमान राजनीति की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी। बहू-बेटियां शाम होते ही आना-जाना बंद कर देती थीं। तब प्रदेश में कानून राज नहीं था। उन्होंने वर्ष 2017 से पहले अपने गुजरात में दोस्त के यहां घूमने का जिक्र करते हुए बताया कि घर में रात 11 बजे खाना खाने के बाद दोस्त ने पूछा कौन सी आइसक्रीम खाएंगे तो हमने कहा जो होगी खा लेंगे तो दोस्त ने अपनी बेटी का नाम लेते हुए कहा कि वह जाकर अभी लायेगी तो हमें आश्चर्य हुआ कि रात 11 बजे बेटी जाएगी जबकि हमारे यहां उत्तर प्रदेश में तो इतनी रात में यह संभव ही नहीं हैं, लेकिन वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में ऐसा सिस्टम बदला है कि अब यहां भी बहू- बेटियां भी रात में कहीं भी आ-जा सकती हैं। अफसर और पुलिस वही है लेकिन नेतृत्व योगी आदित्यनाथ का है। इसलिए यह सब संभव है। ठीक उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है जबकि वर्ष 2014 से पहले ऐसा नहीं था। विधानसभा अध्यक्ष महाना ने राजनीति में शुचिता की चर्चा करते हुए कहा कि पहले यही माना जाता था कि जिसे कुछ न आता हो, वही नेता बनेगा लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब तो वही राजनीति में सफल होगा जिसे सब कुछ आता है ,क्योंकि उसे लाखों लोगों को संतुष्ट करना होता है। उत्तर प्रदेश में 403 विधानसभा सीटें हैं और उम्मीदवार अधिक।

# आपका विधायक, आपके द्वार अभियान के अंतर्गत बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ । क्षेत्र में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित जनसंपर्क एवं समस्या समाधान अभियान ''आपका विधायक, आपके द्वार'' के 174वें सप्ताह के अंतर्गत तारा खेड़ा ग्राम पंचायत में ग्राम बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विषयों के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया।



बैठक के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वंदना वर्मा (पुत्री संतोष कुमार) ऽ 68%, अनुराधा (पुत्री छेदी लाल) ऽ 67%, सलमा (पुत्री बाबूलाल) 63% तथा ललित (पुत्र अमरपाल) ऽ 60% को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त नींव है तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान अन्य बच्चों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत विजन प्लस के सहयोग से एक विशेष निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से 50 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क पावर के चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य भी समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है और समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल समस्याओं का समाधान करना ही नहीं, बल्कि गांव-गांव तक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि ''आपका विधायक, आपके द्वार'' अभियान के माध्यम से जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है और यह जनसेवा का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

# मौत के बाद भी मानवता की मिसाल बने मंगल, देहदान से जगाई नई उम्मीद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। कहते हैं इंसान अपने कर्मों से अमर होता है। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के कठवारा गांव निवासी 75 वर्षीय मंगल ने इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया। उन्होंने वर्ष 2013 में ही अपनी मृत्यु के बाद शरीर को चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के लिए दान करने का संकल्प लिया था। शनिवार दोपहर बीमारी के चलते उनके आवास पर निधन हो गया। निधन के बाद उनका संकल्प पूरा हुआ और मेडिकल कॉलेज की टीम उनके पार्थिव शरीर को अपने साथ ले गई।

❑ 13 वर्ष पहले लिया था देहदान का संकल्प, निधन के बाद मेडिकल कॉलेज की टीम ले गई पार्थिव शरीर, क्षेत्रभर में हो रही सराहना



मृतक मंगल फाइल फोटो

परिजनों ने बताया कि मंगल का मानना था कि मृत्यु के बाद शरीर का अंतिम संस्कार करने के बजाय यदि वह मेडिकल छात्रों की पढ़ाई और चिकित्सा अनुसंधान के काम आए तो इससे बड़ी समाज सेवा कोई नहीं हो सकती। इसी सोच के साथ उन्होंने 2013 में विधिवत देहदान का पंजीकरण कराया था।

शनिवार को उनके निधन की सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज के अधिकारी एवं कर्मचारी कठवारा पहुंचे। आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्होंने पार्थिव शरीर अपने साथ ले लिया। अब यह शरीर मेडिकल विद्यार्थियों के अध्ययन और चिकित्सा अनुसंधान में उपयोग किया जाएगा।मंगल के इस प्रेरणादायी निर्णय की पूरे क्षेत्र में चर्चा है। ग्रामीणों, समाजसेवियों और शुभचिंतकों ने इसे मानवता के प्रति उनकी अंतिम और सबसे बड़ी सेवा बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों का कहना है कि उनका यह कदम समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ दूसरों को भी इस दिशा में सोचने की प्रेरणा देगा।

## देहदान क्यों है महत्वपूर्ण?

देहदान के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना का व्यावहारिक अध्ययन करने का अवसर मिलता है। साथ ही चिकित्सा अनुसंधान और नई उपचार पद्धतियों के विकास में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान होता है। मंगल का यह निर्णय मृत्यु के बाद भी मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है।

# 'विजिट माई स्टेट' अभियान को मिल रहा युवाओं का साथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 'विजिट माई स्टेट' अभियान के तहत रविवार को लखनऊ से करीब 35 बाइकर्स का एक समूह कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार पहुंचा। यहां पर उन्होंने उत्तर प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखा और यूपी राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) के राही टूरिस्ट बंगले में आतिथ्य का अनुभव किया।

यात्रा के दौरान यूपीएसटीडीसी के कर्मचारियों ने राही टूरिस्ट बंगले में पारंपरिक तरीके से बाइकर्स का स्वागत किया। यहां उन्हें चाय-कॉफी के साथ पौष्टिक नाश्ता कराया गया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने उन्हें पक्षी विहार का भ्रमण कराया, जहां उन्होंने शांत जलाशयों और वहां आने वाले स्थानीय व प्रवासी पक्षियों को देखा तथा उनके पर्यावरणीय महत्व के बारे में जानकारी ली।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, ्यह बेहद उत्साहजनक है कि 'विजिट माई स्टेट' अभियान से लगातार बड़ी संख्या में युवा जुड़ रहे हैं। युवाओं का यह बढ़ता उत्साह अभियान की सफलता का प्रमाण है। ऐसे प्रयास न केवल उन्हें उत्तर प्रदेश के ईको-टूरिज्म स्थलों और प्राकृतिक धरोहरों से जोड़ रहे हैं, बल्कि प्रदेश के विविध पर्यटन अनुभवों को करीब से जानने, समझने और प्रकृति के साथ यादगार पल बिताने का अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।ङ्क यूपीएसटीडीसी के चेयरमैन अमृत अभिजात ने कहा कि विजिट माई स्टेट अभियान लोगों को अर्थपूर्ण यात्राओं के जरिए प्रदेश के पर्यटन स्थलों को फिर से जानने और देखने के लिए प्रेरित कर रहा है। ईको-टूरिज्म और बेहतर आतिथ्य को बढ़ावा देकर हम अधिक से अधिक लोगों को उत्तर प्रदेश घूमने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और टिकाऊ पर्यटन को मजबूत बना रहे हैं। समूह के सदस्य अमित सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार प्रकृति प्रेमियों के लिए शानदार जगह है और यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। पर्यटन विभाग की ओर से मिला आतिथ्य इस यात्रा को और यादगार बना गया। मैं सभी लोगों से इस खूबसूरत पक्षी विहार को देखने की अपील करता हूं।

## महिला से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में एक गांव में एक महिला के साथ कथित दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मोहनलालगंज पुलिस अनुसार पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि बीती देर रात वह अपने पति के साथ घर की छत पर सो रही थी। देर रात प्यास लगने पर वह पानी पीने के लिए नीचे आई। आरोप है कि इसी दौरान मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गोपाल खेड़ा निवासी अजय पीछे से आया और उसका मुंह दबा दिया, जिससे वह शोर नहीं मचा सकी।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे जबरन घर से उठाकर पास के जंगल में ले गया, जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी और पुलिस से शिकायत की।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई।पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तत्काल पुलिस टीम गठित कर दी गई है। मामले में साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं तथा विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 2027 चुनाव के लिए राजग के साथ रोडमैप तैयार कर रही भाजपा : नीरज सिंह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन से संगठन को नई दिशा मिली है और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के साथ मिलकर चुनावी रणनीति का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। श्री नीरज सिंह ने कहा कि नई प्रदेश टीम के गठन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्व अध्यक्षों के अनुभव भी साझा किए, जिससे कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए प्रेरणा और दिशा मिली है।

# योग कक्षा संचालकों का किया सम्मान

❑ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग साधकों का हुआ अभिनंदन, हर माह वैदिक देव यज्ञ आयोजित करने का निर्णय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पतंजलि योग समिति लखनऊ पूर्व के तत्वावधान में सीएमएस विस्तार स्थित योग कक्षा में योग कक्षा संचालक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देव यज्ञ से हुआ। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार को योग सेवा एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिला प्रभारी उदय राज, मीडिया प्रभारी अनिल कुमार वर्मा और बीना बिष्ट ने योग कक्षा संचालकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।



कार्यक्रम का संचालन ओंकार नाथ सिंह ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह अलग-अलग योग कक्षाओं में वैदिक देव यज्ञ आयोजित किया जाएगा। साथ ही, सभी कक्षा संचालकों को मंच से बोलने का अवसर देकर उनके नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास पर भी जोर दिया जाएगा। समिति ने बताया कि यज्ञ सामग्री और प्रसाद की व्यवस्था स्वयं समिति करेगी।

बैठक में यह भी तय किया गया कि अगस्त माह का वैदिक देव यज्ञ श्री राम ग्लोबल योग साधना केंद्र, विकल्प खंड, गोमती नगर में आयोजित होगा। इस अवसर पर पीयूष कांत, सुरेन्द्र रस्तोगी, अनिल कुमार गुप्ता, जवाहर लाल, उपासना, शेर बहादुर थापा, जमुना शाह, राजेंद्र बडोला सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

# बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत, पांच बेटियां हुईं बेसहारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के चंद्रिका देवी रोड स्थित कठवारा गांव के बाहर पेट्रोल पंप के सामने शनिवार शाम तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने पुलिस और एंबुलेंस के समय पर मौके पर न पहुंचने का आरोप लगाया है। घायल को परिजन निजी वाहन से अस्पताल ले गए, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर किए जाने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, कठवारा गांव निवासी अच्छेलाल उर्फ छोटू (42) शनिवार शाम करीब चार बजे पेट्रोल पंप के सामने सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस कंट्रोल रूम के साथ एंबुलेंस को सूचना दी।परिजनों का आरोप है कि काफी देर तक न पुलिस पहुंची और न ही एंबुलेंस। घायल की हालत लगातार बिगड़ती देख परिजन उसे निजी वाहन से साढ़ामऊ स्थित 100 शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान अच्छेलाल ने दम तोड़ दिया।

मृतक की पत्नी रीता ने बताया कि उनके पति मजदूरी कर पूरे परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी असमय मौत से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। अच्छेलाल अपने पीछे पत्नी के अलावा पांच नाबालिग बेटियां आंचल (14), पायल (13), शगुन (8), अनन्या (7) और सौम्या (3) को छोड़ गए हैं। परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य चले जाने से बेटियों के भविष्य को लेकर परिजन चिंतित हैं। परिजनों के अनुसार, हादसे के बाद बाइक चालक गोपाल यादव, निवासी ग्राम मंझी, थाना माल, बाइक समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

2027 की जंग जीतने को सपा ने कसी कमर, हर बूथ पर 10 नए मतदाता जोड़ने का दिया लक्ष्य

# संगठन की ताकत से बदलेगी सत्ता की तस्वीर : अम्ब्रीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय बिन्दौवा, मोहनलालगंज में रविवार को विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करते हुए बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने और चुनावी रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों, जोन प्रभारियों, पर्यवेक्षकों, सेक्टर प्रभारियों एवं बूथ प्रभारियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान प्रत्येक बूथ पर 10-10 नए मतदाता जोड़ने, अधिक से अधिक युवाओं को स्नातक मतदाता के रूप में पंजीकृत कराने तथा जोनवार जागरूकता बैठकों के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि बूथ जितना मजबूत होगा, 2027 की जीत उतनी ही सुनिश्चित होगी।



मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव प्रदेश की दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से पूरी ताकत के साथ बूथ स्तर पर जुट जाएं और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि शोषित, वंचित, गरीब, मजदूर, किसान और बेरोजगार युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजने और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। बैठक में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष राज किशोर रावत उर्फ राजू, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य राम किशोर रावत, जिला उपाध्यक्ष अजमेर सिंह यादव, नवनीत सिंह, अशर्फी लाल धीमान, जिला सचिव लवकुश यादव, विनोद बाबू, मो. रईस, अरुणेश प्रताप सिंह उर्फ दल्लू, नितुल शर्मा, संतराम रावत, अजेन्द्र यादव, मुलायम यादव, राम सरोहन यादव, सभासद राजू कुरैशी, सुरेन्द्र कनौजिया, सुरेश कश्यप, शनि सिंह यादव, राजेश कुमार रावत, डॉ. राम नारायण, अरविन्द कुमार यादव उर्फ गुड्डन, महादेव रावत, हरिनाम यादव, दिनेश यादव, सुमन यादव, गुड्डू यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्र हित में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू होना जरूरी : दीपक शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष एवं कैसरबाग कार्यालय प्रभारी दीपक कुमार शुक्ला 'दीपू' का जन्मदिवस रविवार को भाजपा महानगर कार्यालय में हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने केक काटकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की।



समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दीपक कुमार शुक्ला 'दीपू' संगठन के समर्पित, कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रहित एवं समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वक्ताओं ने बताया कि श्री शुक्ला पिछले 16 वर्षों से निरंतर फलाहार व्रत का पालन कर रहे हैं। व्रत पूर्ण होने के अवसर पर वे प्रतिवर्ष विशाल भंडारा, सुंदरकांड पाठ, रामायण पाठ एवं अन्य धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज को एकता एवं सेवा का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि श्री शुक्ला समाज के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उनके द्वारा समय-समय पर वस्त्र वितरण, भोजन वितरण, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता तथा निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग जैसे अनेक जनहितकारी कार्य किए जाते हैं, जिनकी समाज में व्यापक सराहना होती है। इस अवसर पर अपने संबोधन में दीपक कुमार शुक्ला 'दीपू' ने सभी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के संतुलित एवं सुनियोजित विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से जनसंख्या नियंत्रण को लेकर प्रभावी नीति एवं कानून बनाने पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश के संसाधनों पर दबाव बढ़ा रही है और राष्ट्रहित में इस विषय पर समय रहते ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

# डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर में मंडलीय गन्ना विकास समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामकोट सीतापुर। उप गन्ना आयुक्त, लखनऊ राजेशधर द्विवेदी के निर्देशन में शनिवार को डालमिया चीनी मिल, जवाहरपुर के सभागार में मंडलीय गन्ना विकास समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लखनऊ मंडल की सभी चीनी मिलों के गन्ना विकास कार्यों एवं आगामी पेराई सत्र की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उप गन्ना आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों एवं चीनी मिल प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गन्ना विकास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने आगामी पेराई सत्र की सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया। समीक्षा बैठक में गन्ना सर्वे, विकास कार्य, समिति संचालन तथा अन्य विभागीय बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में मंडल के सभी जिला गन्ना अधिकारी, महाप्रबंधक (गन्ना), समिति सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर की ओर से महाप्रबंधक (गन्ना) आज़ाद सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान जवाहरपुर चीनी मिल के सहायक अधिशासी निदेशक सुधीर वर्मा ने उप गन्ना आयुक्त राजेशधर द्विवेदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# पत्रकारों की आवाज़ को मिलेगा संगठित मंच, जनहित प्रेस पत्रकार एसोसिएशन ने सकरन ब्लॉक इकाई का किया गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन (सीतापुर)। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने और पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई को धार देने के उद्देश्य से रविवार को सकरन ब्लॉक सभागार में जनहित प्रेस पत्रकार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन की सकरन ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा तथा हर परिस्थिति में पत्रकारों के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अनिल यादव को सकरन ब्लॉक अध्यक्ष तथा संतोष कुमार मिश्रा को ब्लॉक प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन विस्तार के तहत सुधीर सिंह, अरविंद अवस्थी, राजकुमार राजपूत, राकेश राजपूत एवं अमित अवस्थी सहित कई पत्रकारों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण कर एकजुट होकर पत्रकार हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की रीढ़ हैं, लेकिन अनेक बार उन्हें विषम परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है। ऐसे समय में संगठन हर पत्रकार के सुख-दुख में मजबूती से खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि जनहित प्रेस पत्रकार एसोसिएशन केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाला मजबूत मंच है। सभी पत्रकारों से संगठन को अपना परिवार मानते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

बैठक में प्रदेश सचिव एस.के. जायसवाल, अखिलेश मिश्र, सर्वेश शुक्ला, शैलेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन को गांव-गांव और ब्लॉक स्तर तक मजबूत बनाने तथा पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का संकल्प भी लिया गया।

# दुकान पर कब्जा करने के बाद धन उगाही की कोशिश, हनी गैंग ने पीड़ित को बनाया शिकार, मुकदमा लिखाने की दे रही धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामपुर कला। धन उगाही गैंग ने भोले भाले एक ग्रामीण को अपना शिकार बना लिया। अपने साथी के साथ मिलकर पहले महिला ने पीड़ित की दुकान पर कब्जा किया। फिर धन उगाही की कोशिश कर रही है। पैसे न देने पर रेप जैसी गंभीर धाराओं में फर्जी मुकदमा लिखाने की धमकी भी दे रही है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दरअसल रामपुर कला थाना क्षेत्र के कन्दुनी निवासी राम लखन पुत्र रघुराज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कुछ दिन पहले उसके साढ़ू का बेटा दिनेश पुत्र नंद किशोर निवासी धौकलगंज थाना रामपुर कला उसके घर आया था तथा दुकान मांगी। किंतु पीड़ित ने दुकान देने से मना कर दिया था। उसके बाद भी बार बार वह आ कर पीड़ित से दुकान मांगने लगा। जिसके बाद करीब 25 दिन पहले पीड़ित राम लखन ने दिनेश को 3 से 4 महीनों के लिए व्यवहारिक रूप से दुकान दे दी। पीड़ित ने किराया लेने से भी मना कर दिया था। आरोप है कि इसके बाद आरोपी दिनेश ने अपना सामान रखने की बात कही व दुकान की चाबी ले ली। करीब तीन दिन बाद इसी दुकान पर आरोपी दिनेश एक महिला को लेकर के आया और पीड़ित को बताया कि यह महिला दिनेश के साथ 9 साल से रह रही है । इसका पति बैंक में था और कहीं भाग गया है। महिला काफी परेशान है। उसे इस दुकान में रहकर दुकान खोलने दीजिए। इसके बाद पीड़ित राम लखन ने दिनेश के कहने पर मानवता वश महिला को बिना किराया लिए ही दुकान खोलने की इजाजत दे दी। पीड़ित का आरोप है कि दुकान लेने के 5 दिन बाद से ही महिला बदतमीजी करने लगी। महिला का चलोचलन सही न होने के चलते पीड़ित ने महिला से दुकान खाली करने को कहा। इसके बाद आरोपी महिला पीड़ित पर झूठा रेप का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देने लगी। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने अपने साथी दिनेश के साथ मिलकर उसके साथ विश्वासघात किया है। आरोपी महिला उससे डेढ़ लाख रुपए मांग रही है। वह कहती है कि यदि पैसे नहीं दोगे तो दुकान खाली नहीं करेंगे और तुम्हारे व तुम्हारे बच्चों के ऊपर रेप का मुकदमा दर्ज करा देंगे तथा तुम्हें जेल भिजवा देंगे। जिससे पीड़ित काफी परेशान है। पीड़ित ने जब इस संबंध में आरोपी दिनेश से बात की, तो दिनेश ने पहले कहा कि 15 दिन में हम इसे हटवा देंगे। किंतु अब दिनेश उसी महिला के साथ मिलकर पीड़ित से ही अभद्रता कर रहा है। पीड़ित का आरोप है कि दिनेश ने आरोपी महिला के साथ मिलकर उसे अपने जाल में फसाया व अब डेढ़ लाख रुपए की धन उगाही करना चाह रहे हैं। पीड़ित के चार बेटे हैं। जिन्हें फसाने की धमकी भी महिला द्वारा दी जा रही है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी महिला पहले बच्चों को देवर कह कर बुलाती थी, फिर खुद हाथ पकड़ कर वीडियो बनाती थी और मुकदमा लिखाने की धमकी भी देती थी। आरोपी महिला की पहचान सरिता सिंह पत्नी अनुज सिंह निवासी कोडरा थाना रामपुर कला के रूप में हुई है। आरोपी महिला पीड़ित की मार्केट में बनी दुकान में चाऊमीन व आलू फिंगर बेचने का काम करती है। पीड़ित का आरोप है कि जब दिनेश को दुकान दी गई थी, तभी पीड़ित ने बताया था कि वह दुकान का किराया नहीं लेगा , किंतु जब उसे आवश्यकता होगी तो दुकान खाली करा लेगा। अब दुकान खाली करने की जब बात पीड़ित व उसके परिजनों द्वारा की जाती है, तो आरोपी महिला सरिता सिंह व उसके साथी दिनेश द्वारा उससे डेढ़ लाख रुपए की अवैध धन वसूली की मांग जा रही है। पैसे ना देने पर रेप जैसे गंभीर फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी भी आरोपी महिला सरिता सिंह व उसके साथी दिनेश द्वारा दी जाती है। आप भी सुने और देखें कि किस प्रकार पीड़ित ने आरोप लगाए हैं

बाइट पीड़ित- पीड़ित ने चौकी प्रभारी कन्दुनी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने जब महिला से बातचीत करके समझाने का प्रयास किया , तो आरोपी महिला सरिता पुलिस से ही उलझ गई व दुकान ना खाली करने की धमकी देने लगी। इस घटना से पीड़ित काफी डरा सहमा हुआ है। पीड़ित ने बताया कि जब वह आरोपी महिला से दुकान खाली करने को कहता है, तो आरोपी महिला द्वारा उसे बद्दी बद्दी गालियां व जाति सूचक अपशब्द कहे जाते है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी महिला सरिता द्वारा षड्यंत्र करके यह दुकान हथियाई गई है। इस षड्यंत्र में दिनेश ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई है। आरोपी दिनेश के साथ मिलकर आरोपी महिला सरिता पीड़ित से डेढ़ लाख रुपए की मोटी रकम की मांग कर रही है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक सीतापुर को प्रार्थना पत्र देने की बात कही है व कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जनता दरबार में मिलकर न्याय की गुहार लगाने की भी बात कही है। थानाध्यक्ष रामपुर कला लल्ला गोस्वामी ने बताया कि प्रकरण के विषय में उन्हें जानकारी नहीं थी जानकारी करके वैधानिक कार्रवाई कराई जाएगी।

# पीएम सूर्य घर योजना के बारे में दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जहांगीराबाद (सीतापुर)। संविदा कर्मी परिजन सेवा संस्थान द्वारा गत दिवस बिसवां तहसील के गांव बुढ़नापुर (भिठमनी) में पी0एम0 सूर्य घर योजना अंतर्गत जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहसिन अंसारी ने किया ।मुख्य अतिथि कौशल कुमार ने उपस्थित दर्जनों ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योजना ग्रामीणों को योजना के लाभ, उसकी पात्रता, आवेदन करने की प्रक्रिया और सोलर रूफटॉप स्थापना सम्बन्धी जानकारी दी साथ ही उपस्थित लोगों के प्रश्नों के उत्तर दिये गये और उनका समाधान प्रक्रिया भी समझायी गयी। अंत में व्यवस्थापक मो0 जुबेर ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान वारिस अली, आशीष यादव, राकेश कुमार, मो0 जावेद,जसीम, करीमुल्ला, कौशल कुमार , मोहर्रम अली, इस्लाम खां,मो0 जुबेर खां,मो0 फैसला, आर्यन वर्मा, अबू सहमा खां, छोटे व दीपक यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# खड़ंजा ईंट व सफ़ेद बालू से बन रहा अन्नपूर्णा भवन

## ठेकेदार भाजपा नेता के कार खास होने के कारण कर रहा मनमानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरगांव सीतापुर।अन्नपूर्णा भवन में मानक विहीन सामग्री लगाए जाने की शिकायत के बावजूद भी मौके पर जांच करने कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है।विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत नेवादा में क्षेत्र पंचायत निधि से अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है।जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से की गई है बावजूद इसके विकास खण्ड अधिकारी द्वारा जांच नहीं करवाई गई है।शिकायत में बताया गया है कि भवन निर्माण में ठेकेदार द्वारा अव्वल ईंट न लगाकर खड़ंजा ईंट और सफ़ेद बालू युक्त मसाला लगाया जा रहा है।भवन के बिम ढलान मे सटरिंग न लगाकर ईंटों को लगाकर बिम ढाला गया है जो कि वर्तमान में टेढ़ा-मेढ़ा है।घटिया निर्माण से भवन की अवधि कम होगी और सरकार की योजना पर पानी फ़ेर दिया जाएगा।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार भाजपा नेताओं का करीबी होने के कारण भवन निर्माण में मनमानी और मानक विहीन सामग्री का प्रयोग कर रहा।राजनीतिक तालमेल के कारण खंड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी जांच करवाने में अक्षम साबित हो रहे हैं।खण्ड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी का कहना है मेरी ड्यूटी बाहर चल रही है, निर्माण कार्य की जाँच कराई जाएगी।

# सपा जिलाध्यक्ष ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर 01 जुलाई से 07 जुलाई तक वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां के नेतृत्व में लगातार पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के पांचवे दिन रविवार को सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने शाहजहांपुर 135-नगर विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर और नवादा इंदेपुर में सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा के आवास के पास नहर किनारे वृक्षारोपण किया और सभी क्षेत्रवासियों के साथ पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराया। साथ ही आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए/सपा को भारी बहुमत से जिताकर अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। इस दौरान सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव परवेज अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, अरविंद पाल, रामवीर यादव, शुभम वर्मा, सुमित कुमार, धनंजय सिंह, राहुल पाल, अनूप शुक्ला, आशुतोष तिवारी, रवि वर्मा, एपी मिश्रा फौजी, नरेश यादव, रामपाल भोजवाल, रजत शुक्ला, कमल वर्मा, बृजेश फौजी, निखिल शर्मा, इम्तियाज अली, बसीम खान, कल्याण सिंह, रामदेव मिश्रा, रामरतन सिंह, विजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## नवागत थाना प्रभारी ने कहा कानून व्यवस्था होगी प्राथमिकता, अपराधियों पर रखी जाएगी कड़ी नजर

हरगांव सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरगांव थाने के नवागत थानाध्यक्ष निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद स्थानीय पत्रकारों से परिचयात्मक मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने,अपराध पर प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का भरोसा दिलाया।निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने कहा कि थाना परिसर में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाएगा और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। साथ ही पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा।थाना प्रभारी ने स्थानीय पत्रकारों से सहयोग बनाए रखने एवं कानून व्यवस्था में सहयोग किया जाने की अपील की है। इस दौरान स्थानीय पत्रकारों सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## जनपदीय पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने तथा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपदी पुलिस टीम ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, विद्यालयों, महाविद्यालयों सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के लिए उन्हें महिला हेल्पलाइन-1090, आपातकालीन सेवा-112, महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर हेल्पलाइन-1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, नाबालिगों को वाहन न चलाने देने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के संबंध में भी जागरूक किया।

# कूटरचित प्रपत्र तैयार कर फर्जी बैनामा करने का आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वाँछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।

बीती 14 मई को कोर्ट के आदेश पर थाना सदर बाजार में इसी थाना क्षेत्र के मोहल्ला बारादरी निवासी मोहम्मद शकील पुत्र वाहिद उल्ला आदि के खिलाफ धोखाधड़ी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि मोहम्मद शकील ने उसकी पैतृक जमीन के कूटरचित प्रपत्र तैयार किए और दूसरे व्यक्ति को उसकी जमीन का मालिक बताकर फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। इसी क्रम में आज सदर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त धोखाधड़ी का वांछित अभियुक्त मोहम्मद शकील पुत्र वाहिद उल्ला कहीं जाने की फिराक में छोटा कुतबां के पीछे खण्डहर के पास खड़ा है। सूचना पर तत्तकाल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छोटा कुतबां के पास से अभियुक्त शकील को गिरफ्तार किया। थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त मोहम्मद शकील के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव के साथ रिक्रूट कांस्टेबल अमित और रिक्रूट महिला कांस्टेबल शीतल मौजूद थे।

# जिला अस्पताल में फ़ेफड़ों के जटिल संक्रमण का सफल इलाज, युवक को मिला नया जीवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने अपनी विशेषज्ञता और आधुनिक उपचार पद्धति के बल पर फ़ेफड़ों के गंभीर संक्रमण से जूझ रहे एक युवक का सफल उपचार कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। यह सफलता जिला अस्पताल में उपलब्ध बेहतर चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की दक्षता का उदाहरण मानी जा रही है। मेडिसिन विभाग के चिकित्सक डॉ. अंशुल गुप्ता, डॉ. शिखर बाजपेई एवं डॉ. अरविंद वर्मा की टीम ने मरीज की गंभीर स्थिति का गहन परीक्षण करने के बाद इंटरकॉस्टल ड्रेनेज (आईसीडी) तथा स्ट्रेप्टोकाइनेज थेरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का सफलतापूर्वक उपयोग किया। उपचार के दौरान फ़ेफड़ों में जमा पस को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला गया, जिससे मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और उसकी जान बचाई जा सकी। चिकित्सकों ने बताया कि फ़ेफड़ों के गंभीर संक्रमण के मामलों में समय पर सही उपचार अत्यंत आवश्यक होता है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से ऐसे जटिल मामलों का भी प्रभावी इलाज संभव हो रहा है। इस उपलब्धि पर जिला अस्पताल की प्राचार्य डॉ. वाणी गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. आर.के. कोहली ने चिकित्सकों की पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में अब फ़ेफड़ों की जटिल बीमारियों के उपचार के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे जनपद के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल रही हैं और उन्हें इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल लगातार आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे गंभीर बीमारियों का उपचार भी अब जनपद स्तर पर संभव हो रहा है। इससे मरीजों का समय और धन दोनों की बचत होगी तथा उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

# यह सम्मान किसी व्यक्ति का नहीं, भाजपा के विचार और कार्यकर्ता संस्कृति का है : पूरन लाल लोधी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। भाजपा ब्रज क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी के जनपद बदायूं में प्रथम आगमन पर रविवार को पूरे जनपद में कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व उत्साह का माहौल देखने को मिला। पुठी सराय से लेकर कछला चौराहा तक विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहले से ही उनके स्वागत के लिए मौजूद रहे। ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी, पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों के बीच बड़ी माला से जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, पूर्व विधायक सिनोद शाक्य, वरिष्ठ नेता डीके भारद्वाज तथा जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता के निर्देशन में स्वागत कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली गई थीं। उन्होंने पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग स्वागत स्थलों की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसके चलते सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी का प्रथम स्वागत पुठी सराय में हुआ, जहां जनप्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख, चैयरमैन, पार्टी पदाधिकारी, बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाएं, पुष्प वर्षा, अंगवस्त्र तथा बड़ी माला कार्यकर्ताओं द्वारा पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। इसके बाद बिनावर में भी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत बदायूँ नगर में क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, राष्ट्रीय परिषद सदस्य हर प्रसाद सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विधायक प्रेम स्वरूप पाठक/विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व मंत्री भगवान सिंह शाक्य/पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य तथा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव के आवासों पर पहुंचे। तथा पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने मलगांव स्थित अपने पैतृक गांव त्रिलोकपुर एवं वरिष्ठ नेता डॉ शैलेश पाठक ने बदायूँ स्थित आदर्श मोटर्स पर स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन ढोल नगाड़ों, आतिशबाजी से किया। इसके पश्चात पूरन लाल लोधी उझानी स्थित बाबूजी कल्याण सिंह चौक पहुंचे, जहां उन्होंने बाबूजी कल्याण सिंह की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधि गण, पार्टी पदाधिकारियों के साथ माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद आयोजित स्वागत समारोह में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा से उनके आवास पर भेंट कर आशीर्वाद लिया तथा उन्होंने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इसके बाद कछला चौराहा पर आयोजित भव्य स्वागत समारोह में हजारों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और भाजपा के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी ने कहा भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा के बल पर सर्वोच्च दायित्व तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें क्षेत्रीय अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और यह सम्मान प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है। उन्होंने कहा बदायूं के कार्यकर्ताओं ने जिस आत्मीयता, स्नेह और भव्य स्वागत के साथ उनका अभिनंदन किया है, वह जीवनभर स्मरणीय रहेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का हृदय से धन्यवाद दिया साथ ही कहा यह स्वागत किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के विचार, संगठन और कार्यकर्ता संस्कृति का सम्मान है। आगे कहा वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा अभी से पूरी ताकत के साथ संगठन के कार्यों में जुट जाएं, बूथों को मजबूत करें और वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में पुनः प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लेकर कार्य करें।अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने स्वागत कार्यक्रमों को सफल बनाने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। आगे कहा बदायूं भाजपा परिवार ने अपने क्षेत्रीय अध्यक्ष के प्रथम आगमन को ऐतिहासिक बनाकर भाजपा की एकजुटता और कार्यकर्ता शक्ति का परिचय दिया।

इस अवसर पर रविन्द्र पाल सिंह, दीपमाला गोयल, जे.के सक्सेना, अनेकपाल सिंह, दिनेश कुमार सिंह, शिशुपाल शाक्य, अशोक भारतीय, यादवेंद्र सिंह शाक्य, ओम कृष्ण सागर, अनिल कुमार सिंह, जगदीश लोनिया, ओम प्रकाश सागर, धीरज सक्सेना, अतेंद्र विक्रम सिंह, सुभाष गुप्ता, शारदेन्दु पाठक, बुद्धपाल सिंह, राणा प्रताप सिंह, उमेश राठौर, सुधीर श्रीवास्तव, जोगेंद्र सिंह पटेल, एमपी सिंह राजपूत, उदयवीर दिवाकर, अनुज माहेश्वरी, विश्वजीत गुप्ता, अजय तोमर, सीमा राठौर, रचना शंखधार, आरती कश्यप, आशीष शाक्य, दुर्गेश वार्ष्णेय, कुंवर शिवम सिंह, मनोज शर्मा, किशन चंद्र शर्मा, सचिन अग्रवाल, सुनील सिंह, ललतेश ठाकुर, रितेश चौहान, केशव चौहान, धीरज पटेल, अनुज सक्सेना, पंकज सिंह, विजय शर्मा, वैभव शर्मा, राघव सिंह, अनुभव उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद, नवउदय शाखा चंदौसी द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

चंदौसी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत विकास परिषद, नवउदय शाखा, चंदौसी द्वारा रविवार प्रातः बहजोई रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए समाज को प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पौधारोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लिया।

कार्यक्रम में शाखा के अध्यक्ष एड.विष्णु शर्मा, सचिव मधुर वार्ष्णेय, प्रांत पर्यावरण संयोजक अतुल शंकर चौधरी, संयोजिका प्रीति कश्यप, मोहित गोयल, नितिन गुप्ता, देवेंद्र मालिक, प्रभाष शंकर चौधरी सहित अनेक परिषद सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। परिषद ने भविष्य में भी समाजहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## देशी तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसपी के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जार हे अभियान के क्रम में थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने एक देशी तमंचा व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बीती रात थाना सदर बाजार पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मोहल्ला चैकाला खां जाने वाले रोड मोड़ पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक शालीमार गार्डन की ओर से आ रहा है, जिसके पास एक अवैध तमंचा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ईदगाह तिराहे से कुछ आगे कब्रिस्तान किनारे पाकड़ के पेड़ के पास से उस युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम उपदेश पुत्र विश्वनाथ निवासी मोहल्ला मोहम्मद हद्दफ, थाना सदर बाजार बताया। पुलिस को जामा तलाशी पर उसके पास से एक देशी अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त उपदेश के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया और विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक नितिन कुमार और प्रियव्रत दुहूण के साथ कांस्टेबल परिक्षित सैनी आदि मौजूद रहे।

## मतदेय स्थलों के पुनर्गठन का आलेख्य प्रकाशित, आपत्तियां आमंत्रित

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-25 के प्रावधानों एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का सम्माजन कर लिया गया है। इसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 137-पलिया, 138-निघासन, 139-गोला गोकरननाथ, 140-श्रीनगर (अ0जा0), 141-धौरहरा, 142-लखीमपुर, 143-कस्ता (अ0जा0) एवं 144-मोहम्मदी के मतदेय स्थलों की प्रस्तावित सूची तैयार कर 04 जुलाई 2026 को आलेख्य के रूप में प्रकाशित कर दी गई है। यह प्रस्तावित सूची संबंधित तहसील कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय तथा डीईओ पोर्टल पर निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध है। इच्छुक नागरिक निर्धारित अवधि के भीतर किसी भी कार्य दिवस में संबंधित उप जिलाधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में अपनी आपत्ति एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला नवयुवक का शव

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो क्षेत्र के गांव जोरावरपुर में रविवार को एक नवयुवक का शव उसके कमरे में पंखा के हुक से झूलता मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव जोरावरपुर निवासी राजभवन वर्मा पुत्र माताफ़ेर वर्मा रविवार की सुबह काफी देर तक अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिजनों और ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया।कमरे के भीतर युवक का शव सीलिंग फैन से रस्सी के सहारे लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई।घटना की सूचना पर थाना जामों पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लिया। घटना पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है फिलहाल पुलिस द्वारा समस्त पहलुओं को ध्यान में रखते हुये जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हकीकत का पता चल सकेगा।

# चुन्नी से गला कसकर छात्रा की हत्या, मक्के के खेत में छिपाई लाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह मक्के के खेत में छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गला घोंटकर उसकी हत्या की गई है। परिजनों ने गांव के युवक और उसके पिता पर आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में लिया है। आपको बता दे कि बिल्सी थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी की हत्या कर दी गई। उसका शव रविवार को मक्के के खेत में मिला। किशोरी की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही एक युवक और उसके पिता को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।जानकारी के मुताबिक, रामपुर टांडा गांव निवासी शिवानी शनिवार सुबह नागा जूना इंटर कॉलेज से टीसी लेने घर से निकली थी। वह देर शाम तक वापस नहीं आई, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों को कोई सुराग नहीं मिला। शिवानी ने इसी साल इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। आरोपी की निशानदेही पर बरामद हुआ शव परिवार ने बताया कि गांव का एक युवक शिवानी को लगातार परेशान करता था। शनिवार सुबह भी युवक की शिवानी से लगभग 20 मिनट फोन पर बात हुई थी। शक के आधार पर परिजनों ने युवक से पूछताछ की। युवक की निशानदेही पर गांव के पास स्थित उसके मक्के के खेत से शिवानी का शव बरामद किया गया।मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि युवक और उसके पिता ने मिलकर शिवानी की हत्या की है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बिल्सी कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

परिजनों ने जुगेंद्र नामक युवक पर शिवानी की हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि जुगेंद्र ने चुन्नी से गला दबाकर शिवानी की जान ली। इस आरोप के आधार पर पुलिस ने जुगेंद्र के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत 13 पारिवारिक मामलों की हुई काउंसलिंग, 5 बिछड़े दंपतियों का फिर बसा घर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जनपद में संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना पुलिस ने पारिवारिक विवादों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए पांच बिछड़े दंपतियों का पुनर्मिलन कराकर उनके परिवारों को टूटने से बचाया। महिला थाना में आयोजित काउंसलिंग के दौरान कुल 13 पारिवारिक विवादों में सुलह-समझौते का प्रयास किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में नवागत प्रभारी निरीक्षक महिला थाना बबिता पटेल ने काउंसलर कुसुम गुप्ता एवं कय्यूम जरवानी के सहयोग से दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा वैवाहिक जीवन से जुड़े विभिन्न मामलों की गंभीरता से सुनवाई की। दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक समझाते हुए रिश्तों को बचाने का प्रयास किया गया।

काउंसलिंग के सकारात्मक परिणामस्वरूप पांच पति-पत्नी आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ रहने के लिए सहमत हुए, जिसके बाद उनकी विधिवत विदाई कराई गई। वहीं चार मामलों में पति-पत्नी के बीच गहरे मतभेद होने के कारण दोनों पक्षों को विचार करने के लिए समय दिया गया, जबकि चार मामलों में आपसी सहमति नहीं बनने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी रखने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान महिला थाना की महिला आरक्षी सुमन लता, सारिका चौहान एवं रेखा गौड़ ने भी काउंसलिंग प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। सुलह-समझौते के समय दोनों पक्षों के परिजन भी मौजूद रहे।

महिला थाना पुलिस ने उपस्थित लोगों को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ ही कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि परिवारों में संवाद और आपसी विश्वास बनाए रखने से अधिकांश विवादों का समाधान संभव है तथा महिला थाना भविष्य में भी ऐसे प्रयास लगातार जारी रखेगा।

# हरिओम राजेन्द्र ने सराय नदी किनारे रिवर फ्रंट पार्क बनाने की उठायी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हरिओम राजेंद्र बोले यह सिर्फ पार्क नहीं, शहर की नई पहचान बनेगा**

**वृद्धों के स्वास्थ्य, युवाओं के भविष्य और बच्चों की मुस्कान से जुड़ी पहल**

**कैंची पुल से पक्का पुल तक हरित कॉरिडोर विकसित करने की उठी मांग**



सीतापुर। शहर के बीचों-बीच बहने वाली सराय नदी के किनारे कैंची पुल से लेकर उजागर लाल इंटर कॉलेज स्थित पक्का पुल तक फैले वन क्षेत्र को ''सराय रिवर फ्रंट एवं पार्क'' के रूप में विकसित किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाने वाले लोक निर्माण संघ के संस्थापक हरिओम मिश्रा 'राजेंद्र' ने इस संबंध में एक विस्तृत प्रस्ताव रखते हुए कहा है कि यदि इस क्षेत्र को सुनियोजित ढंग से विकसित किया जाए तो यह न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि हजारों लोगों के स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक जीवन के लिए भी वरदान साबित होगा।

हरिओम राजेंद्र का कहना है कि वर्तमान में सुबह और शाम बड़ी संख्या में बुजुर्ग, युवा और महिलाएं टहलने के लिए कैंची पुल तक पहुंचते हैं। लेकिन वहां बैठने, विश्राम करने या सुरक्षित भ्रमण के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। यदि नदी किनारे हरियाली को संरक्षित रखते हुए वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के खेलने का क्षेत्र और आकर्षक रिवर फ्रंट विकसित किया जाए तो यह स्थान शहरवासियों के लिए स्वास्थ्य और सुकून का केंद्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बुजुर्गों को स्वच्छ वातावरण और नियमित सैर की सबसे अधिक आवश्यकता है। दूसरी ओर मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में उलझी युवा पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने के लिए ऐसे सार्वजनिक स्थलों का विकास बेहद जरूरी है। बच्चों को भी खुला और सुरक्षित वातावरण मिलेगा, जहां वे खेल सकेंगे और प्रकृति के बीच समय बिता सकेंगे।

हरिओम राजेंद्र ने कहा कि यह परियोजना केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन, सामाजिक सहभागिता और जनस्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी।

उनका मानना है कि यदि शासन-प्रशासन इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करे तो यह स्थल प्रधानमंत्री ''विकसित भारत'' की परिकल्पना के अनुरूप सीतापुर की पहचान बन सकता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुंदर और हरित शहर देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि यह सपना साकार होता है तो सराय नदी का यह किनारा केवल एक पार्क नहीं, बल्कि सीतापुर की नई पहचान और लोगों के जीवन में नई ऊर्जा का केंद्र बनेगा।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पीडीए वृक्षारोपण अभियान के तहत विधायक ने किया पौधरोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीए वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत महराजगंज नगर के जाकिर हुसैन नगर स्थित बाग में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बछरावां विधानसभा के विधायक श्यामसुंदर भारती ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर विधायक श्यामसुंदर भारती ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प भी लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि



समाजवादी पार्टी का पीडीए वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का भी महत्वपूर्ण अभियान है। कार्यक्रम में उपस्थित समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक लोगों से वृक्ष लगाने और उनकी सुरक्षा करने की अपील की। सभी ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी ताकि वे भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर समाज और पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के ज़ोनल प्रभारी फिरोज अहमद एडवोकेट, शब्बीर अहमद मंसूरी, आसिफ कुरैशी, सभासद मुश्ताक राइनी, पिंटू खान, संदीप वैश्य, रामसमुझ रावत, सोनू भारती, मुकीम मंसूरी एडवोकेट, रामचरन मौर्य, फारुख घोसी, आरिफ कुरैशी, तौफीक अहमद, कलाम कुरैशी, अमरेन्द्र राजपूत, अब्दुल हाई, तौफीक भाई सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे अभियान समाज में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी कराते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

# पालिकाध्यक्ष का संकल्प कर्मचारियों के हर वैध बकाये का होगा पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। नगर पालिका परिषद में कल का दिन कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए ऐतिहासिक बन गया। वर्षों से लंबित डीए, पीएफ, सेवानिवृत्ति लाभ एवं अन्य देयों का इंतजार कर रहे कर्मचारियों और पेंशनरों के चेहरों पर उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब नगर पालिका परिसर में आयोजित भव्य समारोह में पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रज़ा की मौजूदगी में कुल 4 करोड़ 40 लाख 47 हजार 621 रुपये की बकाया धनराशि का वितरण किया। करोड़ों रुपये का भुगतान होते ही पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया और कर्मचारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ दोनों नेताओं का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षों से लंबित वित्तीय देनदारियों का निस्तारण कर कर्मचारियों एवं पेंशनरों को आर्थिक राहत प्रदान करना था। बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी, उनके आश्रित, पेंशनर, नियमित कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद रहे। भुगतान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों ने इसे अपने जीवन का सबसे यादगार दिन बताते हुए कहा कि लंबे समय से अटकी धनराशि मिलने से अब परिवार की आर्थिक परेशानियां काफी हद तक दूर होंगी।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मदों में कुल 785 कर्मचारियों एवं पेंशनरों को भुगतान किया गया। वर्ष 2023 के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में करोड़ों रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई। वहीं पेंशनरों को महंगाई भत्ते (डीए) का भुगतान, नियमित कर्मचारियों को डीए की राशि तथा सामान्य एवं सफाई कर्मचारियों को लंबे समय से लंबित भविष्य निधि (पीएफ) का भुगतान भी किया गया। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी भुगतान नियमानुसार और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किए गए हैं।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने अपने संबोधन में कहा कि ''किसी भी संस्था की सबसे बड़ी ताकत उसके कर्मचारी होते हैं। यदि कर्मचारियों को समय पर उनका अधिकार और सम्मान मिले तो संस्था भी तेजी से आगे बढ़ती है। वर्षों से लंबित भुगतान कर्मचारियों के लिए आर्थिक और मानसिक परेशानी का कारण बना हुआ था। नगर पालिका द्वारा आज किया गया यह भुगतान केवल धनराशि का वितरण नहीं, बल्कि कर्मचारियों के सम्मान और उनके अधिकारों की पुनर्स्थापना है। हमारी प्राथमिकता हमेशा जनहित और कर्मचारी हित रही है तथा आगे भी कर्मचारियों के हर वैध अधिकार की रक्षा के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि ''नगर पालिका के विकास में कर्मचारियों की मेहनत और ईमानदारी सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे में उनका बकाया वर्षों तक लंबित रहना उचित नहीं था। हमने संकल्प लिया था कि कर्मचारियों के अधिकारों से कोई समझौता नहीं होगा और उसी संकल्प के तहत आज करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया है। भविष्य में भी यदि किसी कर्मचारी का वैध भुगतान लंबित पाया जाएगा तो उसका शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। नगर पालिका कर्मचारियों के सम्मान, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 2023 के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को 1 करोड़ 15 लाख 34 हजार 668 रुपये तथा दूसरे समूह के कर्मचारियों एवं आश्रितों को 2 करोड़ 25 लाख 22 हजार 419 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा 185 पेंशनरों को डीए के रूप में 11 लाख 80 हजार 325 रुपये, 39 कर्मचारियों को डीए मद में 94 हजार 772 रुपये, 357 नियमित कर्मचारियों को डीए के रूप में 47 लाख 72 हजार 936 रुपये तथा 111 सामान्य एवं सफाई कर्मचारियों को लंबे समय से लंबित पीएफ की 39 लाख 42 हजार 501 रुपये की राशि का भुगतान किया गया।

भुगतान प्राप्त करने वाले कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से बकाया राशि न मिलने के कारण उन्हें इलाज, बच्चों की शिक्षा और घरेलू जरूरतों के लिए आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा था। अब यह राशि मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। वहीं सफाई कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से अटकी पीएफ राशि मिलने से उनका भविष्य अधिक सुरक्षित होगा और नगर पालिका द्वारा कर्मचारियों के हित में उठाया गया यह कदम सराहनीय है। कार्यक्रम में अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि कर्मचारियों से जुड़े अन्य लंबित मामलों की भी लगातार समीक्षा की जा रही है और भविष्य में यदि किसी कर्मचारी का वैध भुगतान लंबित मिलता है तो उसका भी शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका कर्मचारियों के हितों की रक्षा और पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समारोह के दौरान उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष रमेश डी लाल, अरुण कुमार, अरुण दुलारे, राजू बाल्मीकि सहित अन्य पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा को पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सचिन सक्सेना ने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा और पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कर्मचारियों और पेंशनरों के चेहरों पर वर्षों बाद मिली राहत की मुस्कान साफ दिखाई दी। करोड़ों रुपये के इस ऐतिहासिक भुगतान को नगर पालिका परिषद बदायूं की कर्मचारी हितैषी पहल माना जा रहा है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ने के साथ-साथ प्रशासन और कर्मचारियों के बीच विश्वास भी और मजबूत हुआ है।

# योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर सीखे स्वस्थ रहने के तरीके

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । शहर के रानी बाजार स्थित रामजानकी धर्मशाला में आयोजित योग शिविर में उपस्थित योग साधकों ने सामूहिक रूप से एक साथ योगा भ्यास किया।योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी के मार्गद र्शन में साधकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास किया।योगाचार्य ने कहा कार्यक्र म का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक कर ना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।इस अवसर पर योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने पर भी जोर दिया।शिविर में शामिल लोगों ने योग से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी सुझाव और स्वस्थ रहने के तरीके सीखे।शिविर में उपस्थित योग साधकों ने कहा कि सामूहिक योग अभ्यास से सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ और इससे लोगों को स्वा स्थ्य के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिली।कार्य क्रम का समापन सभी के स्वस्थ और सुखद जीव न की कामना के साथ किया गया,शिविर में अमित गर्ग,मोनू अग्रवाल, मुकेश, अरिहंत, राजेश, अनमोल, ऋषभ, रचना, मीनू, नीतू, रोशनी, रुचि, मानसी, साधना, अन्नू, राशि ,नीलम, तेजस सहित अन्य ज़न मौजूद रहे।

# ग्रामीणों की सेहत का बना सहारा, पचपेड़वा में लगा नि:शुल्क मेडिकल कैंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। स्वास्थ्य सुविधाओं से दूर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए रविवार को ग्राम पचपेड़वा में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। प्रेरणा परियोजना के अंतर्गत सहयोजक कैथोलिक डायोसिस लखनऊ एवं नवजीवन हॉस्पिटल, नानपारा के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।शिविर में पहुंचे करीब 120 मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यक जांच के बाद मरीजों को रोग के अनुसार निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। नवजीवन हॉस्पिटल की ओर से डॉ. रोहित निषाद, डॉ. कुलदीप निषाद, डॉ. सर्वजीत सिंह एवं मनीष गुप्ता ने अपनी सेवाएं दीं। वहीं सहयोजक कैथोलिक डायोसिस लखनऊ की टीम से कोऑर्डिनेटर सिस्टर शालिनी, अमित कुमार वर्मा, रूबीना परवीन, मुस्कान श्रीवास्तव एवं निराश्री देवी ने शिविर की व्यवस्थाओं का संचालन किया। इस अवसर पर लवकुश अवस्थी एवं विक्रम वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक सराहनीय प्रयास बताया।

मेडिकल कैंप के दौरान ग्रामीणों में अच्छा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से दूर-दराज़ के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक समय पर चिकित्सा सुविधा पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# ब्लाक मुख्यालय तेजवापुर में सम्पन्न हुआ 344 जोड़ों का सामूहिक विवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के कुशल निर्देशन में विकास खण्ड मुख्यालय तेजवापुर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की 344 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक, धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड महसी से 178, तेजवापुर से 49, फखरपुर से 46 तथा शिवपुर की 71 कुल 344 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ। इस प्रकार कुल 344 जोड़ों में से 315 हिन्दू जोड़ों का विवाह विद्वान ब्राहमणों द्वारा हिन्दू रीति-रिवाजों से विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया जबकि 29 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने ने अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के साथ फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया तथा पाण्डाल में मुख्य वेदी पर यजमान के रूप में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, निदेशक चीनी नानपारा अखण्ड प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राम निवास जायसवाल, जिला मंत्री शशिकांत त्रिपाठी, समाजसेवी दिवाकर पाण्डेय, अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, बीडीओ प्रतीक यादव वर वधु के अभिभावकों व इष्टमित्रों के साथ कन्या पूजन के साथ वैदिक रीति-रिवाज के साथ कन्यादान किया तथा वर वधू को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आर्शीवाद दिया।

वैवाहिक कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन द्वारा जयमाल पण्डाल तथा निकाह घर में जाकर नव विवाहित दम्पत्तियों पर पुष्प वर्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान कर नव दम्पत्तियों को वैवाहिक सामग्री और मिष्ठान का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक महसी श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की दूरदर्शिता का परिणाम है कि सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत प्रदेश की गरीब बेटियों की शादी धूमधाम के साथ सम्पन्न हो रही है। योजना की विशेषता यह है कि लाभार्थी परिवार की बेटियों का विवाह उनकी सामाजिक एवं धार्मिक मान्यता तथा रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया जाता है। श्री सिंह ने आमजन का आहवान किया कि इस महत्वाकांक्षी योजना का भरपूर लाभ उठायें। कार्यक्रम के अन्त में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय ने नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर बधाई देते हुए आगन्तुको के प्रति आभार ज्ञापित किया। वैवाहिक कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन द्वारा नव विवाहित दम्पत्तियों पर पुष्प वर्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान कर नव दम्पत्तियों को वैवाहिक सामग्री और मिष्ठान का भी वितरण किया गया।

# 7 जुलाई को गरजेंगे योगी, विकास और सुशासन का देंगे संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**योगी का सुलतानपुर दौरा 7 जुलाई को, जनसभा को करेंगे संबोधित**

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने बैठक कर जिला पदाधिकारियों को सौपी जिम्मेदारी**

**81 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री योगी**

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार, 7 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर सुलतानपुर पहुंचकर जनपद को 81 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ ही विवेकनगर स्थित जीआईसी सर्कस ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन ग्राउंड में बने हैलिपैड पर उतरेंगे।इसके बाद वह प्रशासनिक समीक्षा बैठक के बाद सुलतानपुर एवं इसौली विधानसभा क्षेत्र की 81 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा जनपद के विकास को नई गति और दिशा देने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लगभग 12.30 बजे विवेकनगर स्थित जीआईसी सर्कस ग्राउंड पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने जिला पदाधिकारी व मण्डल अध्यक्षों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।रघुवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है।जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठन पूरी ताकत के साथ जुट गया है।

# गरीब ब्राह्मणों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करेगा ब्राह्मण चेतना मंच : नितिन मिश्र

## ग्रामसभा रैंचा में संपन्न हुई ब्राह्मण चेतना मंच की मासिक बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। ब्राह्मण चेतना मंच की पहली मासिक बैठक रविवार को ग्रामसभा रैंचा में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान संगठन के विस्तार, सामाजिक एकता तथा समाजहित के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्राह्मण चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन मिश्रा ने कहा कि मंच गरीब ब्राह्मण परिवारों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को हरसंभव सहयोग प्रदान करना, शिक्षा को बढ़ावा देना, युवाओं को संगठित करना तथा समाज में एकता और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन को गांव-गांव तक सशक्त बनाने और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक राम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि समाज की उन्नति संगठन की मजबूती और आपसी एकजुटता में निहित है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण चेतना मंच जरूरतमंद परिवारों के लिए एक सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने सभी लोगों से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया तथा नियमित रूप से मासिक बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अंत में सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक राम प्रकाश पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, अमरदीप तिवारी, सत्यवान पाण्डेय, भीमसेन पाण्डेय, सत्येन्द्र पाण्डेय, इन्द्रभान मिश्र, राज प्रकाश तिवारी, रामलौट तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग एवं संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# हाथों की स्वच्छता से आ सकती है 44 फीसदी नवजात मृत्यु में कमी

**सिर्फ 40 सेकंड की सावधानी, नवजात के लिए सुरक्षा कवच**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मानसून की दस्तक के साथ जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान पूरी रफ्तार पर है। साफ-सफाई और मच्छरों के खात्मे के साथ ही स्वास्थ्य विभाग यहां श्शून्य लागतश वाले एक बेहद प्रभावी श्लाइफ-सेविंग फॉर्मूलेश को बढ़ावा दे रहा है। यह फॉर्मूला है हाथों की स्वच्छता। चिकित्सकों के अनुसार, सिर्फ 40 सेकंड तक साबुन-पानी से हाथ धोना नवजात को जानलेवा संक्रमणों से सबसे बड़ी सुरक्षा दे सकता है। एसएनसीयू इंचार्ज व नवजात रोग विशेषज्ञ डॉ. असद अली के अनुसार, कोरोना काल की तरह ही नवजात शिशुओं की सुरक्षा के लिए भी बार-बार हाथ धोना सबसे बड़ा हथियार है। ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि जन्म के शुरुआती 28 दिन सबसे नाजुक होते हैं और इस दौरान शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर होती है। मानसून की नमी में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं, जिससे गंदे हाथों के संपर्क में आने से नवजात को सेप्सिस (खून का संक्रमण), निमोनिया और गंभीर दस्त जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

नोडल संचारी रोग डॉ. आर.एन. वर्मा के अनुसार, खेत, बाजार या बाहर से लौटे लोग जब बिना हाथ धोए बच्चे को छूते हैं, तो उनके हाथों के कीटाणु नवजात तक पहुंच जाते हैं। अनजाने में किया गया यही स्नेह संक्रमण का कारण बनता है। क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता सरोजनी बताती हैं कि शुरुआत में लोग हाथ धोने का महत्व नहीं समझते थे। लेकिन जब गृह भ्रमण के दौरान हमने शिशु को छूने से पहले खुद अपने हाथ साबुन-पानी से धोया और माताओं को हाथ धुलने के सभी चरण सिखाए, तो उनके व्यवहार में बड़ा बदलाव आया। अब परिवार के सदस्य खुद आगे बढ़कर बच्चे को छूने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना सुनिश्चित करने लगे हैं।

डब्ल्यूएचओ और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, नवजात को छूने से पहले साबुन-पानी से हाथ धोने की आदत शिशु मृत्यु दर में 40 से 44 प्रतिशत तक कमी ला सकती है। इससे बच्चों में डायरिया के मामले 30 से 40 प्रतिशत और निमोनिया व श्वसन संक्रमण 25 से 50 प्रतिशत तक कम हो जाते हैं। नोडल संचारी रोग डॉ. आर.एन. वर्मा के अनुसार, नवजातों के लिए जानलेवा साबित होने वाले सेप्सिस (खून के संक्रमण) के खिलाफ भी यह स्वच्छता सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना है। हमारी आशा और एएनएम कार्यकर्ता घर-घर जाकर परिवारों को जागरूक कर रही हैं कि बच्चे को छूने, स्तनपान कराने, नैपी बदलने या बाहर से आने पर हाथ अवश्य धोएं। यह छोटी सी आदत शिशु मृत्यु दर को कम करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। सीएमओ ने आमजन से अपील की है कि शिशु को गोद में लेने या छूने से पहले, माता द्वारा शिशु को स्तनपान कराने से पहले, बच्चे के कपड़े या नैपी/डायपर बदलने के बाद, शौचालय का उपयोग करने या बाहर से घर लौटने के बाद हाथ अवश्य धोएं ।

# भारत विकास परिषद् के सेवा अभियान में उमड़ा जनविश्वास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। भारत विकास परिषद्, शाखा कुशभवनपुर द्वारा रविवार को आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 450 मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्राप्त कर लाभ उठाया। शिविर का आयोजन मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से किया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तूलिका कसौधन एवं विशिष्ट अतिथि चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा सामूहिक वन्दे मातरम् गायन के साथ किया गया। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ से आए डायरेक्टर ऑर्थोपेडिक्स डॉ. धर्मेंद्र सिंह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर बरनवाल सहित मेदांता की नर्सिंग टीम ने मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया वही विशेषज्ञ चिकत्सको ने परामर्श प्रदान किया। इसके साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया तथा शुगर, रक्तचाप (बीपी), ऑक्सीजन स्तर एवं बीएमडी (हड्डियों की घनत्व) जांच की सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। यहाँ कार्यक्रम संयोजक विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर की सफलता परिषद् के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। सभी ने सेवा भाव के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर आयोजन को सफल बनाया। मीडिया प्रभारी दीपक जायसवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद् के पाँच सूत्र-संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण को चरितार्थ करते हुए यह सेवा कार्य आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि परिषद् का उद्देश्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष रविकांत अग्रहरि एवं सचिव सच्चिदानंद माधव ने मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों, नर्सिंग टीम, सहयोगी संस्थाओं, परिषद् के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं शिविर में पहुंचे नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर को सफल बनाने में अरुण श्रीवास्तव, आलोक कनोडिया, प्रवीण अग्रवाल पिंटू आदित्य अग्रहरि, प्रभात मिश्रा, रवि अग्रहरि, रचना अग्रवाल, श्वेता कसौधन, अंजना कानोड़िया, विशाल गुप्ता, अभिषेक सागर, सुनील जायसवाल, अलंकार टंडन, अमित बरनवाल, अभिषेक बरनवाल, ओमप्रकाश सोनी,रवि रस्तोगी, मनोज बरनवाल, अतुल कसौधन, प्रशांत टंडन, शैलेंद्र बरनवाल, दिनेश कसौधन, अनुराग श्रीवास्तव, गौरव दास सहित अनेक सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 45 की उम्र में सोशल मीडिया वाला इश्क! दो बच्चों की मां 400 किमी दूर आशिक के पास पहुंची, पुलिस ने मध्यप्रदेश से किया बरामद,कई घंटे की समझाइश के बाद लौटी घर

पूरनपुर। सोशल मीडिया पर शुरू हुई दोस्ती कब प्रेम संबंध में बदल गई, इसका अंदाजा महिला के परिवार को तब हुआ जब वह अचानक घर से लापता हो गई करीब एक सप्ताह पहले घर से गायब हुई लगभग 45 वर्षीय विवाहिता को पुलिस ने मध्यप्रदेश के ग्वालियर क्षेत्र के एक कस्बे से सकुशल बरामद कर लिया महिला दो बच्चों की मां है उसके गायब होने के बाद पति ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी पुलिस ने सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से महिला की लोकेशन मध्यप्रदेश में ट्रेस की इसके बाद टीम ने वहां पहुंचकर महिला को उसके कथित प्रेमी के साथ बरामद कर लिया और दोनों को पूरनपुर थाने लेकर आई बताया जा रहा है कि महिला का सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवक से संपर्क हुआ था धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए इसी प्रेम के चलते महिला अपना बसा-बसाया परिवार छोड़कर करीब 400 किलोमीटर दूर अपने प्रेमी के पास चली गई महिला के दो बेटे हैं, जिनमें एक लगभग 22 वर्ष का और दूसरा भी वयस्क है मां के अचानक लापता होने से पूरा परिवार गहरे सदमे में था थाने में महिला से परिजनों और परिचितों ने कई घंटे तक बातचीत की काफी समझाने-बुझाने के बाद महिला आखिरकार अपने बच्चों और परिवार के पास लौटने के लिए तैयार हो गई इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है ।

## किसान का बैल चोरी, 500 मीटर दूर मिला कटा सिर

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के केशापट्टी गांव में एक किसान का बैल गायब होने और घर से करीब 500 मीटर दूर झाड़ियों के बीच कटा सिर मिलने से सनसनी फैल गई। पीड़ित परिवार ने बैल चोरी कर काटे जाने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस का कहना है कि बरामद सिर पुराना प्रतीत होता है और बैल की तलाश की जा रही है। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम केशापट्टी निवासी हरीलाल के घर से शुक्रवार की रात उनका एक बैल गायब हो गया। शनिवार सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर उसी बैल का कटा सिर मिलने पर परिवार ने बैल चोरी कर काटे जाने का आरोप लगाया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पीड़ित किसान की पत्नी शकुंतला ने बताया कि खेती-किसानी के लिए उन्होंने दो बैल पाल रखे थे। घटना से दो दिन पहले एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर बैल खरीदने के लिए आया था। मना करने के बाद वह चला गया। उनका आरोप है कि उसी के बाद उनका एक बैल चोरी हो गया। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में शिवगढ़ थाना प्रभारी परशुराम ओझा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया बैल चोरी कर ले जाए जाने की संभावना है। उनके अनुसार, बैल काफी आक्रामक था और अक्सर रास्ते में बांधा जाता था। बैल के संबंध में कुछ सुराग मिले हैं और उसे जल्द बरामद कर लिया जाएगा। थाना प्रभारी ने कटा सिर मिलने के संबंध में कहा कि जिस स्थान पर सिर मिला है, वहां पहले से पुरानी हड्डियां भी पड़ी थीं। उनके अनुसार, बरामद सिर पुराना प्रतीत होता है। वहीं किसान का कहना है कि कटा सिर उसके ही बैल का है। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

## मेरी छबि धूमिल करने का कुचक्र रचने वालों को जनता जबाब देगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा अहोरवा भवानी में जमीनी विवाद में एक अधिवक्ता की तहरीर पर दर्ज किये गये मुकदमे पर सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि हमें पुलिस प्रशासन एवं न्यायालय पर पूर्ण भरोसा है। मेरी छबि धूमिल करने के लिये यह कुचक्र रचा गया है क्योंकि मैं पासी बिरादरी का हूं। उन्होंने कहा कि मैने सातन पुरवा गांव निवासी अयाज से बीते वर्ष भूमि एवं मकान का बैनामा लिया जो कि दाखिल खारिज भी हो गया है जिसके अभिलेख भी मेरे पास मौजूद है।अगर प्रतिपक्षीगणों के पास कोई अभिलेख है तो वह सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि मैं सिंहपुर विकास क्षेत्र में दबंगई नही चलने दूंगा इसके लिये मुझे चाहे जो कुर्बानी करनी पड़े। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि कुछ लोग मेरा विरोध सिर्फ इसलिये कर रहे हैं कि मैं पासी बिरादरी का हूं जो कि मुझे बदनाम करने की कोशिश एवं कूटनीतिक साजिश रच रहे हैं लेकिन उनके मंसूबों को कामयाब नही होने दिया जायेगा।

# उपसरपंच गुड़ की चाय का चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। महाराष्ट्र की सुप्रसिद्ध 'उपसरपंच गुड़ की चाय' का भव्य उद्घाटन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने फीता काटकर किया। शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास खुली इस चाय की दुकान में अब शहरवासियों को बिना चीनी, केवल शुद्ध गुड़ से बनी चाय का स्वाद मिलेगा।उद्घाटन के दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने चाय की पहली चुस्की लेकर इसके स्वाद की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुड़ से बनी चाय सेहत के लिए फायदेमंद होती है। यह पहल स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाएगी और लोगों को एक नई पहचान देगी। पालिका प्रशासन ऐसे उद्यमियों को हमेशा सहयोग देगा।

कार्यक्रम के आयोजक नदीम अहमद साबरी ने बताया कि महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों में प्रसिद्ध उपसरपंच गुड़ की चाय अब पूरनपुर में भी उपलब्ध होगी। गुड़, अदरक और विशेष मसालों से तैयार होने वाली यह चाय शुगर के मरीजों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए बेहतर विकल्प है। दुकान में कुल्हड़ में परोसी जाने वाली चाय का स्वाद एक बार लेने वाला बार-बार आएगा।उद्घाटन समारोह में व्यापारी, समाजसेवी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नदीम अहमद साबरी को इस नए उद्यम के लिए बधाई दी और पूरनपुर में स्वस्थ पेय की नई शुरुआत की सराहना की।

# भारत विकास परिषद की कार्यशाला में समाज विकास और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, संजय गांधी पार्क में हुआ पौधारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।भारत विकास परिषद, पूरनपुर शाखा द्वारा नगर पालिका सभागार में समाज विकास, सेवा और पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक गरिमामयी कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए परिषद के सेवा कार्यों की सराहना की कार्यशाला में प्रांत अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, प्रांतीय महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना, प्रांतीय संरक्षक के. बी. अग्रवाल, जिला प्रभारी एस. पी. एस. संधू तथा डॉ. विनय गुप्ता सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज निर्माण, सेवा और संस्कार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे कार्यक्रम के समापन पर परिषद के पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने संजय गांधी पार्क में सामूहिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इस दौरान सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है उन्होंने सफल आयोजन के लिए परिषद की पूरी टीम को बधाई दी इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सचिव अनिल शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, महिला प्रमुख संगीता सिंघल, अरविंद वर्मा, डॉ. यू. आर. मीत, कोषाध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, जुगराज सिंह, विवेक वर्मा, अंकुश खंडेलवाल, ऋषभ अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे हैं।

# तहसील भवन ध्वस्तीकरण में सुरक्षा मानकों की अनदेखी मजदूरों की जान जोखिम में, एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। तहसील के पुराने भवन को ध्वस्त करने का कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है, लेकिन इस दौरान श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है मजदूर बिना हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के कई फीट ऊंचाई पर चढ़कर भवन को तोड़ते दिखाई दे रहे हैं मौके पर सुरक्षा जाल, बैरिकेडिंग और अन्य सुरक्षा इंतजाम भी नहीं किए गए हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है स्थानीय लोगों का कहना है कि ध्वस्तीकरण कार्य में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कराया जा रहा है यदि मलबा गिरने या ऊंचाई से श्रमिक के फिसलने जैसी घटना होती है, तो गंभीर जनहानि हो सकती है इसके बावजूद संबंधित ठेकेदार द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं की अनदेखी की जा रही है मामला सामने आने के बाद लोगों ने प्रशासन से ध्वस्तीकरण कार्य की जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने तथा सभी श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि भवन ध्वस्तीकरण के लिए ठेकेदार को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए थे यदि बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य कराया जा रहा है तो मामले की जांच कराई जाएगी और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा

# सिरसा चौराहा बना 'अवैध बस स्टैंड' का गढ़

## हाईवे पर कब्जा, फुटपाथ गायब... आखिर किसके संरक्षण में चल रहा उगाही का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेशभर में अवैध अतिक्रमण, भू-माफियाओं और सार्वजनिक संपत्तियों पर कब्जे के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं सरकार का स्पष्ट संदेश है कि नेशनल हाईवे, मुख्य मार्गों और फुटपाथों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसके बावजूद पूरनपुर का सबसे व्यस्त सिरसा चौराहा इन निर्देशों को खुली चुनौती देता दिखाई पड़ रहा है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अतिक्रमण और अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त अभियान के बावजूद पूरनपुर का सबसे व्यस्त सिरसा चौराहा आज भी अवैध बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड और कथित उगाही के खेल का केंद्र बना हुआ है हालात ऐसे हैं कि दिन ढलते ही नेशनल हाईवे की पटरी और फुटपाथ पर बसों, टैक्सियों और अन्य वाहनों का कब्जा हो जाता है राहगीरों के लिए बनी फुटपाथ पूरी तरह गायब हो जाती है और लोगों को जान जोखिम में डालकर सड़क पर चलना पड़ता है स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाईवे किनारे खुलेआम बसों का संचालन, टिकट बुकिंग और वाहनों की आवाजाही कराई जाती है इसी दौरान कथित रूप से बसों और टैक्सियों से अवैध वसूली की भी चर्चाएं लगातार सामने आती रही हैं लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों से शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार का स्पष्ट आदेश है कि नेशनल हाईवे, सड़क की पटरियों और फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, तब आखिर सिरसा चौराहे पर यह व्यवस्था किसके संरक्षण में चल रही है? क्या जिम्मेदार विभागों की अनदेखी है, या फिर किसी प्रभावशाली संरक्षण के कारण कार्रवाई नहीं हो रही? यह सवाल अब आम जनता पूछ रही है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम के समय चौराहे पर बसों और टैक्सियों की अव्यवस्थित कतारें लग जाती हैं इससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

## रामगंज में जनप्रतिनिधियों ने प्रधानपति के निधन पर शोक जताया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत रामगंज की ग्राम प्रधान कृष्णा देवी के पति राजाराम पासी का रविवार को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया है इसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत रामगंज की ग्राम प्रधान कृष्णा देवी के पति राजाराम पासी इन दिनों अस्वस्थ्य चल रहे थे रविवार को उनका निधन हो गया। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। गांव स्थित पैतृक बाग में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, प्रधान संघ अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश यादव, ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल,बैजनाथ जायसवाल, कुलदीप मिश्रा, संजय मिश्रा, राहुल सिंह चौहान,अनिल देवा, मोहम्मद इलियास, मिंटू सिंह,अखिलेश सिंह, अमरजीत पाल, श्रीचंद्र चौरसिया, कार्तिकेय शुक्ला,सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों एवं सम्भ्रांत नागरिकों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

## सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख से मारपीट पर पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा अहोरवा भवानी में एक जमीनी विवाद को लेकर सरहंगो ने बैनामा की भूमि से मलबा हटवा रहे ब्लाक प्रमुख के साथ अभद्रता कर ईट पत्थर से वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया गया है और ब्लाक प्रमुख के सहयोगी पर प्राणघातक हमला कर करने का मामला सामने आया है जिस पर पुलिस ने पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र मोहनगंज के गांव सरदारगंज मजरे मत्तेपुर निवासी अंकित पासी ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि वह बीती पच्चीस जून को दोपहर में करीब ग्यारह बजे अहोरवा भवानी स्थित अपने बैनामा की जमीन से मलवा हटवा रहा था तभी विपक्षी गनेश कुमार और उनकी पत्नी पुष्परेखा, शिवा पुत्र गनेश कुमार अरविन्द पुत्र नंद किशोर, गोपी पुत्री गनेश कुमार लाठी डन्डे से लैश होकर आये और एलानिया जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करने लगे जब भू स्वामी ने उक्त जमीन का बैनामा उन्हे दिखाने का प्रयास किया तो उक्त लोग गाली देते हुये फौजदारी अमादा होकर लात घूसो एंव डण्डों से अंकित पासी और उनके साथ मौके पर मौजूद राजकुमार पासी, महेश कुमार, राज बहादुर को मारने पीटने लगे जिसके चलते राजबहादुर बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े शोरगुल मचाने पर कुछ लोगो के आ जाने पर उक्त लोग उनकी गाडी अल्टो कार गाडी नम्बर यूपी 32 ई एल 0453 को ईट पत्थर से क्षतिग्रस्त कर फरार हो गये। पुलिस ने अंकित पासी की तहरीर पर पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि उक्त मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## ब्लाक प्रमुख समेत चालीस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा अहोरवा भवानी में एक मकान के विवाद में अधिवक्ता गजेंद्र गुप्ता ने सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी समेत चालीस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गजेन्द्र गुप्ता ने लिखा है कि चालीस साल से बने मकान को जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया है और मारपीट के साथ ही नुकसान भी किया गया है।उन्होंने बताया कि उक्त भूमि का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है।

## आज टनकपुर - नांदेड़ एक्सप्रेस को केंद्रीय मंत्री हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद आज टनकपुर - नांदेड़ एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।इसके अतिरिक्त टनकपुर - पीलीभीत रेल सेवा का भी शाहजहाँपुर तक विस्तार किया जाएगा।इस अवसर पर पीलीभीत जंक्शन पर कार्यक्रम आयोजित कर इस नई रेल सेवा का शुभारंभ किया जाएगा जिसमें केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद उपस्थित रहेंगे इसके अतिरिक्त वर्चुअल रूप से केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी , महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस , केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह और केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा की उपस्थित रहने वाली है।इस रेल के संचालन से सिक्ख सम्प्रदाय के महाराष्ट्र स्थित पवित्र तीर्थ तख्त सचखंड श्री हज़ूर साहिब तक यात्रा सुगम हो जाएगी।ये पूरे जनपद के लिए गौरव का क्षण है।जब से जितिन प्रसाद पीलीभीत के सांसद और केंद्रीय मंत्री बने हैं तब से करीब एक दर्जन से अधिक रेल सेवाओं को स्वीकृति मिल चुकी है और संचालन भी शुरू हो गया है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने की दूसरी शादी, विरोध पर विवाहिता से मारपीट: मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पति व ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं विवाहिता का कहना है कि वर्ष 2022 में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह होने के बाद वह अपने पति के साथ हरिद्वार में रहती थी शादी के कुछ समय बाद ही पति ने अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी और मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट व मानसिक उत्पीड़न करने लगा पीड़िता का आरोप है कि अप्रैल 2026 में पति उसे हरिद्वार में छोड़कर गांव चला आया काफी इंतजार के बाद जब वह ससुराल पहुंची तो पता चला कि पति ने दूसरी महिला से विवाह कर लिया है विरोध करने पर पति ने कथित तौर पर दहेज न मिलने की बात कहते हुए दूसरी शादी करने की बात स्वीकार की और उसे घर से निकालने का प्रयास किया विवाहिता का आरोप है कि इस दौरान सास, ससुर और अन्य परिजनों ने उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी उसने नंदोई पर छेड़छाड़ और कपड़े फाड़ने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से मामले में एफआईआर दर्ज कराकर सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है फिलहाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सो रहे युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अतागंज (हसनपुर) गांव में शनिवार की शाम सोते हुए एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। कुल्हाड़ी से हमला करते आरोपी को घायल युवक ने पकड़ लिया. लेकिन मौके से भाग गया. घायल को जिला अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार संतोष पुत्र शिव मंगल यादव अपने परिवार के साथ तथा गांव रहते हैं. शिवमंगल डाक विभाग कर्मचारी हैं लेकिन लकवा मार देने की वजह से डाक वगैरह ले आने जाने का काम संतोष करता था. शनिवार की शाम बिजली न होने की वजह से वह घर के बाहर घाट पर सोया हुआ था. इसी दौरान सुरेश कुमार मोदनवाल पुत्र घनश्याम मोदनवाल कुल्हाड़ी लेकर अतागंज पहुंचा और बाहर सो रहे संतोष पर कुल्हाड़ी से हमला शुरू कर दिया. कुल्हाड़ी से उसने दो-तीन वार किये। चोट लगने के बाद भी संतोष ने कुल्हाडी पकड़ ली और शोर मचाना शुरू कर दिया। लेकिन जब तक लोग आते सुरेश मौके से भाग गया।

# भीषण गर्मी और प्रचंड धूप में भी गोमती मित्रों ने की सीता कुंड धाम की सफाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सवेरे से ही पढ़ने वाली भीषण गर्मी और प्रचंड धूप ने लोगों की दिनचर्या को अस्त व्यस्त कर दिया है, आम दिनों में तो रोजी-रोटी की बाध्यता बाहर निकलने को मजबूर कर देती है लेकिन रविवार को सब अपने घरों में कैद, लेकिन इसके उलट गोमती मित्रों के लिए रविवार का दिन व्यस्तता वाला होता है मौसम चाहे अनुकूल हो चाहे प्रतिकूल। सवेरे 6.00 बजे से श्रमदान, 12.00 बजे से आरती की तैयारी और फिर 6 से 8 आदि गंगा मां गोमती की आरती, रविवार 5 जून को भी प्रातः 6.00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान पूरे परिसर की सफाई के बाद 9.00 बजे समाप्त हुआ और तब जाकर पसीने से लथपथ गोमती मित्रों को सीता उपवन में पेड़ों की छांव में सुकून और आराम मिला। गोमती मित्र मंडल के स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के गंभीर प्रयासों से प्रभावित होकर राणा प्रताप पी. जी.कॉलेज के प्रोफ़ेसर सुनील त्रिपाठी की भी श्रमदान में विशेष उपस्थिति रही, अनौपचारिक वार्तालाप में उन्होंने कहा मैंने अपने जीवन में यह अकेला संगठन देखा जिसकी सक्रियता वर्ष के हर दिन धरातल पर दिखाई पड़ती है। श्रमदान में संरक्षक रतन कसौधन,प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन, प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, अजय प्रताप सिंह, राम क्विंचल मौर्या, राकेश सिंह दद्दू, सुनील त्रिपाठी, आलोक तिवारी, रामू सोनी, अभय सोनी, अभय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# 50 लाख से होगा पयागीपुर जलाशय का कायाकल्प : प्रवीण अग्रवाल

## पूजा अर्चना के साथ काम की हुई शुरुआत

## इन्टरलॉकिंग पाथ वे, हाईमास्ट लाइट,बैठने के लिए बेंच, ट्वायलेट व पौधरोपण की योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अगुवाई में लगातार विकास की बड़ी-बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतार रहा है। शहर के तालाबों को खूबसूरती बढाने व संवारने की दिशा में अब पयागीपुर जलाशय के भी सौंदरीकरण की आधारशिला रखी गई। 50 लाख से होने वाले तालाब के सुंदरीकरण में नागरिकों के घूमने के लिए पाथवे बैठने के लिए बेंच फूल पौधे लगाकर सुंदरता के साथ तालाब में स्वच्छ जल डालकर आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। यही नहीं तालाब के किनारे किनारे हरे-भरे पौधों को लगाकर पर्यावरण के संरक्षण की भी योजना बनाई गई है। रविवार को पूजा अर्चना के साथ पयागीपुर वार्ड के वरिष्ठ समाजसेवी पंडित राम शब्द मिश्र समेत सम्मानित नागरिकों की मौजूदगी में प्रवीण कुमार अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर इस योजना की शुरुआत की। स्थानीय सभासद गिरीश मिश्रा अखिलेश मिश्रा अरविंद यादव समेत आधा दर्जन सभासदों की मौजूदगी में इस कार्य को जनता के लिए समर्पित किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया उत्तर प्रदेश सरकार की महती योजना नगरीय झील तालाब पोखर संरक्षण योजना के तहत पुराने जीर्णशीर्ण तालाब के कायाकल्प हेतु शासन को भेजे गये प्रस्ताव की स्वीकृति मिली है। यह काफी पुराना तालाब है, जो अत्यन्त जीर्णशीर्ण व दयनीय अवस्था में था स्थानीय लोगों व सभासद द्वारा इसके जीर्णोद्धार की बराबर मॉग की जा रही थी जिसे देखते हुए पालिका द्वारा लगभग 50 लाख रूपये की लागत से लगभग 5ô80 वर्ग मीटर की भूमि में तालाब की खुदाई सफाई व किनारे मिट्टी पटान, तालाब के अन्दर बोल्डर पिचिंग, 260 मी0 इन्टरलॉकिंग पाथ वे, हाईमास्ट लाइट, बैठने के लिए बेंच, ट्वायलेट व पौधरोपण आदि कार्य कराते हुए मूलभूत सुविधाओं से लैस कर जनता को समर्पित किया जायेगा। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने वरिष्ठ समाज सेवी पंडित राम शब्द मिश्र के साथ वृक्षारोपण करते हुए स्थानीय जनमानस को ''एक पेड़ माँ के नाम'' लगाये जाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संयोजन स्थानीय सभासद गिरीश कुमार मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पालिका के सभासद अखिलेश मिश्र, अरविन्द यादव व सम्भ्रान्तजन नवीन अग्रवाल, मनोज पाठक, महेन्द्र पाठक, सतीश पाठक, हर्षू बरन उपाध्याय, धर्मदेव तिवारी, अमिताभ द्विवेदी, हरी पाठक, अशोक पाण्डेय, गोकरन पाठक, रवि पाठक, आशुतोष मिश्रा, सुधाकर पाठक, श्रीष मिश्रा, विमलेश पाठक, शिवाकान्त द्विवेदी, विश्वनाथ मिश्रा आदि स्थानीय नागरिकों सहित भारी संख्या में गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

## अनूप अग्रवाल ने किया पदाधिकारियों का मनोनयन, व्यापारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा और उत्पीड़न रोकने समेत कई मांगें उठीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, पीलीभीत की नई जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कर दिया गया। जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर अनुभवी और सक्रिय व्यापारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। नई टीम के गठन के साथ ही संगठन ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में व्यापारियों की समस्याओं और उनके अधिकारों की आवाज को मजबूती से शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने तथा व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इन पदाधिकारियों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां जिला कार्यकारिणी में विनीत अग्रवाल एवं अंकुर अग्रवाल को जिला महामंत्री बनाया गया। संगठन के संरक्षक के रूप में अश्विनी अग्रवाल (राइस मिलर), संजीव मोहन अग्रवाल एवं अजमेर सिंह छीना को जिम्मेदारी सौंपी गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नवीन लोधी, अखिलेश शुक्ला, कार्तिक भसीन, राजेंद्र अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, हरदेव सिंह नेगी एवं सुधीर पाल सिंह को मनोनीत किया गया। जिला उपाध्यक्ष के रूप में रवि बजाज, प्रेमचंद गोयल, सूरज गुप्ता, रवि अग्रवाल, आलोक बंसल तथा मदन अरोड़ा (मझोला) को दायित्व सौंपा गया। जिला मंत्री पद पर रचित अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, ताहिर अली, कौशल कुमार, अमृतपाल सिंह एवं नितिन गोयल को नियुक्त किया गया। जिला संगठन मंत्री के रूप में देवदत्त शर्मा, रचित गुप्ता एवं पवन अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई। राजेश कुमार को प्रचार मंत्री, मुकेश कुमार को मीडिया प्रभारी, संजय अग्रवाल को नगर अध्यक्ष बनाया गया। युवा इकाई में मोहित अग्रवाल (बीसलपुर) को युवा जिलाध्यक्ष, राकेश वर्मा को युवा नगर अध्यक्ष तथा निमित अग्रवाल को युवा नगर महामंत्री बनाया गया। वहीं राकेश अरोड़ा को मझोला नगर अध्यक्ष, निमिष को पूरनपुर नगर अध्यक्ष तथा वीरेन्द्र अग्रवाल को बीसलपुर नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता : अनूप अग्रवाल

जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि व्यापारियों के शस्त्र लाइसेंस से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। साथ ही व्यापारियों पर अनावश्यक रूप से लगाए जाने वाले भारतीय न्याय संहिता की पूर्ववर्ती धाराओं 411 एवं 412 जैसी कार्रवाई पर पुनर्विचार कर उसे समाप्त किया जाए। उन्होंने सभी व्यापारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की भी मांग उठाई।

### व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : विनीत अग्रवाल

जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। व्यापारी नियमित रूप से जीएसटी, आयकर और अन्य करों का भुगतान कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। ऐसे में सरकार को कर्मचारियों की तरह व्यापारियों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा सहित सामाजिक सुरक्षा योजनाएं लागू करनी चाहिए, ताकि व्यापारिक समुदाय को भी समान सुविधाएं मिल सकें। फूड सेफ्टी जांच में पारदर्शिता और जलभराव से राहत की मांग

जिला महामंत्री अंकुर अग्रवाल ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए जाने वाले सैंपलों की जांच प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए, जिससे व्यापारी और उपभोक्ता दोनों के हित सुरक्षित रह सकें। उन्होंने नगर क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा बरसात के दौरान बाजारों में जलभराव से व्यापारियों को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए प्रभावी नीति बनाने की मांग की। जिला मंत्री रचित अग्रवाल ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि सर्राफा कारोबार में तीन वर्ष पुरानी गिरवी रखी गई गांठों का ही लेखा-जोखा रखा जाए। इससे पहले की पुरानी गांठों के संबंध में किसी भी सर्राफ व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई न की जाए, ताकि व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। निर्बाध बिजली आपूर्ति पर भी दिया जोर

जिला संरक्षक संजीव मोहन अग्रवाल ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सुचारु संचालन के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि बार-बार बिजली बाधित होने से व्यापार प्रभावित होता है, इसलिए इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करने तथा व्यापारी हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# अपराधियों पर शिकंजा कसते हुये अपराध पर लगायें अंकुश : एसपी

अमेठी । पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपराध गोष्ठी का आयोजन पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मातहतों को दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# महुआ मोईत्रा पर हमला चिंताजनक

प. बंगाल में सत्ता परिवर्तन के साथ ही विपक्ष से बदले की राजनीति का ऐसा दौर शुरु हुआ है, जो न केवल बंगाल के लोगों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस को हरा कर भाजपा ने भारी बहुमत से जीत हासिल की और सरकार बना ली। इसके बाद टीएमसी में बड़ी फूट भी डाली जा चुकी है, जिसमें करीब 60 विधायक और 20 सांसद ममता बनर्जी के खिलाफ हो गए हैं। 20 सांसदों ने तो एनसीपीआई नाम की अनजान सी पार्टी में विलय भी कर लिया। इसी तरह कई पार्षदों को भी भाजपा ने तोड़ लिया है। अपने विरोधी को पूरी तरह कुचलने के लिए उसे कमजोर करने की रणनीति यहीं तक सीमित रहती तब भी समझ आता कि भाजपा राजनीति के चलते ऐसा कर रही है। लेकिन जिस तरह ममता बनर्जी के साथ बने रहने वाले नेताओं पर हमले हो रहे हैं, वह किसी नजरिए से राजनीति नहीं है, बल्कि विशुद्ध गुंडागर्दी है। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर भीड़ ने जैसा हमला किया था, वह वीडियो सार्वजनिक है, जिसमें नजर आ रहा है कि अभिषेक बनर्जी को बाकायदा हेलमेट पहनकर खुद को चोटिल होने से बचाना पड़ा। इसके बाद कुणाल घोष पर भी अंडे फेंककर हमला हुआ। अब टीएमसी की महिला सांसद महुआ मोईत्रा भाजपा के निशाने पर आई हैं। महुआ मोइत्रा बुधवार को नादिया में टीएमसी ममता बनर्जी गुट के कार्यकर्ताओं की मीटिंग में शामिल होने गईं थी। तभी पार्टी ऑफिस पर प्रदर्शनकारियों ने अंडों और टमाटर की बौछार कर दी। इस हमले के दौरान महुआ मोईत्रा ने इसका वीडियो ही बना लिया और साथ ही टीएमसी का झंडा लहराकर जतला दिया कि वे ऐसे हमलों से डरने वाली नहीं हैं। गौरतलब है कि बुधवार 1 जुलाई को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक वीडियो पोस्ट शेयर किया। वीडियो में महुआ मोइत्रा पार्टी ऑफिस बिल्डिंग की खिड़की से लोगों को अंडे फेंकते हुए दिखा रही हैं। उन्होंने वीडियो पोस्ट में आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा समर्थक एक घंटे से ज्यादा समय से लगातार पार्टी ऑफिस की खिड़की को निशाना बनाकर अंडे और सब्जियां फेंक रहे हैं। मैंने डीजीपी से भी बात की है। पुलिस काफी देर के बाद मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस ने हमला करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की और सिर्फ तमाशा देखती रही। घटना के बाद उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि वह डटी रहेंगी और टीएमसी का यह झंडा भी लहराता रहेगा। भाजपा किसी हालत में उन्हें चुप कराने में कामयाब नहीं हो पाएगी। बंगाल के ये हालत क्यों और कैसे बने इसके लिए अब भाजपा के शीर्ष नेताओं को जवाब देना ही होगा। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद कहा था कि बदला नहीं बदलाव की राजनीति होगी, लेकिन 4 मई को परिणाम आने के साथ ही जिस तरह पहले टीएमसी के दफ्तरों पर हमले हुए और अब नेताओं पर हमले हो रहे हैं, उसे किसी तरह सभ्य समाज और लोकतांत्रिक राजनीति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। हैरानी की बात यह है कि बंगाल भाजपा के नेता इस घटना पर शर्मिंदगी महसूस करने की जगह बेतुके बयान दे रहे हैं। जब महुआ मोइत्रा ने कहा कि हमले भाजपा की शह पर हो रहे हैं, हमला करने वाले लोगों ने भाजपा का झंडा थामा हुआ था और साथ ही उन्होंने उन 16 लोगों के नाम बताए और कहा कि ये सभी उन पर हुई भीड़ की हिंसा के पीछे थे। इस पर बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने पलटवार करते हुए कहा कि यह टीएमसी की अंदरुनी लड़ाई का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पुलिस कैसे पहचान सकती है कि किसके पास जेब में अंडे हैं? इसे पकड़ने के लिए कोई मशीन नहीं है। मेटल डिटेक्टर अंडे का पता नहीं लगाते, तो क्या हम कोई नई मशीन लाएं। इससे बंगाल की छवि खराब हो रही है। वहीं पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य मंत्री शारद्वत मुखर्जी ने कहा कि उन्हें भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहिए कि सिर्फ अंडा फेंका गया है। आगे लोग उन पर क्या-क्या फेंकने वाले हैं ये देखिएगा। कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने पर उन्होंने कहा कि तो क्या उन पर फूल बरसाएं। अंडा फेंकने में क्या लॉ एंड ऑर्डर।

# नए भारत के शिल्पकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

भारत का इतिहास केवल उन व्यक्तियों को याद नहीं रखता जिन्होंने सत्ता संभाली, बल्कि उन महापुरुषों को भी स्मरण करता है जिन्होंने राष्ट्र के भविष्य की दिशा निर्धारित की। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही राष्ट्रपुरुष एवं राष्ट्र-निर्माता थे, जिनकी दृष्टि तत्कालीन राजनीति की सीमाओं से कहीं आगे जाकर एक शक्तिशाली, आत्मनिर्भर, सांस्कृतिक रूप से जागृत और अखण्ड भारत के निर्माण पर केन्द्रित थी। उनकी 125वीं जयंती ऐसे समय में मनाई जा रही है जब भारत 'विकसित भारत-2047' के राष्ट्रीय संकल्प के साथ विश्व की अग्रणी शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह केवल एक संयोग नहीं, बल्कि इतिहास का वह बिंदु है जहाँ डॉ. मुखर्जी के विचार और वर्तमान भारत की विकास यात्रा एक-दूसरे से मिलते दिखाई देते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन केवल एक राजनेता का जीवन नहीं था, वे एक विलक्षण शिक्षाविद्, दूरदर्शी चिंतक, निर्भीक राष्ट्रवादी, कुशल प्रशासक और लोकतांत्रिक मूल्यों के सजग प्रहरी थे। उन्होंने राष्ट्रवाद को कभी संकीर्ण राजनीतिक विचारधारा नहीं माना, बल्कि उसे भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय एकता और जनकल्याण का आधार बताया। उनका मानना था कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं का नाम नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की सांस्कृतिक चेतना से निर्मित एक जीवंत राष्ट्र है। आज जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत', 'आत्मनिर्भर भारत', 'विकसित भारत-2047' और 'विश्वगुरु भारत' की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में जुटे हैं, तब डॉ. मुखर्जी की वैचारिक विरासत और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी अनेक अवसरों पर उन्हें आधुनिक भारत के महान निर्माताओं में स्थान दे चुके हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय केवल एक संवैधानिक परिवर्तन नहीं था, बल्कि डॉ. मुखर्जी के उस अधूरे संकल्प की ऐतिहासिक पूर्णता थी जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन तक न्योछावर कर दिया था। डॉ. मुखर्जी ने स्पष्ट कहा था' 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।' यह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि भारत की अखण्ड राष्ट्रीय चेतना का उद्घोष था। उन्होंने यह सिद्ध किया कि राष्ट्रीय एकता किसी समझौते का विषय नहीं हो सकती। आज जम्मू-कश्मीर का पूर्ण संवैधानिक एकीकरण उनके बलिदान का जीवंत स्मारक है। डॉ. मुखर्जी का व्यक्तित्व जितना राजनीतिक था, उससे कहीं अधिक बौद्धिक और शैक्षणिक था। मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बनना उनकी असाधारण प्रतिभा का प्रमाण था। उन्होंने शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार माना। उनका विश्वास था कि ऐसी शिक्षा, जिसमें विज्ञान की आधुनिकता और अध्यात्म की संवेदनशीलता का समन्वय हो, वही भारत को पुनः विश्वगुरु बना सकती है। आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परम्परा, मातृभाषा, अनुसंधान और नवाचार पर जो बल दिया जा रहा है, उसमें भी कहीं न कहीं डॉ. मुखर्जी की शिक्षा-दृष्टि की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को भी आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और उत्पादन-आधारित विकास से जोड़कर देखा। उनका मानना था कि आर्थिक स्वतंत्रता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता अधूरी है। आज भारत विनिर्माण, डिजिटल तकनीक, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, रक्षा उत्पादन और वैश्विक निवेश के क्षेत्र में जो नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है, वह उसी आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करता है जिसका बीजारोपण स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों में अनेक राष्ट्रनिर्माताओं ने किया था। डॉ. मुखर्जी लोकतंत्र को केवल चुनावों तक सीमित नहीं मानते थे। उनके लिए लोकतंत्र का अर्थ था- नागरिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी, समान अधिकार और राष्ट्रहित सर्वोपरि। उन्होंने सत्ता के विरोध में भी वही कहा जिसे वे राष्ट्रहित में उचित मानते थे। नेहरू मंत्रिमंडल से उनका त्यागपत्र सिद्धांतों की राजनीति का उत्कृष्ट उदाहरण है। आज जब राजनीति में मूल्य, नैतिकता और वैचारिक प्रतिबद्धता की चर्चा होती है, तब उनका जीवन आदर्श प्रेरणा बनकर सामने आता है। भारत के विभाजन के समय उन्होंने बंगाल के हिंदू-बहुल क्षेत्रों को भारत में बनाए रखने के लिए जो संघर्ष किया, वह उनके दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण था। यदि उनका हस्तक्षेप न होता तो आज का पश्चिम बंगाल भी भारत का हिस्सा न होता। उन्होंने विभाजन को ऐतिहासिक विवशता माना, लेकिन सांस्कृतिक भारत की एकता को कभी खंडित नहीं माना। उनका अखण्ड भारत का विचार किसी भू-राजनीतिक विस्तार का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता, साझा विरासत और सभ्यतागत एकात्मता का विचार था। डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने ऐसी राजनीतिक संस्कृति की नींव रखी जिसमें राष्ट्र सर्वोपरि हो, शासन पारदर्शी हो और राजनीति सेवा का माध्यम बने। आज भारतीय लोकतंत्र जिस परिपक्वता के साथ विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में प्रतिष्ठित है, उसमें उनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। उन्होंने वैचारिक विपक्ष को लोकतंत्र की आवश्यक शक्ति माना और स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद का समर्थन किया।

आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का राष्ट्रीय लक्ष्य केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक आत्मविश्वास, तकनीकी नेतृत्व, पर्यावरणीय संतुलन, सुशासन और वैश्विक उत्तरदायित्व का समेकित संकल्प है। इस संकल्प की वैचारिक भूमि पर यदि किसी राष्ट्रपुरुष की छाप स्पष्ट दिखाई देती है, तो उनमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका विश्वास था कि भारत अपनी सांस्कृतिक आत्मा को सुरक्षित रखते हुए ही आधुनिकता का नेतृत्व कर सकता है। यही आज के नए भारत की मूल पहचान भी बन रही है। भारत की युवा पीढ़ी के लिए डॉ. मुखर्जी का जीवन विशेष प्रेरणा है। उन्होंने सिद्ध किया कि आयु नहीं, दृष्टि राष्ट्र निर्माण करती है। युवा कुलपति, युवा सांसद, युवा केंद्रीय मंत्री और एक नए राजनीतिक आंदोलन के संस्थापक के रूप में उन्होंने युवाओं को नेतृत्व, साहस और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। आज जब भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है, तब उनके विचार युवाओं को केवल सफल नहीं, बल्कि उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। डॉ. मुखर्जी का राष्ट्रवाद समावेशी था। वे भारत की विविधता को उसकी शक्ति मानते थे। उनका आग्रह था कि भाषा, क्षेत्र, जाति और पंथ की विविधताओं के बावजूद भारत की राष्ट्रीय पहचान एक ही है। आज 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का अभियान इसी राष्ट्रीय एकात्मता को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। उनका जीवन यह भी सिखाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि भारत को 2047 तक विकसित, समृद्ध और विश्वगुरु बनाना है तो केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं होगा। हमें चरित्रवान नागरिक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सामाजिक समरसता, वैज्ञानिक सोच, सांस्कृतिक आत्मगौरव, नैतिक राजनीति और उत्तरदायी लोकतंत्र का भी निर्माण करना होगा। यही डॉ. मुखर्जी का वास्तविक संदेश था। आज आवश्यकता केवल उनकी जयंती मनाने की नहीं, बल्कि उनके विचारों को राष्ट्रीय जीवन में उतारने की है। जब भारत वैश्विक मंच पर नई भूमिका निभाने के लिए तैयार हो रहा है, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें यह विश्वास दिलाता है कि जो राष्ट्र अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रहता है, वही आधुनिकता के शिखर तक पहुँचता है। उनकी 125वीं जयंती पर यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि हम उनके राष्ट्रप्रेम, लोकतांत्रिक मूल्यों, शिक्षा-दृष्टि, आत्मनिर्भरता, सांस्कृतिक चेतना और अखण्ड भारत के संकल्प को अपने राष्ट्रीय चरित्र का अंग बनाएं। यदि हम ऐसा कर सके, तो वर्ष 2047 का विकसित, समृद्ध, आत्मविश्वासी और विश्वगुरु भारत केवल एक सपना नहीं रहेगा, बल्कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की दूरदृष्टि और करोड़ों भारतीयों के सामूहिक पुरुषार्थ से साकार होने वाला ऐतिहासिक यथार्थ बनेगा। उनके विचार आज भी नए भारत की यात्रा के पथप्रदर्शक हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत बने रहेंगे। **– ललित गर्ग**

आज जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत', 'आत्मनिर्भर भारत', 'विकसित भारत-2047' और 'विश्वगुरु भारत' की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में जुटे हैं, तब डॉ. मुखर्जी की वैचारिक विरासत और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी अनेक अवसरों पर उन्हें आधुनिक भारत के महान निर्माताओं में स्थान दे चुके हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय केवल एक संवैधानिक परिवर्तन नहीं था, बल्कि डॉ. मुखर्जी के उस अधूरे संकल्प की ऐतिहासिक पूर्णता थी जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन तक न्योछावर कर दिया था। डॉ. मुखर्जी ने स्पष्ट कहा था 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।' यह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि भारत की अखण्ड राष्ट्रीय चेतना का उद्घोष था। उन्होंने यह सिद्ध किया कि राष्ट्रीय एकता किसी समझौते का विषय नहीं हो सकती। आज जम्मू-कश्मीर का पूर्ण संवैधानिक एकीकरण उनके बलिदान का जीवंत स्मारक है। डॉ. मुखर्जी का व्यक्तित्व जितना राजनीतिक था, उससे कहीं अधिक बौद्धिक और शैक्षणिक था। मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बनना उनकी असाधारण प्रतिभा का प्रमाण था। उन्होंने शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार माना। उनका विश्वास था कि ऐसी शिक्षा, जिसमें विज्ञान की आधुनिकता और अध्यात्म की संवेदनशीलता का समन्वय हो, वही भारत को पुनः विश्वगुरु बना सकती है। आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परम्परा, मातृभाषा, अनुसंधान और नवाचार पर जो बल दिया जा रहा है, उसमें भी कहीं न कहीं डॉ. मुखर्जी की शिक्षा-दृष्टि की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को भी आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और उत्पादन-आधारित विकास से जोड़कर देखा। उनका मानना था कि आर्थिक स्वतंत्रता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता अधूरी है।

# वसुधैव कुटुम्बकम भारत की वैश्विक धारणा और भावना

**संजीव ठाकुर**

भारतीय संस्कृति का मूल दर्शन केवल अपने परिवार या राष्ट्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने संपूर्ण मानवता को एक परिवार मानने की उदात्त दृष्टि प्रदान की है। उपनिषदों का प्रसिद्ध वाक्य ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' केवल एक आदर्श वाक्य नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन जीने की ऐसी शैली है जिसमें समस्त सृष्टि के प्रति आत्मीयता, करुणा, सह-अस्तित्व और समरसता का भाव निहित है। आज जब दुनिया स्वार्थ, हिंसा, युद्ध, आर्थिक असमानता और सामाजिक विघटन जैसी समस्याओं से जूझ रही है, तब यह भारतीय जीवन-दर्शन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। मनुष्य की महानता उसके धन के परिमाण से नहीं, बल्कि उसके हृदय की विशालता से आँकी जाती है। किसी धनी व्यक्ति द्वारा अपनी विपुल संपत्ति का थोड़ा-सा भाग दान करना निश्चित रूप से प्रशंसनीय है, किंतु उससे कहीं अधिक महान वह व्यक्ति है, जिसके पास सीमित संसाधन होने के बावजूद वह अपनी आवश्यकताओं में कटौती कर किसी जरूरतमंद की सहायता करता है। यही वास्तविक परोपकार है। संत कबीर ने कहा है वृक्ष कबहुँ नहीं फल भखै, नदी न संचै नीर। परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर, अर्थात प्रकृति का प्रत्येक तत्व दूसरों के लिए जीना सिखाता है। जियो और जीने दो का सिद्धांत तथा वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना जिस समाज में सशक्त होती है, उस समाज की प्रगति को कोई रोक नहीं सकता। ऐसे समाज में विश्वास, सहयोग, नैतिकता और संवेदनशीलता का वातावरण निर्मित होता है। महात्मा गांधी का कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि स्वयं को पाने का सर्वोत्तम तरीका है कि स्वयं को दूसरों की सेवा में खो दिया जाए। मनुष्य का जीवन उत्साह, संघर्ष और निरंतर विकास की यात्रा है। जीवन में परिवर्तन स्वाभाविक है और विकास की संभावनाएँ भी परिवर्तन के साथ ही जन्म लेती हैं। जो व्यक्ति स्वयं के साथ-साथ समाज और मानवता के कल्याण के लिए जीता है, वही जीवन की वास्तविक सार्थकता को प्राप्त करता है। स्वामी विवेकानंद का यह प्रेरक संदेश प्रत्येक व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक है– उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। शास्त्रों में पुनर्जन्म की अवधारणा का विस्तार से वर्णन मिलता है। अनेक लोग यह मानते हैं कि इस जन्म के शुभ कर्म अगले जन्म को श्रेष्ठ बनाते हैं। यह आस्था भारतीय अध्यात्म का महत्वपूर्ण पक्ष है। किंतु यदि दार्शनिक दृष्टि से विचार करें तो वर्तमान जीवन ही हमारे हाथ में उपलब्ध सबसे बड़ा सत्य है। भविष्य या अगले जन्म की कल्पनाओं में वर्तमान के कर्तव्यों की उपेक्षा करना उचित नहीं कहा जा सकता। इसलिए आवश्यक है कि हम इसी जीवन को उत्कृष्ट बनाएं, इसी जीवन में मानवता के लिए उपयोगी कार्य करें और समाज के लिए ऐसी विरासत छोड़ जाएँ, जो आने वाली पीढ़ियों का मार्ग आलोकित करे। जीवन के उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग-अलग हो सकते हैं। कोई आर्थिक समृद्धि चाहता है, कोई राजनीति में प्रतिष्ठा, कोई विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धि, कोई साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा या व्यवसाय में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहता है। लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसकी प्राप्ति के लिए अपनाए गए साधनों की शुद्धता ही व्यक्ति के चरित्र का वास्तविक परिचय देती है। महात्मा गांधी का यह विचार सदैव स्मरणीय है साध्य जितना पवित्र हो, साधन भी उतने ही पवित्र होने चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन में साहस, संयम, आत्मविश्वास, अनुशासन और तपस्या के साथ आगे बढ़ना चाहिए। असफलता से घबराने के स्थान पर उसे सीख के रूप में स्वीकार करना चाहिए। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कहा करते थे कि सपने वे नहीं होते जो सोते समय आते हैं, सपने वे होते हैं जो आपको सोने नहीं देते। यही स्वप्न जब कठोर परिश्रम और सकारात्मक चिंतन से जुड़ते हैं, तब वे समाज के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। मानवीय संवेदनाएँ ही मनुष्य को अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ बनाती हैं। यदि जीवन केवल व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं तक सीमित रह जाए तो उसकी सार्थकता अधूरी रह जाती है। सच्चा जीवन वही है जो अपने तन, मन और धन का कुछ अंश समाज के वंचित, पीड़ित और असहाय वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर सके। गौतम बुद्ध ने कहा था– हजारों दीपक एक दीपक से जल सकते हैं, फिर भी उस दीपक का प्रकाश कम नहीं होता। ठीक उसी प्रकार दूसरों के जीवन में आशा का प्रकाश फैलाने से हमारा जीवन और अधिक प्रकाशित होता है।

## सेहत मंत्र

# सही तरीके से खाएं, तो वजन घटाने के साथ बॉडी टोन करेगा खजूर

वजन कम करने के लिए जितना जरूरी एक्सरसाइज करना है, उतना ही जरूरी है कि आप वजन कम करने के लिए सही प्रकार के आहार का सेवन करें। इन दोनों में से किसी एक भी चीज के प्रति लापरवाही आपको वजन कम करने के प्रयास में अच्छा परिणाम नहीं मिलेगा। बैली फैट को कम करने और वजन को तेजी से कम करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप पौष्टिक आहार, उच्च फाइबरयुक्त, और कम कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। यदि आप अपने वजन को कम कर अपनी कमर को अच?छी शेप देना चाहते हैं, तो आप अपनी डाइड में खजूर का सेवन करना चालू करें, यह ऐसा फल है, जो आपके वजन करने के साथ और भी कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देता है। इससे शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने और सूजन को कम करने में मदद मिलती है। खजूर में 44 से 88 प्रतिशत कार्ब्स, 6.4 से 11.3 प्रतिशत डाइटरी फाइबर, 2.3 से 5.6 प्रतिशत प्रोटीन और 0.2 से 0.5 प्रतिशत वसा होता है। इसके अलावा, इसमें आयरन मैग्नीशियम, तांबा, कैल्शियम और जरूरी विटामिन्स पाये जाते हैं खजूर में उच्च फाइबर पाया जाता है, जो कि आंत में अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं, जिससे आप लंबे समय तक तृप्त यानि भरा हुआ महसूस करते हैं। फाइबर आंत में शॉर्ट चेन फैटी एसिड के उत्पादन में मदद करता हैं, जो पाचन प्रक्रिया में मदद करता है और मेटाबॉल्जिम को बढ़ावा देता है। जिससे आपका वजन तेजी से कम होता है क्योंकि धीमा मेटाबॉल्जिम मोटापे के लिए जिम्मेदार होता है। सभी तरह के वसा स्वास्थ्य के लिए खराब नहीं होते हैं। खजूर में अनसैचुरेटेड फैटी एसिड पाया जाता है, जो कि विभिन्न कारणों से होने वाली सूजन और चोट को कम करने में मदद करता है। यह आपके दिल के लिए भी फायदेमंद होता है और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मददगार होता है। इसके अलावा, यह आपके शरीर को फिट और हेल्दी रखने में मदद करता है।

## धर्म मंत्र

# चमत्कार और रहस्य से भरा है भगवान जगन्नाथ का मंदिर, कभी भक्तों को कम नहीं पड़ता प्रसाद

पुरी के भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा आज निकलेगी। वह अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर गुंडीचा मंदिर अपनी मौसी के घर जाएंगे, जहां वे तीनों 7 दिनों तक विश्राम करेंगे। नौ दिनों तक चलने वाली यह रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडीचा मंदिर तक जाती है और फिर वहां से जगन्नाथ मंदिर वापस आती है। इस रथ यात्रा में शामिल होने के लिए दुनिया भर से लोग आते हैं, जो लोग इस रथ को खींचते हैं, वे खुद को भाग्यमान मानते हैं। जगन्नाथ पुरी हिन्दुओं के पवित्र चार धामों में से एक है। इस मंदिर की कुछ ऐसी खासियतें हैं, जिन्हें जानकर आप आश्चर्यचकित हो जाएंगे। रथ यात्रा के अवसर पर हम आपको बता रहे हैं जगन्नाथ मंदिर के बारे में – 1. पुरी का जगन्नाथ मंदिर वैष्णव सम्प्रदाय के प्रमुख मंदिरों में से एक है। यह भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण को समर्पित है। भगवान जगन्नाथ इस मंदिर में अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ विराजन हैं। 2. गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय के संस्थापक श्री चैतन्य महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में कई साल तक रहे थे, इस वजह से इस मंदिर का गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय में खास महत्व है। 3. 400,000 वर्ग फुट में फैले इस विशाल मंदिर के शिखर पर चक्र और ध्वज स्थित हैं। इन दोनों का खास महत्व है। चक्र सुदर्शन चक्र का और लाल ध्वज भगवान जगन्नाथ के मंदिर के अंदर विराजमान होने का प्रतीक है। अष्टधातु से निर्मित इस चक्र को नीलचक्र भी कहा जाता है। 4. कलिंग शैली में बने इस विशाल मंदिर के निर्माण का कार्य कलिंग राजा अनंतवर्मन चोडगंग देव ने शुरू कराया था। बाद में अनंग भीम देव ने इसे वर्तमान स्वरुप दिया था।

## पर्यटन



# उत्तरी भारत का नंदनकानन है खूबसूरत पिंजौर गार्डन

भारत के सुंदर, स्वच्छ और शांत शहर चंडीगढ़ से केवल 21 किमी. दूर अंबाला-शिमला राजमार्ग पर कालका और चंडीगढ़ के मध्य स्थित पिंजौर गार्डन के आकर्षण को शब्दों में बयां कर पाना थोड़ा मुश्किल है। इस खूबसूरत गार्डन को उत्तरी भारत का नंदन-कानन कहें, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाने वाला पिंजौर घग्घर नदी की सहायक कौशल्या और झज्जर नदी के संगम स्थल पर स्थित है। पिंजौर राजा विराट की नगरी थी और पहले इसका नाम पंचपुर था, जो बाद में पिंजौर के नाम से मशहूर हुआ। राजा विराट प्रजापालक, धर्मात्मा और दयालु प्रकृति के शासक थे। यहां 365 बावड़ियां बनी हुई थी, जो बाद में लुप्त हो गई। प्राचीन हिंदू मंदिरों, जलकुंडों के चिह्नों और धरती के नीचे से निकली देवी-देवताओं की प्रतिमाओं से प्रतीत होता है कि यह एक पवित्र एवं दर्शनीय धर्मस्थल रहा होगा। ऐतिहासिक दृष्टि से पिंजौर का संबंध आर्यों के समय से है, जब इस गांव में भीमा देवी मंदिर का निर्माण हुआ था। यह पांडवों के वनवास का समय था। इतिहासकार बताते हैं कि तभी यह जगह पंचपुरा कहलाई थी। पिंजौर का द्रोपदी कुंड भी बहुत ही मशहू है। कहा जाता है कि द्रोपदी इसी कुंड में स्नान किया करती थी। 13वीं शताब्दी के मध्य पिंजौर सिरमौर के राजा के अधीन था। शमसुद्दीन इल्तुमिश इस स्थान के सौंदर्य से इतने प्रभावित हुए कि उसने सिरमौर के राजा से यह क्षेत्र छीन लिया। बाद में यह राजा रत्नसेन के पास चला गया। लेकिन जब जनवरी 1399 ई. में तैमूर दिल्ली से वापस जा रहा था, तो उसने राजा रत्नसेन से यह क्षेत्र छीन कर वहां खूब लूटमार की। इस तरह पिंजौर और आस-पास का क्षेत्र बहुत सालों तक जीत-हार तथा लूट-खसोट का क्षेत्र बना रहा। औरंगजेब के भाई फिदाई खान ने 1661 ई. में पिंजौर पर अधिकार कर लिया। फिदाई खान शिल्पकारी और भवन निर्माण कला में सिद्धहस्त था। उसने लाहौर के शालीमार बाग के नमूने पर पिंजौर मुगल गार्डन बनवाया और कई भवन भी निर्मित करवाए, जो 400 साल गुज़र जाने पर भी अपनी सुंदरता को बरकरार रखे हुए हैं।

# आरटीआई से खुलासा : बाराबंकी में ग्रीन बेल्ट में होटल, अवैध प्लाटिंग से बसे ककरहिया-सुल्तानपुर, 200 फाइलें गायब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विनियमित क्षेत्र बाराबंकी में महायोजना-2021 को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। सरकारी आरटीआई जवाब और दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि ग्रीन बेल्ट में होटल-मैरिज लॉन बना दिए गए और कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग करके पूरे गांव बसा दिए गए। सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि विभाग से 200 ध्वस्तीकरण पत्रावलियाँ ही गायब हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता महंत बी.पी. दास ने मुख्य सचिव को भेजे पत्र में आरटीआई के हवाले से कई गंभीर आरोप लगाए हैं। आरटीआई दिनांक 24.05.2025 में उप जिलाधिकारी ने माना कि ग्राम ओबरी में ''मयूर विहार कॉलोनी'' लघु उद्योग क्षेत्र में है और इसका ले-आउट प्लान स्वीकृत नहीं है। इसके बावजूद वहां आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं। इसी मामले में अभय सिंह और रेशमा खातून को नोटिस भी जारी किया गया।

ग्रीन बेल्ट में होटल, आया था जल प्रलय



पत्र में कहा गया है कि जमुरिया नाला ग्रीन बेल्ट में ''मयूर मोटल'' के नाम से होटल और बारात घर धड़ल्ले से चल रहा है। एसडीएम सदर ने स्वीकार किया कि ग्रीन बेल्ट में हुए अवैध अतिक्रमण के कारण ही पिछले सितंबर में शहर में जल प्रलय आया था। रेठ और जमुरिया नदी के किनारे की ग्रीन बेल्ट में अवैध प्लाटिंग करके कॉलोनियां बसा दी गई हैं।

काकरहिया-सुल्तानपुर में बसा अवैध नगर सबसे बड़ा आरोप कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग को लेकर है। पत्र के अनुसार ग्राम काकरहिया और सुल्तानपुर में कृषि भूमि पर प्लाट काटकर पूरा नगर बसा दिया गया। इससे शासन को स्टाम्प और रजिस्ट्री का एक रुपया राजस्व नहीं मिला। वहीं पूरे जिले में 95 से अधिक स्थानों पर इसी तरह अवैध प्लाटिंग की गई है। हनुमत नगर, उज्जवल नगर, विनायक विहार, साइन सिटी, शिवा ग्रीन सिटी जैसी कॉलोनियां बिना नक्शा पास कराए बसा दी गईं।

नोटिस कारोबार और गायब फाइलें

महंत श्री दास ने आरोप लगाया कि विभाग में ''नोटिस कारोबार'' चल रहा है। सिर्फ नोटिस जारी कर दिए जाते हैं, ध्वस्तीकरण नहीं होता। इसी वजह से विनियमित क्षेत्र कार्यालय से लगभग 200 ध्वस्तीकरण पत्रावलियां गायब हैं। एमबी कॉलेज लखपेड़ाबाग के ध्वस्तीकरण का आदेश एक दशक से गायब है।

मुख्य सचिव से 5 मांगें

पत्र में मांग की गई है कि मण्डलायुक्त अयोध्या की अध्यक्षता में 30 दिन में टास्क फोर्स बनाकर सभी अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की जाएं। ड्रोन सर्वे कराकर अतिक्रमण चिन्हित किया जाए। 200 गायब फाइलों और नोटिस कारोबार की विजिलेंस जांच हो। पिछले 10 साल में तैनात अधिकारियों की आय से अधिक संपत्ति की लोकायुक्त से जांच हो और राजस्व चोरी की वसूली भू-माफियाओं से की जाए।

# सेवा सप्ताह के तहत बजरंग दल विहिप का वृक्षारोपण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल द्वारा प्रतिवर्ष पांच जुलाई से 12 जुलाई तक मनाए जाने वाले 'सेवा सप्ताह' के अंतर्गत रविवार को विकासखंड निंदूरा के ग्राम कंचनापुर स्थित काली माता मंदिर तथा निगोहा में वृक्षारोपण एवं मंदिर परिसर की साफ-सफाई का अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में जिला विशेष संपर्क प्रमुख तुलसीराम चौहान ने बताया कि सेवा सप्ताह के दौरान देशभर में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके अंतर्गत सेवा कार्य, जरूरतमंदों की सहायता, बस्तियों में सहायता सामग्री का वितरण, निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम किए जाते हैं।

अभियान के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने बरगद, नीम, आंवला, अमरूद, सहजन, गुलमोहर, गुड़हल, चांदनी, कनक चंपा, टिकोमा, केसिया सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तथा मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर निंदूरा प्रखंड बजरंग दल संयोजक मुकेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अमित गुप्ता, सह मंत्री नरेंद्र राजभर, पूर्व मंत्री अरविंद यादव, पूर्व प्रधान रामू चौहान, अनुज मौर्य, अवधराम, वीरेंद्र सिंह, रमेश सिंह, चंद्रबली, शिवाजी, देशराज, भीम राजभर, मूलचंद सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमर शहीद राजा बलभद्र सिंह को श्रद्धांजलि, फाउंडेशन ने किया माल्यार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार फाउंडेशन द्वारा रविवार को 'प्रत्येक माह के प्रथम रविवार' आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम के तहत छाया चौराहा स्थित अमर शहीद राजा बलभद्र सिंह चहलारी नरेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस, बाबू जगजीवन राम, डॉ. भीमराव आंबेडकर तथा राम सेवक यादव की प्रतिमाओं पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत ओबरी जंगल स्थित अमर शहीद राजा बलभद्र सिंह की समाधि पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में राजा बलभद्र सिंह चहलारी ने अंग्रेजी सेना के विरुद्ध वीरतापूर्वक संघर्ष



करते हुए 13 जून 1858 को अपने सैनिकों के साथ सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनके शौर्य और बलिदान से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहेगी। कार्यक्रम में फाउंडेशन के पदाधिकारियों, स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

# प्रमोद तिवारी ने बनाया माहौल, सफ़ेदाबाद–बघौरा में किसान मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। लखनऊ से अयोध्या जाते समय भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह का शनिवार को बाराबंकी के सफ़ेदाबाद एवं बघौरा में स्वागत किया गया।

इस दौरान *भाजपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी* ने कार्यक्रम का नेतृत्व कर पूरे माहौल को कार्यकर्ताओं से भर दिया। प्रमोद तिवारी के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया और जय किसान, जय भाजपा के नारे लगाए।

प्रमोद तिवारी ने कहा कि किसान मोर्चा किसानों को संगठन से जोड़ने और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने को कहा।

प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि किसान



मोर्चा किसानों के हितों की रक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को प्रत्येक किसान तक पहुंचाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, प्रेम प्रकाश द्विवेदी, अनिल यादव, आशीष द्विवेदी, युवराज सिंह, हरिमोहन शुक्ला, अशोक राजन यादव, भूपेंद्र शुक्ला, रविकांत, देवेश शुक्ला, शिवम शुक्ला, संजय वर्मा, दशरथ सिंह चौहान, शाहिद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## कृषि पंजीयन के ट्रैक्टर ट्राली बने मालवाहक

हरगांव सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरगांव थाना क्षेत्र में कृषि कार्य के लिए मान्य ट्रैक्टर–ट्रॉलियों का अवैध रूप से मालवाहक के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। ये वाहन बिना वाणिज्यिक लाइसेंस और परिवहन विभाग को टैक्स चुकाए मॉल धोने का काम कर रहे हैं।नियमों के अनुसार,कृषि पंजीयन में ट्रैक्टर–ट्रॉलियां केवल कृषि कार्यों के लिए ही अधिकृत हैं।हरगांव क्षेत्र में ज्यादातर कृषि पंजीयन के ट्रैक्टर ट्रॉली व्यावसायिक काम कर रहे हैं।इनके पास न तो वाणिज्यिक लाइसेंस है और न ही ये परिवहन विभाग को कोई टैक्स देते हैं।इसके विपरीत, पिकअप और डाला जैसे अन्य मालवाहक वाहन चालक सरकार को नियमानुसार टैक्स का भुगतान करते हैं। टैक्स चुकाने वाले चालक इस प्रतिस्पर्धा से परेशान हैं, जबकि बिना टैक्स वाले ट्रैक्टर चालक मुनाफा कमा रहे हैं।इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी आनन्द नारायण त्रिपाठी ने कहा कृषि योग्य वाहनों के मालवाहक प्रयोग पर कार्रवाई की जाएगी।

## बाराबंकी पुलिस ने 17 लाख के 85 गुम मोबाइल किए बरामद

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सर्विलांस सेल और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से करीब 17 लाख रुपये कीमत के 85 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत तकनीकी ट्रैकिंग से मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस लाइन सभागार में क्षेत्राधिकारी सदर आलोक कुमार पाठक ने मोबाइल स्वामियों को फोन लौटाए। पिछले सात माह में बाराबंकी पुलिस 785 से अधिक मोबाइल, जिनकी कीमत करीब 1.56 करोड़ रुपये है, बरामद कर चुकी है।

## पुलिस ने मारपीट के आरोपी युवक को धरदबोचा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर पुलिस ने मारपीट के अभियोग से सम्बंधित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक डण्डा बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मारपीट के मामले में प्रकाश में आये धर्मवीर उर्फ वीरे पुत्र स्व. गंगाराम निवासी नारा अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा पकड़े गये युवक की निशानदेही पर मारपीट की घटना में प्रयुक्त एक डण्डा बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भाकियू टिकैत में बड़ा संगठनात्मक बदलाव, गुरदीप सिंह गोगी बने पीलीभीत के जिलाध्यक्ष

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से युवा किसान नेता गुरदीप सिंह गोगी को पीलीभीत का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने उनके सक्रिय संगठनात्मक कार्यों और किसान हितों के लिए किए गए संघर्ष को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है कलीनगर तहसील निवासी गुरदीप सिंह गोगी इससे पहले युवा जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं और किसान आंदोलनों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है जिलाध्यक्ष बनने की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने उनका फूल–मालाओं से स्वागत कर खुशी जताई गोगी ने कहा कि वह संगठन के विश्वास पर खरा उतरते हुए किसानों के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे तथा अधिक से अधिक किसानों और युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे।

## महराजगंज बार एसोसिएशन, महराजगंज के पूर्व अध्यक्ष का निधन

महराजगंज,रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। महराजगंज बार एसोसिएशन, महराजगंज के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व प्रधान, जनता विधायक मऊ गर्वी के प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शिवसागर अवस्थी का शनिवार सायं लगभग 7 बजे निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। पिछले लगभग छह माह से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था तथा उनका लगातार उपचार किया जा रहा था। उनके निधन का समाचार मिलते ही पूरे क्षेत्र, अधिवक्ता समाज, राजनीतिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनके पैतृक गांव स्थित बाग में पूरे विधि–विधान एवं गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आपको बता दें कि, परिजनों के अनुसार, शिवसागर अवस्थी पिछले करीब छह माह से अस्वस्थ थे। बीमारी के चलते वह लगभग चार माह से महराजगंज तहसील न्यायालय नहीं जा पा रहे थे। करीब एक सप्ताह पूर्व उनकी तबीयत अचानक अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद उनके एकमात्र पुत्र विनय कुमार अवस्थी उन्हें तत्काल लखनऊ स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां लगभग एक सप्ताह तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार चला, लेकिन स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका और शनिवार सायं उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही मऊ गर्वी स्थित उनके पैतृक आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। क्षेत्रीय सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, पूर्व प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता सरोज गौतम, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महराजगंज सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उनके आवास पहुंचे। सभी ने शोक–संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को निकली उनकी अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, महराजगंज नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू, मंत्री प्रतिनिधि शिवम् तिवारी, दयाशंकर अवस्थी, कांग्रेस नेता दिनेश मिश्रा, मोंगा सिंह, दीपक सिंह भदौरिया, कौशलेंद्र सिंह, राजेश सिंह, कमलेश सिंह, बड़कऊ सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित ग्रामवासी, क्षेत्रवासी, अधिवक्ता समाज, पत्रकार समाज, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, संभ्रांत नागरिक एवं बड़ी संख्या में नाते–रिश्तेदार शामिल हुए। पूरे वातावरण में गम और श्रद्धा का भाव दिखाई दिया। दिवंगत शिवसागर अवस्थी ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा न्याय, समाजसेवा और जनहित के कार्यों को समर्पित किया। महराजगंज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों के लिए उल्लेखनीय कार्य किए, वहीं पूर्व प्रधान एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व उन्हें समाज के हर वर्ग में सम्मान दिलाता था। उनके निधन को अधिवक्ता जगत एवं पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने व्यक्त की शोक संवेदनाः कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने कहा कि, ''शिवसागर अवस्थी का निधन समाज और अधिवक्ता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

# 12 जुलाई को बाराबंकी आएंगे ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, गो–रक्षा यात्रा को लेकर करेंगे जनजागरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती आगामी 12 जुलाई (रविवार) को अपनी 81 दिवसीय गो-रक्षा यात्रा के तहत बाराबंकी पहुंचेंगे। इस दौरान वह जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर संतों, श्रद्धालुओं और आमजन से संवाद करेंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने, देशभर में गो-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ-संरक्षण के प्रति जनजागरण अभियान को गति देना है।

ग्राम पतेहपुरवा स्थित श्री पंचमुखी हनुमतधाम दण्डी



संन्यासी आश्रम एवं जगतगुरुकुलम के महंत स्वामी सम्भवानन्द ने प्रेस वार्ता में बताया कि शंकराचार्य का बाराबंकी आगमन धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गो-रक्षा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। इसी उद्देश्य से शंकराचार्य देशभर में जनसमर्थन जुटा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि शंकराचार्य के स्वागत और कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आश्रम में आठ बटुकों की धार्मिक शिक्षा के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया गया। इस अवसर पर गुरुकुल परंपरा के संरक्षण, वैदिक शिक्षा के विस्तार तथा सनातन संस्कृति के संवर्धन का संकल्प भी दोहराया गया।

स्वामी सम्भवानन्द ने कहा कि शंकराचार्य अपनी यात्रा के दौरान गौवंश संरक्षण, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और सनातन परंपरा से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी अपने विचार रखेंगे। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर शंकराचार्य के विचारों को सुनें और गो-रक्षा अभियान को अपना समर्थन दें।

उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र सरकार से भी गौ-संरक्षण को लेकर प्रभावी एवं कठोर कानून लागू करने तथा गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने की मांग का समर्थन करने की अपील की। साथ ही कहा कि यह यात्रा समाज में जागरूकता पैदा करने और गौ-संरक्षण के लिए व्यापक जनमत तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# राम जन्मभूमि चंदा चोरों बुद्धि शुद्धि के लिए हवन,पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । शिवसैनिको ने आज शिवसेना यूबीटी प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही के नेतृत्व में अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा लूट के विरोध में शिवसेना राष्ट्रीय प्रमुख माननीय उद्धव ठाकरे एवं युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे के राष्ट्रव्यापी आवाहन के तहत अयोध्या श्री राम जन्म भूमि ट्रस्ट के रामद्रोही चंदा चोरी के आरोपियों को सजा दिलाने , छुपे चंदा चोरों को प्रकाश में लाने और उन्हें सद्‌बुद्धि देने हेतु औद्योगिक क्षेत्र सोमैया नगर देवा रोड़ स्थित हनुमान मंदिर में राम रक्षा महाआरती की एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया और राम लला का जय घोष किया इस अवसर पर उपस्थित शिवसैनिको को संबोधित करते हुए शिवसेना यूबीटी प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही ने कहा कि देश के असंख्य राष्ट्रवादी जनता एवं रामभक्तो के आस्था का केंद्र बिंदु अयोध्या राम मंदिर के ट्रस्ट के पदाधिकारियों के द्वारा चंदा चोरी ,दान के पैसों की चोरी , बहुमूल्य रत्नों एवं सोने चांदी की ईंटें, आभूषण,सोने की रामायण इत्यादि गायब कर दी गई कालनेमी के संतानों ने आधुनिक महमूद गजनवी बनकर राम मंदिर के धन को लूटा है इसके लिए उनको नर्क में भी स्थान नहीं मिलेगा सरकार द्वारा गठित एस आई टी द्वारा असली दोषियों पर हाथ नहीं डाला जा रहा है उनको बचाने का प्रयास किया जा रहा है सिर्फ छोटे और हेराफ़ेरी में लिप्त कर्मचारियों को लपेटा जा रहा है अयोध्या राम मंदिर में लूट की सीबीआई जांच कराई जाए और ट्रस्ट में बैठे लूट के जिम्मेदार लोगों को बर्खास्त कर जेल भेजा जाए इस अवसर पर प्रदेश सचिव सविता श्रीवास्तव, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मिकी उर्फ पंडित जी, युवासेना जिला प्रमुख मनोज सिंह मिंटू,जिला सचिव चंद्र शेखर,जिला सचिव प्रवीन वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी एस एन मिश्रा,कुर्सी विधानसभा प्रभारी कमलेश राजपूत,सरवन बाबा, देशराज गौतम, अंशू अवस्थी, आनंद मिश्रा,ननकऊ महराज ,वैभव मिश्रा , कमल गुप्ता आदि शिवसेना पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रेलमेध यज्ञ, यात्रियों को बांटा गया जल व मिष्ठान, सिंधु नदी के जल पर भारत के अधिकार की उठी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। धर्मजागरण बाराबंकीधाम (उ.प्र.) की ओर से छंदरौली रेलवे स्टेशन पर रेलमेध यज्ञ के अंतर्गत यात्रियों को जल एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी प्रहलाद शरण जायसवाल ने कहा कि सिंधु नदी हिमालय से निकलकर भारत से होते हुए पाकिस्तान जाती है, इसलिए इसके जल पर पहला अधिकार भारत का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की पेयजल, सिंचाई और बिजली जैसी आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद ही नदी का जल पाकिस्तान जाना चाहिए और इस संबंध में केंद्र सरकार को उचित निर्णय लेना चाहिए।

कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से बाराबंकी जिले के सभी 19 रेलवे स्टेशनों पर रेलमेध यज्ञ के तहत यात्रियों को जल सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र यादव, अजय त्रिवेदी, डॉ. ऋषिकांत शुक्ल, राकेश



तिवारी, महेश चंद्र वर्मा, बलजीत अरोड़ा, रामपाल रावत, जगदीश, ननकऊ, हरिशंकर वर्मा, सोमवारी लाल, शिवांक, रुद्रांश, धर्मराज, चरण, अन्नू, राजकपूर वर्मा, आनंद वर्मा, अभिषेक शर्मा, संग्राम सिंह, अमन सैनी और हिमांशु सहित अनेक धर्मसेवकों ने यात्रियों को जल वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में धर्मसेवकों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए तथा छंदरौली रेलवे स्टेशन प्रभारी शिव शंकर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भारत को इंग्लैंड की परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर ढंग से ढलना होगा: किशन

एजेंसी

मैनचेस्टर। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का मानना है कि भारत को इंग्लैंड की परिस्थितियों में बेहतर तरीके से ढलना होगा और बीच के ओवरों में धीमी गति से बल्लेबाजी करने की समस्या से निजात पाना होगा जिसके कारण उसे यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हार का सामना करना पड़ा। भारत अपने पिछले चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में जीत हासिल नहीं कर पाया है। आयरलैंड के खिलाफ दोनों मैच हारने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था जबकि दूसरे मैच में वह चार विकेट से हार गया था। इस मैच में भारतीय टीम बीच के ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाई थी। किशन ने पत्रकारों से कहा, ''बिल्कुल उनके पास गेंदबाजी के सबसे अच्छे विकल्प होंगे। उन्हें परिस्थितियों की बेहतर समझ होगी।




लेकिन हम भी सुधार की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम सभी यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके खिलाड़ी हमारे खिलाफ क्या कर रहे हैं क्योंकि उनके पास ज्यादा जानकारी है। हमें यह समझना होगा कि हम एक टीम के रूप में 20 अतिरिक्त रन कहां बना सकते हैं। हम इस पर बात करेंगे और आगे इससे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इंग्लैंड की पारी का 17वां ओवर निर्णायक साबित हुआ क्योंकि भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई ने दो नो-बॉल से शुरुआत की और जैकब बेथेल (46 गेंदों पर 76 रन नाबाद) ने तीन गगनचुंबी छक्के लगाए जिससे मेजबान टीम ने एक ओवर शेष रहते 191 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। किशन ने कहा, ''मैच शुरू से ही हमारी पकड़ में था। मैच हमारे हाथ में था लेकिन दो फ्री हिट मिलने से इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव कम हुआ। उन्होंने इसका फायदा उठाया। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छी गेंदबाजी की। हमारी अपनी रणनीति थीं, लेकिन साथ ही, हमें बेथेल को इसका श्रेय देना होगा क्योंकि वह लंबे समय तक टिके रहे और उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाया। किशन ने स्वीकार किया कि लगातार हार से मानसिकता में बहुत बड़ा फर्क पड़ता है, लेकिन उन्होंने कहा कि खिलाड़ी इतने परिपक्व हैं कि वे एक टीम के रूप में हार को समझ सकते हैं और उससे उबर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''भले ही हम जीत नहीं पाए लेकिन मुझे लगता है कि हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम यह समझें कि हम कहां सुधार कर सकते हैं। हम सब सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं। किशन ने कहा, ''हारने से भी सोच पर प्रभाव पड़ता है लेकिन हम सभी इतने परिपक्व हैं जो यह समझते हैं कि क्या हो रहा है और एक टीम के रूप में हम कहां सुधार कर सकते हैं।

# एक बल्लेबाज के तौर पर जीत के साथ नाबाद लौटने से बेहतर कुछ नहीं: बेथेल

एजेंसी

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल ने भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी नाबाद 76 रन की पारी को अपने करियर की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक बताते हुए कहा कि यह इसलिए भी खास है क्योंकि इससे टीम को जीत मिली। बाइस साल के इस खिलाड़ी ने क्रिकेट के तीनों प्रारूप में शतक लगाए हैं। उनका एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक इस साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ ही आया था जिसमें इंग्लैंड को सात रन से हार का सामना करना पड़ा था। शनिवार को बेथेल ने संयमित लेकिन आक्रामक अंदाज में नाबाद 76 रन बनाए और 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट से जीत दिलाई। इससे मेजबान टीम पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गई। बेथेल से जब पूछा गया कि इंग्लैंड के लिए उनकी पसंदीदा पारियों में यह पारी कहां आती है तो उन्होंने कहा, ''मैं इसे शीर्ष के करीब रखूंगा। एक बल्लेबाज के तौर पर जीत के साथ नाबाद लौटना और साथियों से हाथ मिलाना, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ''मैंने कुछ शतक लगाए हैं लेकिन उनमें से सिर्फ एक ही जीत दिलाने वाला था। हम ऑस्ट्रेलिया में हारे, भारत में हारे इसलिए उन मुकाबलों के बाद हमेशा यही ख्याल आता था कि 'मैं और क्या कर सकता था'? बेथेल ने कहा, ''लेकिन आज मैं बहुत खुश हूं। हम श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गए हैं। भारत के खिलाफ पुरानी हार की कुछ कसक थी इसलिए उन पर जीत हासिल करना अच्छा लगा। इससे मुझे आखिरी तीन मैच के लिए भी काफी आत्मविश्वास मिला है। सोलहवें ओवर के बाद बेथेल 36 गेंद पर 42 रन बनाकर खेल रहे थे तभी उन्होंने मैच का रुख निर्णायक रूप से इंग्लैंड के पक्ष में मोड़ दिया। उन्होंने रवि बिश्नोई के 17वें ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाया (जिसमें दो नोबॉल भी शामिल थीं) और 29 रन बटोरे। इसके बाद उन्होंने हर्षित राणा की गेंद पर भी छक्का जड़ा। उन्होंने अपनी आखिरी 10 गेंद पर 34 रन बनाए। बेथेल ने कहा, ''इस तरह के लक्ष्य का पीछा करते समय आप पूरे समय आक्रामक नहीं खेलते। बात बस कुछ बड़े ओवरों में अधिक रन जुटाने की है और फिर मैच का रुख बदल जाता है। बेथेल चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जब इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हो गए थे और टीम का स्कोर पांच गेंद में एक रन पर दो विकेट था। उन्होंने कहा, ''मैं काफी शांत था। जब ब्रूकी (हैरी ब्रूक) बल्लेबाजी करने गए तो मैंने कहा, 'अच्छा खेलना, हैरी' और फिर कुछ गेंद के बाद मैं भी मैदान पर आ गया। बेथेल ने कहा, ''जोस (बटलर) बदकिस्मत रहे लेकिन कम स्कोर पर दो विकेट गिरने के बाद मैदान पर आना अजीब लगता है। ब्रूकी ने उस स्थिति को अविश्वसनीय रूप से संभाला। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने सिर्फ 15 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों से 39 रन की आक्रामक पारी खेली जिससे टीम शुरुआती झटकों से उबरने में सफल रही।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम के लिए रवाना

एजेंसी

बेंगलुरु। नए कोच फ्रेडरिक सोयेज के नेतृत्व में 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सात से 17 जुलाई तक होने वाले मैचों के लिए बेल्जियम रवाना हो गई है। टीम शनिवार रात को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुई। भारतीय टीम को जूनियर एशिया कप सहित आगे कुछ महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में भाग लेना है जिनकी तैयारी को देखते हुए यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम इस दौरे में ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ छह मैच खेलेगी। भारत ऑस्ट्रिया और बेल्जियम के खिलाफ दो-दो मैच जबकि जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगा। वेव्रे स्थित बेलफियस हॉकी एरिना में पांच मैच खेले जाएंगे, जबकि नीदरलैंड के खिलाफ अंतिम मैच एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा।




# वैभव सूर्यवंशी ने डेब्यू के बाद मिले प्यार पर जताया आभार, कहा-देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात

एजेंसी

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत के लिए सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने अपने पहले मैच के बाद मिले प्यार और समर्थन के लिए सभी शुभचिंतकों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए गर्व की बात है और वह हर मैच में टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे। सूर्यवंशी ने डेब्यू मैच के बाद सोशल मीडिया पर संदेश साझा किया। इंस्टाग्राम स्टोरी में युवा खिलाड़ी ने लिखा, ''इतने सारे संदेश पाकर मैं अभिभूत हूं। मेरे सभी शुभचिंतकों और वरिष्ठों का उनके लगातार प्यार और




सहयोग के लिए धन्यवाद। अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर मैं सचमुच आभारी हूं और हमेशा अपनी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा। आप सभी का हर चीज के लिए धन्यवाद। सूर्यवंशी 15 साल और 99 दिन की उम्र में भारतीय टीम के लिए सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का वर्षों पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। सचिन ने 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ 16 वर्ष और 205 दिन की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। मैच की बात करें, तो मैनचेस्टर (इंग्लैंड) में खेले गए दूसरे टी-20 में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 190 रन बनाए। अपने डेब्यू मुकाबले में वैभव ने 10 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 14 रन बनाए। इसके अलावा ईशान किशन ने 40 गेंदों पर 49, अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों पर 43, श्रेयस अय्यर ने 22 गेंदों पर 37 और तिलक वर्मा ने 11 गेंदों पर नाबाद 24 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। 191 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और फिल साल्ट तथा जोस बटलर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान हैरी ब्रूक ने 15 गेंदों में 39 रन बनाकर पारी को संभाला। फिर टॉम बैंटन 32 गेंदों में 39 रन और जैकब बेथेल 46 गेंदों में नाबाद 76 रन की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने 19 ओवर में मुकाबला जीत लिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था।

# क्यूब हाईवेज की इस महीने 5,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजमार्ग अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) क्यूब हाईवेज ट्रस्ट इस महीने 5,000 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। यह पूरा निर्गम बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। यानी इस निर्गम के जरिये कंपनी नई पूंजी नहीं जुटाएगी, बल्कि मौजूदा निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, ट्रस्ट का उद्देश्य सूचीबद्ध होने के बाद अपने निवेशक आधार का विस्तार करना और यूनिट में कारोबार बढ़ाना है। दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश पर आधारित है। 31 मार्च, 2026 तक क्यूब हाईवेज ट्रस्ट के पास देश के 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में फैली 27 परिचालन वाली राजमार्ग परिसंपत्तियां थीं, जिनकी कुल लंबाई 8,754 लेन किलोमीटर है। इन परियोजनाओं की औसत शेष रियायती अवधि 18 वर्ष है। वित्त वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय सी. सेकर ने कहा कि ट्रस्ट की रणनीति अनुशासित अधिग्रहण, नियमित वितरण, वित्तीय अनुशासन और परिचालन दक्षता पर केंद्रित रहेगी। ट्रस्ट के पोर्टफोलियो का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा टोल सड़क परियोजनाओं का है, जिन्हें यातायात वृद्धि और महंगाई से जुड़ी टोल दरों में संशोधन का लाभ मिलता है। वहीं, शेष 15 प्रतिशत परिसंपत्तियां एन्यूटी आधारित परियोजनाएं हैं, जिनसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की अनुबंधित भुगतान व्यवस्था के तहत स्थिर आय प्राप्त होती है। क्यूब हाईवेज ट्रस्ट ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रति यूनिट 13.77 रुपये के वितरण की घोषणा की है। इससे पूरे वित्त वर्ष के दौरान यूनिटधारकों को कुल 1,851 करोड़ रुपये का वितरण किया गया।

# सर्राफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 260 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 280 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चेन्नई में सोने के भाव में 100 रुपये प्रति 10 ग्राम लेकर 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की मामूली कमजोरी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,730 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,49,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज



1,34,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में सांकेतिक कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। आज सोने के भाव में कमजोरी आने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में तेजी आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 2,780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 2,550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई। चांदी भी उतार चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में महंगा हो गया। इस उछाल के कारण चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गया।

# एलएनजी आपूर्ति सामान्य होने के बाद सरकार ने गैस पर लगाए गए आपात 'प्रतिबंध' वापस लिए

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और होर्मुज जलडमरूमध्य से एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति सामान्य होने के बाद केंद्र सरकार ने प्राकृतिक गैस आपूर्ति पर लगाए गए अधिकांश आपातकालीन प्रतिबंध वापस ले लिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 में संशोधन करते हुए उन प्रमुख प्रावधानों को हटा दिया, जिनके तहत घरेलू और आयातित गैस की आपूर्ति सरकार द्वारा तय प्राथमिकता सूची के अनुसार की जा रही थी। सरकार ने यह आपात व्यवस्था नौ मार्च को पश्चिम एशिया में संघर्ष के आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत लागू की थी। उस समय अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों और उसके जवाब में ईरानी कार्रवाई के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से एलएनजी की आवाजाही प्रभावित हो गई थी। कई आपूर्तिकर्ताओं ने अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) को लागू कर दिया था, जिससे भारत सहित कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई थी। मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा कि अब क्षेत्र में युद्धविराम लागू है, बातचीत जारी है और होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात फिर से शुरू हो चुका है। ऐसे में गैस आपूर्ति पर लगाए गए आपात प्रतिबंधों को जारी रखने की आवश्यकता नहीं रह गई है। पश्चिम एशिया संकट के दौरान सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तीन बड़े कदम उठाए थे। इनमें प्राकृतिक गैस आपूर्ति का नियंत्रण, रिफाइनरियों को पेट्रोरसायन के फीडस्टॉक की जगह एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश और थोक उपभोक्ताओं को डीजल की बिक्री सीमित करना शामिल था। एलपीजी उत्पादन और डीजल बिक्री से जुड़े दोनों प्रतिबंध पहले ही वापस लिए जा चुके हैं, जबकि अब गैस आपूर्ति से जुड़े प्रावधान भी समाप्त कर दिए गए हैं।

# वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

**शेयर समीक्षा**

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा वैश्विक कारकों पर निर्भर करेगी।

अमेरिका और ईरान के बीच अंतिम शांति समझौते के लिए जारी वार्ता, विदेशी शेयर बाजारों और कच्चे तेल की कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव पर निवेशकों की नजर होगी। घरेलू स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस के पहली तिमाही के परिणाम भी अगले सप्ताह 09 जुलाई को आने हैं। पिछले सप्ताह सोमवार और मंगलवार को शेयर बाजारों में गिरावट रही जबकि अगले तीन दिन अच्छी तेजी देखी गयी। बीएसई का सेंसेक्स 663.44 अंक (0.86 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में शुक्रवार को 77,763 अंक पर




बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 214.85 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 24,270.85 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.05 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 में 20 कंपनियों में गत सप्ताह तेजी रही। इटरनल का शेयर 10.24 प्रतिशत चढ़ गया। बजाज फिनसर्व में 7.46 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 5.42, मारुति सुजुकी में 4.53 और अडानी पोर्ट्स में 4.34 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी। टाइटन का शेयर 3.98 प्रतिशत, ट्रेंट का 3.84, एशियन पेंट्स का 3.53, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 3.49 और भारती एयरटेल का 3.24 प्रतिशत चढ़ गया। बीईएल में 2.75 प्रतिशत, सन फार्मा में 2.28, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.99, आईसीआईसीआई बैंक में 1.61, पावरग्रिड में 1.41, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.27 और एनटीपीसी में 1.18 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और इंफोसिस में भी साप्ताहिक तेजी रही। नुकसान उठाने वालों में एलएंडटी का शेयर सप्ताह के दौरान 4.58 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक में 3.01 फीसदी, एक्सिस बैंक में 2.47, टेक महिंद्रा में 1.83, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.38 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.06 फीसदी की गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, टीसीएस और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# देश की शीर्ष 10 कंपनियों में छह का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी के बीच, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की 10 सबसे अधिक मूल्यवान कंपनियों में से छह का बाजार मूल्यांकन एक लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 663.44 अंक यानी 0.86 प्रतिशत चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 214.85 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की तेजी रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक संकेत, अच्छे माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और बेहतर होती औद्योगिक गतिविधियों के कारण बाजार ने सप्ताह का समापन मजबूती के साथ किया। उन्होंने कहा, ''अमेरिकी श्रम बाजार के उम्मीद से कमजोर आंकड़ों के बाद अधिक उदार वैश्विक मौद्रिक नीति की उम्मीदों ने निवेशकों के भरोसे को और मजबूत किया। शीर्ष दस कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 36,529.21 करोड़ रुपये बढ़कर 11,63,877.30 करोड़ रुपये हो गया। वहीं बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 33,059.83 करोड़ रुपये बढ़कर 6,43,141.36 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,084.29 करोड़ रुपये बढ़कर 10,11,695.03 करोड़ और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का पूंजीकरण 8,601.99 करोड़ रुपये बढ़कर 5,44,139.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,664.89 करोड़ रुपये बढ़कर 12,33,646.33 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 6,461.38 करोड़ रुपये बढ़कर 5,17,086.30 करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण (एम कैप) 26,572.2 करोड़ रुपये घटकर 5,53,978.63 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का एम कैप 18,945.56 करोड़ रुपये कम होकर 17,64,981.36 करोड़ रुपये पर रहा। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 4,846.08 करोड़ रुपये कम होकर 9,59,891.92 करोड़ रुपये रहा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 1,031.15 करोड़ रुपये घटकर 7,57,175.27 करोड़ रुपये पर आ गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# भारत की एकता और प्रगति के लिए समर्पित जीवन



नरेन्द्र मोदी

आज, 6 जुलाई, उन अनगिनत लोगों के लिए एक विशेष दिन है, जो देशभक्ति और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों को मानते हैं। हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मना रहे हैं, जिनका जीवन साहस और माँ भारती के प्रति अटूट समर्पण का एक कालातीत उदाहरण है। आधुनिक भारत में ऐसे बहुत कम नेता हुए हैं, जिनमें बुद्धि, जनसेवा और नैतिक दृढ़ता का ऐसा अद्‌भुत संगम देखने को मिला हो।

युवा श्यामा प्रसाद का जन्म ऐसे परिवेश में हुआ था,जहाँ उन्हें आसानी से एक सुरक्षित और आरामदायक जीवन मिल सकता था। उनके पिता, सर आशुतोष मुखर्जी, अपने समय के प्रमुख शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों में से एक थे। भाग्य ने उन्हें सुख-सुविधाओं का मार्ग दिखाया, इसके बावजूद, उनकी अंतरात्मा ने उन्हें त्याग और राष्ट्र-सेवा के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्हें पक्का यकीन था कि वे अपने समय की उथल-पुथल भरी परिस्थिति में मूकदर्शक बने नहीं रह सकते, -चाहे वह उपनिवेशवाद, सांप्रदायिकता या मानवीय चुनौतियों के खिलाफ लड़ाई ही क्यों न हो। इस यात्रा में उन्होंने गहरी व्यक्तिगत त्रासदियों का सामना किया, जिसमें एक शिशु और बाद में उनकी पत्नी की मौत शामिल है। तथापि,इन त्रासदियों ने केवल उनके संकल्प को और सुदृढ़ किया और सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को मजबूत किया। अगर कोई एक आदर्श था, जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सार्वजनिक जीवन को सबसे ज्यादा परिभाषित करता था, तो वह था भारत की अखंडता। विभाजन के उथल-पुथल भरे दौर में वे मजबूती से डटे रहे और सुनिश्चित किया कि पश्चिम बंगाल भारत का एक अभिन्न अंग बना रहे। कुछ साल बाद, यही विश्वास उन्हें जम्मू और कश्मीर की ओर ले गया। कारावास ने उन्हें हतोत्साहित नहीं किया और अलगाव ने उन्हें कमजोर नहीं किया। उनका जीवन हिरासत में अचानक समाप्त हो गया, उन अनगिनत लोगों से दूर - जिनकी पीड़ा को उन्होंने अपना उद्देश्य बनाया था। इतिहास में ऐसे पल आते हैं, जब किसी व्यक्ति का अंतिम बलिदान राजनीति से परे जाकर राष्ट्रीय स्मृति में शामिल हो जाता है। डॉ. मुखर्जी की अंतिम यात्रा भी ऐसा ही एक पल रही। आचार्य विनोबा भावे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने उस मकसद के लिए खुद को बलिदान कर दिया, जिसमें उन्हें विश्वास था। सालों बाद, 2019 में अनुच्छेद 370 और 35(इ) को रद्द करना उनकी शहादत के प्रति सबसे सच्ची श्रद्धांजलि थी। डॉ. मुखर्जी ने भारत और भारतीय मूल्यों को सबसे ऊपर रखा। उन्होंने ऐसे संस्थान बनाए और ऐसी प्रणालियाँ विकसित कीं, जो उस समय की पारंपरिक सोच को चुनौती देती थीं। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। अपने विशिष्ट अंदाज़ में, उन्होंने ऐसे सकारात्मक बदलाव किए, जो देशभक्तिपूर्ण और भविष्योन्मुखी थे। शिक्षाविदों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, डॉ. मुखर्जी ने बहुत अच्छे तरीके से इस बात को व्यक्त किया: ''शैक्षिक संस्थानों को केवल लिपिक और कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों का उत्पादन करने वाली फैक्ट्रियों के रूप में देखना गलत है। हमें ऐसे छात्र तैयार करने होंगे, जो हमारे स्व-शासी संस्थानों - जैसे नगर निगम, प्रांतीय और केंद्रीय विधायिका - का नेतृत्व कर सकें और साथ ही जीवन के विभिन्न क्षेत्रों - जैसे वित्तीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक - में कामकाज का संचालन कर सकें। उनके नेतृत्व में, कलकत्ता विश्वविद्यालय ने अनूठे प्रयास किए, जैसे पुस्तकालय अवसंरचना में सुधार करना, विज्ञान में शोध को बढ़ावा देना, कलाकृतियों के अध्ययन को प्रोत्साहित करना और कृषि में पाठ्यक्रम स्थापित करना, आदि। उन्होंने खेल, शिक्षक प्रशिक्षण और छात्र कल्याण जैसे क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया। छात्रों और पूर्व छात्रों में गर्व की भावना जगाने के लिए, उन्होंने 24 जनवरी को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के तौर पर मनाने की शुरुआत की। उन्होंने स्वयं गुरुदेव टैगोर से विश्वविद्यालय के लिए एक गीत की रचना करने का आग्रह किया। उनकी इस भावना का एक अन्य उदाहरण, उनके जीवन के बाद के दौर में देखने को मिलता है, जब उन्होंने भारतीय जनसंघ बनाने का फैसला किया। एक ऐसे समय, जब कांग्रेस पार्टी का हर जगह बोलबाला था,उन्हें लगा कि भारत की प्रगति के लिए एक ऐसे वैकल्पिक आवाज बनाने के कारण मौजूद हैं, जो हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी हो। शायद यह उचित ही था कि पार्टी का चुनाव चिह्न 'दीया' - मिटटी का दीपक - रखा गया। एक छोटा सा दीपक साधारण लग सकता है, लेकिन इसमें इतनी ताकत होती है कि यह अपने से बहुत दूर तक अंधकार को दूर कर सकता है। जनसंघ ने भी ठीक यही काम किया-चाहे उनके सक्रिय रहने के दौरान हो या उसके बाद हो। भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री के तौर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का कार्यकाल एक ऐसे राजनेता की छवि पेश करता है, जिनके विकास का दृष्टिकोण बहुत व्यापक और मानवीय था। उन्होंने उद्योग को नव स्वतंत्र राष्ट्र में सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास को पुनर्स्थापित करने का साधन माना। वे धन सृजन और मूल्य संवर्धन का सम्मान करते थे। दामोदर घाटी निगम, सिंदरी उर्वरक संयंत्र और एक मजबूत औद्योगिक नीति जैसी महत्वपूर्ण पहलों के माध्यम से आधुनिक औद्योगिक भारत की आधारशिला रखते हुए, उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि भारत की पारंपरिक खूबियों की अनदेखी न हो। हथकरघा, कुटीर उद्योगों, कारीगरों और वस्त्र मज़दूरों को डॉ. मुखर्जी के रूप में एक ऐसा समर्थक मिला, जो उनके लिए पूरी तरह समर्पित था। यहाँ, मैं एक व्यक्तिगत अनुभव साझा करना चाहूँगा। सिंदरी संयंत्र, जिसे डॉ. मुखर्जी ने आत्मनिर्भरता की स्पष्ट दृष्टि के साथ स्थापित किया था, को उन लोगों ने नजरअंदाज किया, जो कई दशकों तक राष्ट्र चला रहे थे। मुझे गर्व महसूस होता है कि हमारी सरकार को इसके पुनरुद्धार में योगदान देने का अवसर मिला। उस कार्यक्रम में उपस्थिति, वास्तव में मेरे लिए सबसे खास पलों में से एक थी। भारत की सभ्यतागत परंपरा में लंबे समय से संवाद और चर्चा को महत्त्व दिया गया है। डॉ. मुखर्जी इस लोकतांत्रिक भावना के प्रतीक थे।वे पंडित नेहरू की कैबिनेट में शामिल हुए, क्योंकि उनका मानना था कि शुरुआती वर्षों में राष्ट्र-निर्माण का काम राजनीतिक मतभेदों से कहीं ऊपर था। उन्होंने ईमानदारी और रचनात्मक भावना के साथ सेवा की। लेकिन जब उन्हें लगा कि राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों के लिए अलग रास्ते की ज़रूरत है,तो उन्होंने सम्मान के साथ अपना पद त्याग दिया और पूरी तरह से उस राजनीतिक काम के लिए समर्पित हो गए, जिसे वे राष्ट्र के लिए आवश्यक मानते थे। 75 साल पहले, पंडित नेहरू पहला संशोधन लाए थे, जो अभिव्यक्ति की आज़ादी पर सीधा हमला था। डॉ. मुखर्जी इसके कट्टर आलोचकों में से एक थे। वे अच्छी तरह समझते थे कि कांग्रेस क्या कर सकती है और वे सही साबित हुए। जिन लोगों ने 75 साल पहले पहला संशोधन किया था, उन्होंने ही 1975 में आपातकाल लगाया और 50 साल पहले 42वां संशोधन अधिनियम लेकर आये, जिसने एक बार फिर उदारवादी लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव पर चोट की। डॉ. मुखर्जी मानवतावादी कार्यों के लिए भी जाने जाते थे। जब 1943 में बंगाल में सबसे भयंकर अकाल पड़ा, डॉ. मुखर्जी प्रभावित लोगों की सेवा में पूरी तरह जुट गए।उन्होंने लोगों को खाना खिलाने के लिए कई कैंटीन और राहत केंद्र खुलवाए। एक तरफ, वे अपने लोगों की हालत देखकर बहुत दुखी थे, तो दूसरी तरफ, औपनिवेशिक शासकों की संवेदनहीनता ने उन्हें झकझोर दिया। उन्होंने एक किताब भी लिखी, 'पंचासेर मन्वंतर', जिसमें उन्होंने अपना आक्रोश व्यक्त किया। जब 1942 में मेदिनीपुर में ज़बरदस्त चक्रवात आया, तो हालात को सामान्य करने में उनकी कोशिशों की व्यापक रूप से सराहना हुई। कोलकाता के एक कॉलेज के अपने संबोधन में डॉ. मुखर्जी ने युवाओं से आग्रह किया, ''आप जो भी काम करें, उसे गंभीरता से, पूरी तरह से और अच्छी तरह से करें; इसे कभी भी आधा-अधूरा या बिना किये न छोड़ें, जब तक आप इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ न दे दें, तब तक खुद को संतुष्ट महसूस न करें।'' जैसे-जैसे भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है, हम उन्हें सबसे अच्छी श्रद्धांजलि इस रूप में दे सकते हैं कि हम मजबूत, एकजुट, आत्मविश्वासी और सहानुभूतिपूर्ण भारत के निर्माण के लिए हर दिन प्रयास करें, जिसमें वे बहुत गहराई से विश्वास करते थे। और आज के युवाओं को समझते हुए, मुझे यकीन है कि वे इस अवसर पर आगे आएंगे और बिल्कुल वैसा ही प्रयास करेंगे।



**लेखक भारत के प्रधानतंत्री हैं।**

# आकाश में आज होगी अद्‌भुत खगोलीय घटना, सूर्य से अधिकतम दूरी पर पहुंचेगी पृथ्वी

**सोमवार रात 11 बजे पृथ्वी और सूर्य के बीच होगी रिकॉर्ड 15.2 करोड़ किमी की दूरी**

**एजेंसी**

भोपाल। खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए सोमवार, 06 जुलाई का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन हमारा ग्रह पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करते हुए उससे अपने पूरे साल के सबसे दूरस्थ बिंदु पर पहुंच जाएगा।




मध्य प्रदेश की नेशनल अवार्ड प्राप्त खगोल विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने रविवार को इस संबंध में वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि भारतीय समयानुसार 6 जुलाई को रात 11:00 बजे पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी सबसे अधिकतम होगी। खगोल विज्ञान में इस अद्‌भुत खगोलीय घटना को एफ़ेलियन कहा जाता है।

सारिका ने बताया कि पृथ्वी की सूर्य के चारों ओर घूमने की कक्षा पूरी तरह गोल न होकर थोड़ी अंडाकार है। इस वजह से साल में एक बार पृथ्वी सूर्य के सबसे करीब होती है और एक बार सबसे दूर। रविवार, 6 जुलाई को होने वाली इस खगोलीय घटना के समय पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी बढ़कर लगभग 15 करोड़ 20 लाख किलोमीटर हो जाएगी, जबकि तीन जनवरी को पृथ्वी जब सूर्य के सबसे नजदीक थी, तब उनके बीच की दूसरी लगभग 14 करोड़ 70 लाख किमी थी। इस खगोलीय घटना को पेरिहेलियन कहा जाता है। सारिका ने बताया कि आम तौर पर लोग सोचते हैं कि सूर्य से दूरी बढ़ने पर ठंड होनी चाहिए, लेकिन भारत सहित उत्तरी गोलार्ध में इस समय गर्मी है। इस विरोधाभास को स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि मौसमों का बदलना सूर्य से पृथ्वी की दूरी पर निर्भर नहीं करता, बल्कि पृथ्वी की धुरी के झुकाव पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पृथ्वी अपनी धुरी पर साढ़े 23 डिग्री डिग्री झुकी हुई है और इसका उत्तरी गोलार्ध सूर्य की तरफ झुका हुआ है। इस वजह से इन दिनों भारत सहित उत्तरी गोलार्ध के देशों को सूर्य की सीधी और तीखी किरणें मिल रही हैं, जिससे गर्मी पड़ रही है। इसके विपरीत, दक्षिणी गोलार्ध जैसे ऑस्ट्रेलिया में सूर्य की किरणें तिरछी पड़ रही हैं, जिससे वहां इस समय सर्दियों का मौसम है। सारिका ने बताया कि इस दूरी के कारण सूर्य का आकार आकाश में सामान्य से लगभग 3.4% छोटा दिखाई देता है, लेकिन इसे हम अपनी नंगी आंखों से महसूस नहीं कर सकते। उन्होंने आम जनता और बच्चों से अपील की है कि वे इस एफ़ेलियन डे को विज्ञान को समझने के एक अवसर के रूप में लें, लेकिन भूलकर भी सूर्य को सीधे नंगी आंखों या साधारण दूरबीन से न देखें।

## अमेरिका ईरान के बीच अगले दौर की वार्ता पाकिस्तान में 11 जुलाई को : रिपोर्ट

रियाद। अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली वार्ता का अगला दौर 11 जुलाई को पाकिस्तान की मेज़बानी में होगा। अल-अरेबिया न्यूज़ की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि वार्ता के आगामी दौर में ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों, ईरान की जब्त संपत्तियों और ईरानी परमाणु मसले पर बातचीत होगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल का फैसला ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के रियासती जनाज़े के समापन के बाद होगा। उल्लेखनीय है कि ईरान और अमेरिका ने सभी मोर्चों पर जंग रोकने के लिए 18 जून को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये थे। इसमें लेबनान में युद्धविराम भी शामिल था। ईरान और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच 21 जून को पाकिस्तान एवं कतर की मध्यस्थता में उच्च स्तरीय विचार-विमर्श हुआ, जिसके बाद 22 जून को दोनों देशों के बीच स्विट्ज़रलैंड में तकनीकी वार्ता हुई थी।

# रामलीला सनातन परंपराओं, नैतिक मूल्यों का जीवंत प्रतीक हैं: बिरला

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि रामलीला केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि देश की सनातन परंपराओं, नैतिक मूल्यों और सामाजिक चेतना का जीवंत प्रतीक है।

श्री बिरला ने रविवार को संसद भवन में देश की विभिन्न रामलीला समितियों के प्रतिनिधियों की बैठक में कहा कि सदियों से चली आ रही रामलीला की परंपरा ने भारतीय समाज को मर्यादा, कर्तव्य, त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों से जोड़ने का कार्य किया है तथा इसका संरक्षण और निरंतरता सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



बैठक में चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में श्री रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार तथा महामंत्री सुभाष गोयल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देशभर की रामलीला समितियां भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की सशक्त वाहक हैं। इन समितियों ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आधुनिकता के इस दौर में भी हमारी सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक आयोजनों को नयी पीढ़ी से जोड़ने के लिए नवाचार, तकनीक और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामलीला सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है। समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर यह आयोजन भारतीय जीवन दर्शन की व्यापकता और समावेशी भावना को सुदृढ़ करता है। बैठक में उपस्थित रामलीला समितियों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किये तथा रामलीला के संरक्षण, संवर्धन और व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर सांसद श्री खंडेलवाल ने कहा, '' रामलीला भारत की सांस्कृतिक आत्मा का जीवंत उत्सव है। यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कारों और राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिंब है। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा रामलीला समितियों को संसद भवन में आमंत्रित कर संवाद स्थापित करना हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रामलीला समितियां भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर की संरक्षक हैं और इनके माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह गौरवशाली परंपरा आने वाली पीढ़ियों तक और अधिक सशक्त रूप में पहुंचे।

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों की रिकॉर्ड भीड़, बिना रजिस्ट्रेशन वाले भक्त करें अपनी बारी का इंतजार : उपराज्यपाल

**एजेंसी**

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि इस साल अमरनाथ यात्रियों की रिकॉर्ड भीड़ देखी गई है। उन्होंने बिना वैध रजिस्ट्रेशन वाले भक्तों से अपील की कि वे वार्षिक यात्रा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अपनी तय तारीखों का इंतज़ार करें।



पहलगाम में पत्रकारों से बात करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि मैंने अमरनाथ यात्रा के पिछले चार संस्करणों को करीब से देखा है। इस बार तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। बड़ी संख्या में लोग बिना पहले से रजिस्ट्रेशन कराए भी आ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन और श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने पहले से कहीं बेहतर इंतज़ाम किए हैं। मैं सभी बिना रजिस्ट्रेशन वाले तीर्थयात्रियों से अपनी बारी का इंतज़ार करने का आग्रह करता हूं। स्वास्थ्य सेवा के इंतज़ामों पर ज़ोर देते हुए सिन्हा ने कहा कि नुनवान बेस कैंप में पिछले दो वर्षों से 100 बिस्तरों वाला अस्पताल काम कर रहा है, जहां हर दिन लगभग 2,500 मरीज़ आते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नुनवान बेस कैंप में अमरनाथ यात्रा के समग्र प्रबंधन की समीक्षा की, जिसमें तीर्थयात्रियों की आवाजाही, सुरक्षा, आवास, रजिस्ट्रेशन और अन्य लॉजिस्टिकल इंतज़ामों पर ध्यान केंद्रित किया गया। आज वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अमरनाथ यात्रा के प्रबंधन की समीक्षा करने के लिए पहलगाम में नुनवान बेस कैंप का दौरा किया। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि हर भक्त को वैध रजिस्ट्रेशन तिथि के अनुसार यात्रा करने के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि इंतज़ार का समय कम से कम हो। उन्होंने यह भी कहा कि अमरनाथ श्राइन बोर्ड और यात्रा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग सभी श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित और बिना किसी परेशानी वाली आध्यात्मिक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

# राम मंदिर चंदा चोरी मामले में बयान दें मोदी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राम मंदिर चंदा चोरी मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बयान देने की मांग करते हुए कहा है कि पूरे प्रकरण की जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से कराई जानी चाहिए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि राम मंदिर में' चोरी हुई है और इस पर किसी तरह का कोई संदेह या विवाद नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बयान को शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जो लोग दूसरों को ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रवाद के प्रमाणपत्र देते थे, वे आज स्वयं रंगे हाथों पकड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये के चंदे का गबन और दुरुपयोग किया गया है। इस पूरे मामले की जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से कराई जानी चाहिए तथा सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

# पेज एक का शेष

## राहुल, अखिलेश...

आए थे और उन्हें दो महीने जेल में रहना पड़ा था। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं ने हिंदू आस्था की रक्षा के लिए अनेक कुर्बानियां दी हैं और उनकी विरासत त्याग तथा समर्पण की रही है। श्री नबीन ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों का संकेत देते हुए कहा, मैं उत्तर प्रदेश चुनाव की तैयारी के लिए आया हूं, शंखनाद करने आया हूं। उनके इस दौरे को भाजपा के 2027 विधानसभा चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

## हर पापी को मिले सख्त...

कहा कि 12वीं में फ़ेल हुए तो आत्महत्या कर ली, घर में डांट पड़ी तो भाग गए या कुछ खौफनाक कदम उठा लिया। बच्चों का दिमाग इस हालत में कैसे पहुंचा? भागवत ने इसके लिए सीधे तौर पर माता-पिता की व्यस्तता और बच्चों को बचपन से मोबाइल थमा देने की आदत को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि आज घरों से दादी-नानी की कहानियां गायब हैं, जो कभी पांडवों के संघर्ष जैसी कहानियों से बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाती थीं। नई पीढ़ी अकेलेपन से जूझ रही है, उन्हें संवाद की जरूरत है। अगर वे भटक रहे हैं, तो यह बड़ों की नाकामी है। भागवत ने जोर देकर कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की यह चुनौती इतनी बड़ी है कि इसे अकेले डॉक्टर ठीक नहीं कर सकते। इसके लिए समाज, स्कूल और परिवार को आगे आना होगा। उन्होंने पश्चिम की अधूरी साइकोलॉजी के बजाय 'योग वशिष्ठ' और 'पतंजलि योग सूत्र' जैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान को मिलाकर एक आधुनिक और संपूर्ण 'भारतीय मनोविज्ञान' विकसित करने की मांग की। मामला बिगड़ा तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को तुरंत मैदान में उतरना पड़ा। राम जन्मभूमि ट्रस्ट की गुहार पर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई गई। एसआईटी ने अपनी शुरुआती जांच की और 25 जून को केस दर्ज कर लिया। अब तक इस मामले में आठ आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। जांच की आंच इतनी तेज थी कि इसके लपेटे में बड़े नाम आ गए। नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देकर ट्रस्ट के सर्वेसर्वा चंपत राय और पूर्व ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने तुरंत अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। सरकार ने जांच का दायरा बढ़ाने के लिए एसआईटी को 15 दिनों की मोहलत और दे दी है। संघ ने अब सीधे ट्रस्ट को चेताया है कि वह अपनी पूरी तिजोरी और प्रशासन के ढीले पेच कसे। साथ ही, भक्तों से संयम रखने की अपील की है ताकि देश विरोधी ताकतें इस दुखद घटना का फायदा न उठा सकें।

## इसरो ने 'सॉल्व' ...

विकास किया जा रहा है। इनमें अंतरिक्ष यात्रियों के लिए मानव-रेटेड प्रक्षेपण यान, अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसा वातावरण उपलब्ध कराने वाली जीवन समर्थन प्रणाली, आपात स्थिति में क्रू को सुरक्षित बाहर निकालने की व्यवस्था तथा प्रशिक्षण, बचाव और पुनर्वास से जुड़ी प्रणालियां शामिल हैं। इन तकनीकों की विश्वसनीयता परखने के लिए इसरो कई परीक्षण मिशन संचालित करेगा। इनमें इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट (आईएडीटी), पैड एबॉर्ट टेस्ट (पीएटी) और टेस्ट व्हीकल (टीवी) उड़ानें शामिल हैं। मानव मिशन से पहले सभी प्रणालियों का परीक्षण मानवरहित उड़ानों में किया जाएगा। इसरो ने बताया कि गगनयान मिशन के लिए एलवीएम-3 रॉकेट का उपयोग किया जाएगा, जिसे मानव मिशन की सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधित कर 'ह्यूमन रेटेड एलवीएम-3' (एचएलवीएम-3) बनाया गया है। इसमें एक विशेष 'क्रू एस्केप सिस्टम' भी लगाया गया है, जो प्रक्षेपण के दौरान किसी भी आपात स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित दूरी तक ले जाने में सक्षम होगा।

## चढ़वा चोरी से...

में। हम सत्य के साथ हैं। हमारा आग्रह है कि पुलिस जाँच एजेंसी से दोषी को पकड़े और उन्हें दंड दे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी जी महाराज ने अयोध्या पहुंचने से पूर्व एक निवेदन पत्र सार्वजनिक किया है। इसमें उन्होंने स्थिति को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। उनका कहना है कि त्रअयोध्या मंदिर में घटित अविश्वसनीय अर्थ अपहार की घटनाओं ने रामभक्तों का हृदय विदीर्ण किया है। कुछ लोगों ने चांदी, सोने के आभूषण आदि चढ़ावे की गिनती करते समय चोरी करने का जघन्य पाप किया है। इससे हम अत्यंत आहत, दुखी एवं लज्जित हैं। गोविंद गिरी महाराज ने अपने पत्र में कई बातों को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा है कि त्रकोष में जमा की गई राशि का पूरा हिसाब सुरक्षित है और अधिकृत व्यक्ति इसकी जांच कर सकते हैं। इसके अलावा राममंदिर की ओर से किया जाने वाला व्यय सीधे बैंक से ही होता है और वे इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता नहीं है। चढ़ावे के विषय में गोविंद गिरी महाराज ने कहा, ल्लरामभक्तों के द्वारा हुंडी में समर्पित चढ़ावा जहाँ गिना जाता है उस क्षेत्र से मेरा आरंभ से ही कभी कोई संबंध नहीं रहा। मेरा निवास पुणे में है। कथाओं के निमित्त प्रवास निरंतर चलता है। चढ़ावा गिनने का कार्य प्रतिदिन का दैनिक कार्य है। उसे स्थानिक न्यासी बंधु ही आरंभ से देखते रहे हैं। उसका एसओपी (गणना प्रक्रिया के लिये संयुक्त रूप से निर्धारित दिशा-निर्देश) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ मिलकर उन्होंने ही बनाया है। वह मुझे इस महीने दिखाया गया। गोविंद गिरी महाराज का कहना है कि त्र्यासी अथवा कोषाध्यक्ष पद के लिये उन्होंने कभी कोई प्रयास नहीं किया था। न्यासी बनने के समय से अबतक एक-दो अपवाद छोड़कर उन्होंने स्वयं किसी से भी कुछ नगद राशि अथवा वस्तुरूप भेंट मंदिर के लिए स्वीकार नहीं की। इसके अलावा एक भी व्यक्ति से चेक के अलावा कभी कुछ नहीं लिया।' उन्होंने यह भी बताया कि त्रहर महीने-डेढ़ महीने में न्यास के काम से अयोध्या आते रहते हैं और उनके विमान और अन्य प्रवास के खर्च न्यास की ओर से नहीं दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि त्र्सिंधी समाज की भक्तिपूर्वक समर्पित की गई 200 किलो चांदी की 200 ईंटें मूल्यवान धातु रजिस्टर में यथास्थान अंकित है। इन्हें शुद्ध चांदी की ईंटों में ढालकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (अयोध्या शाखा) के लॉकर में सुरक्षित रखा गया है। गोविंद गिरी महाराज ने विश्वास जताया है कि श्रीराम की कृपा से सत्य शीघ्र सामने आयेगा और संशय के बादल छटेंगे। साथ ही भविष्य में पूरी सतर्कता और सावधानी बरती जाएगी। इसके अलावा सनातन धर्म और मंदिर की कीर्ति को धूमिल करने के प्रयास भगवान सफल नहीं होने देंगे।

## हम एक ही वार...

पहले अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम से पहले भी ट्रंप ने ईरान पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि हमने ईरान की कमर तोड़ दी। अब वे समझौता करने के लिए बेताब हैं। हमने उन्हें अंतिम संस्कार के लिए एक हफ्ते का समय दिया, क्योंकि हम अच्छे लोग हैं।

# 'मिशन कायाकल्प' से आधुनिक, सुंदर और सुरक्षित बन रहे सरकारी स्कूल : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी के सरकारी स्कूलों को केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ, आधुनिक और प्रेरणादायक शिक्षण परिसर बनाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने 'मिशन कायाकल्प' की शुरुआत की है। इस विशेष अभियान के तहत राजधानी के विभिन्न जिलों में चयनित सरकारी स्कूलों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि मिशन कायाकल्प को जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सहयोग देने वाली संस्थाओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों, मार्केट एसोसिएशनों और स्थानीय समुदाय के सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकारी संसाधनों के साथ-साथ समाज की भागीदारी से स्कूलों में तेजी से सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। मिशन कायाकल्प के तहत दिल्ली के विभिन्न जिलों में सरकारी स्कूलों में तेजी से बदलाव दिखाई देने लगे हैं। उत्तर जिले में छह सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करने के बाद दो विद्यालयों का चयन किया गया। लगभग 16.20 लाख रुपये की लागत से शंकराचार्य मार्ग स्थित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सेंसरी पार्क का नवीनीकरण, आरओ प्लांट और वॉटर कूलर लगाए गए। वहीं रूप नगर स्थित सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला का आधुनिकीकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दक्षिण जिले के रामानुजन सर्वोदय कन्या विद्यालय (महरौली) में लगभग 48.73 लाख रुपये और सर्वोदय को-एड सीनियर सेकेंडरी विद्यालय (कुतुब महरौली) में करीब 98.58 लाख रुपये की लागत से बड़े स्तर पर सुधार कार्य किए गए हैं। दोनों स्कूलों में शौचालयों का कायाकल्प, सैनिटरी फिटिंग को बदलना, दीवारों और छतों के रिसाव व



प्लास्टर को ठीक करना और पूरे भवन की उच्च गुणवत्ता वाले मौसमरोधी पेंट से रंगाई-पुताई की गई है। साथ ही, परिसर व गलियारों की सफाई, सौंदर्यीकरण, दो आधुनिक वॉटर कूलर लगाने और स्कूल को हरा-भरा बनाने के लिए पौधारोपण जैसे काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम जिले के मोहन गार्डन और जनकपुरी में स्थित सरकारी स्कूलों में मिशन कायाकल्प के तहत व्यापक आधारभूत ढांचा सुधार कार्य किए जा रहे हैं। मोहन गार्डन विद्यालय में लगभग 77.71 लाख रुपये की लागत से छत की मरम्मत एवं वॉटरप्रूफिंग, पेयजल क्षेत्र का नवीनीकरण, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सीवर लाइन एवं स्टाफ शौचालयों का सुधार और अन्य सिविल एवं विद्युत कार्य किए जा रहे हैं। वहीं जनकपुरी स्थित जीएसकेवी में लगभग 38.77 लाख रुपये की लागत से एमपी हॉल की वॉटरप्रूफिंग, नए आरओ प्लांट और वॉटर कूलर की स्थापना, शौचालयों के दरवाजों का प्रतिस्थापन और विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने जैसे कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर-पूर्व जिले के गोकलपुर स्थित सरकारी स्कूल में लगभग 6.70 लाख रुपये और शाहदरा के मणि बेन पटेल भारतीय महिला सर्वोदय विद्यालय में करीब 2.90 लाख रुपये की लागत से बड़े स्तर पर सुधार कार्य किए गए हैं। इन दोनों स्कूलों में शौचालयों का नवीनीकरण व गहरी सफाई, सैनिटरी फिटिंग और पुराने नलों को बदलना, सीपेज व प्लास्टर को ठीक करना और भवनों की उच्च गुणवत्ता वाले पेंट से रंगाई-पुताई की गई है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही परिसरों को सुंदर व हरा-भरा बनाने के लिए पौधारोपण किया गया, पेयजल स्थलों की सफाई के साथ नए वॉटर कूलर लगाए गए और शाहदरा स्कूल की लाइब्रेरी के लिए नई कुर्सियों की व्यवस्था की गई। छात्रों को प्रेरित करने के लिए शाहदरा स्कूल में मणि बेन पटेल और सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र भी लगाए गए हैं, जिससे अब दोनों स्कूलों का माहौल विद्यार्थियों के लिए अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहरी उत्तर जिलं के सावदा घेवरा कम्युनिटी बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करीब 8 लाख रुपये की लागत से कई काम किए गए हैं। यहां स्कूल की इमारतों की मरम्मत की गई, उखड़े हुए प्लास्टर को ठीक किया गया और प्राइमरी व सीनियर दोनों विंग की रंगाई-पुताई की गई। इसके अलावा स्कूल में एक ढका हुआ शेड बनाया गया, एक स्पेस लैब स्थापित की गई और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर किया गया। इस पूरे प्रोजेक्ट को मुंडका इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, जिला प्रशासन और एसडीएम (उप-मंडल मजिस्ट्रेट) कार्यालय के अधिकारियों ने आपस में मिलकर पूरा सहयोग दिया। जिला प्रशासन द्वारा नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की गई। स्कूलों में किए गए ये सभी कार्य जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी, लोकल एजेंसियों और स्कूल मैनेजमेंट कमेटियों के सहयोग से किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन कायाकल्प केवल रंग-रोगन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकारी स्कूलों के समग्र रूपांतरण का अभियान है। इसके तहत स्कूल भवनों की मरम्मत, दीवारों की पेंटिंग एवं वाइटवॉश, जर्जर शौचालयों का नवीनीकरण, स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ प्लांट और वॉटर कूलर की स्थापना, विज्ञान प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सुविधाओं का विकास, स्कूल परिसरों का सौंदर्यीकरण, हरियाली बढ़ाने और विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण तैयार करने जैसे अनेक कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं।

## होशियारपुर सेंट्रल जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट गिरफ्तार, नशा और पैसों की मांग के लगे थे आरोप

**जेल के अंदर से गैंगस्टर का वीडियो वायरल होने के बाद हुई कार्रवाई**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। होशियारपुर सेंट्रल जेल से जुड़े वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट हरभजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी थाना सिटी होशियारपुर में 14 जून को दर्ज एफआईआर के सिलसिले में की गई है। पुलिस के मुताबिक हरभजन सिंह के खिलाफ पंजाब प्रिजन्स एंड करेक्शनल सर्विसेज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। हालांकि, पुलिस ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि जेल अधिकारी की गिरफ्तारी किन खास सबूतों या आरोपों के आधार पर की गई है। यह मामला होशियारपुर सेंट्रल जेल में बंद मनप्रीत सिंह उर्फ मन्ना के कथित वायरल वीडियो से जुड़ा है। मनप्रीत सिंह बठिंडा जिले के तलवंडी साबो का रहने वाला है और जेल में बंद है। 14 जून को उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था, जिसके बाद जेल प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे। वीडियो में मनप्रीत ने जेल स्टाफ पर परेशान करने, पैसों की मांग करने और जेल के अंदर नशा उपलब्ध होने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। उसने यह भी दावा किया था कि कुछ जेल कर्मचारी कैदियों के साथ मारपीट करते हैं। वीडियो में उसने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से जेलों में सुधार करने और कैदियों को सुधरने का मौका देने की अपील भी की थी। वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान जेल के अंदर मनप्रीत सिंह के पास से बिना सिम वाला मोबाइल फोन भी बरामद किया गया था। इस वीडियो ने राजनीतिक विवाद भी खड़ा कर दिया था। विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाया था कि हाई सिक्योरिटी जेल में बंद गैंगस्टर मोबाइल फोन के जरिए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर कैसे वायरल कर सका। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## चंडीगढ़ में 54 साल पुरानी दो मंजिला व्यावसायिक इमारत ढही, दो की मौत

**सेना, एनडीआरएफ और प्रशासन ने साढ़े पांच घंटे तक चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन, पुरानी इमारतों का सर्वे कराने का फैसला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फ़ेज-2 में शनिवार शाम करीब 54 साल पुरानी दो मंजिला व्यावसायिक इमारत अचानक ढह गई। हादसे में मलबे के नीचे दबने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। राहत एवं बचाव अभियान करीब साढ़े पांच घंटे तक चला, जिसमें सेना, एनडीआरएफ और चंडीगढ़ प्रशासन की टीमों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। एस्टेट ऑफिस और सीएफएसएल (फोरेंसिक) की टीमें रविवार को घटनास्थल का निरीक्षण करेंगी। साथ ही भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए शहर की पुरानी और असुरक्षित इमारतों का सर्वे कराने का फैसला लिया गया है। इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष एमपीएस चावला के अनुसार प्लॉट नंबर 28/9 स्थित यह इमारत काफी पुरानी थी, जहां स्क्रैप का काम चल रहा था।यह इमारत वर्ष 1972 में आवंटित की गई थी और उसी समय इसका निर्माण हुआ था। उन्होंने बताया कि जर्जर हालत के कारण इमारत की छत भरभराकर गिर गई। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण इमारत में सीलन आ गई थी, जिसे हादसे का एक संभावित कारण माना जा रहा है। चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने बताया कि हादसे के समय इमारत के अंदर छह से सात लोग मौजूद थे। शुरुआती चरण में चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था, जबकि बाकी लोगों को बाद में मलबे से बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी तरुण जैन (45) और तरुण कौशिश (48) के रूप में हुई है। घायल कुलदीप सिंह, कुलबीर सिंह, उमेश, राहुल और अजीत का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एनडीआरएफ के कमांडर दीपक सिंह ने बताया कि बचाव अभियान के अंतिम चरण में मलबे के नीचे सबसे ज्यादा फंसे दो लोगों को बाहर निकाला गया। दोनों गंभीर रूप से घायल थे और उन्हें पूरी चिकित्सकीय सावधानी के साथ अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जिला प्रशासन की मेडिकल टीम मौके पर मौजूद रही और लगातार आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराती रही।

## बांकीपुर उपचुनाव में जनसुराज से उम्मीदवार होंगे प्रशांत किशोर

पटना। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में पार्टी के उम्मीदवार होंगे। उनकी उम्मीदवारी की घोषणा रविवार को जनसुराज के अध्यक्ष मनोज भारती ने की। उम्मीदवारी की घोषणा के बाद प्रशांत किशोर ने कहा कि पिछले चार वर्षों से जनसुराज ही उनका जीवन है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर से चुनाव लड़ने की जो जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसुराज की यात्रा आने वाले दिनों में चाहे जितनी भी आगे बढ़े, स्थापना काल से जुड़े साथियों और पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी पर भरोसा जताने वाले मतदाताओं का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने बांकीपुर के कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके आग्रह पर ही उन्होंने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

## बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र 20 से 24 जुलाई तक, अनुपूरक बजट होगा पेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र आगामी 20 जुलाई से 24 जुलाई तक आयोजित होगा। पांच दिनों तक चलने वाला यह सत्र नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार का पहला मानसून सत्र होगा। सरकार के 100 दिन पूरे होने के करीब होने के कारण यह सत्र राजनीतिक और विधायी दोनों दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विपक्ष पहले से ही सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति बना चुका है, जिससे सदन के हंगामेदार रहने की संभावना जताई जा रही है। पांच दिवसीय इस सत्र में कुल पांच बैठकें आयोजित होंगी। पहले दिन सदन में विभिन्न अध्यादेश पेश किए जाएंगे तथा दिवंगत जनप्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख हस्तियों के प्रति शोक प्रस्ताव के माध्यम से श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद दो दिनों तक विधायी कार्यों का संचालन होगा, जबकि एक दिन वित्तीय विषयों और बजट पर चर्चा के लिए निर्धारित रहेगा। मानसून सत्र के दौरान वित्त मंत्री विजेंद्र यादव वित्तीय वर्ष 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट सदन में पेश करेंगे। इस बजट के माध्यम से विभिन्न विभागों के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रावधानों को मंजूरी दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सरकार की ओर से कई महत्वपूर्ण विधेयक और नीतिगत प्रस्ताव भी सदन में लाए जाने की संभावना है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह मानसून सत्र काफी अहम माना जा रहा है। विपक्ष ने पहले ही संकेत दे दिए हैं कि वह महंगाई, भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध, पुलिस एनकाउंटर तथा रिशुश्री टेंडर घोटाला प्रकरण जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। विपक्ष इन मामलों पर सरकार से जवाब मांगते हुए सदन में आक्रामक रुख अपना सकता है।

## आज ही के दिन शुरू की गई थी दबे-कुचले, शोषित और अल्पसंख्यकों के लिए लड़ाई : लालू यादव

**राजद स्थापना दिवस पर लालू यादव ने सामाजिक न्याय और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई जारी रखने का किया आह्वान**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं के नाम संदेश जारी करते हुए कहा कि राजद केवल चुनाव लड़ने वाला राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाला जनआंदोलन है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से सामाजिक सरोकारों के साथ निरंतर जुड़े रहने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में लालू यादव ने कहा कि 05 जुलाई का दिन उनके लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन अनेक वरिष्ठ साथियों के साथ मिलकर गरीबों, शोषितों, दबे-कुचले वर्गों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि बिहार में सामाजिक और आर्थिक असमानता को समाप्त करने के उद्देश्य से राजद के हजारों कार्यकर्ताओं ने त्याग और बलिदान की मिसाल कायम की है। पार्टी का आज जो स्वरूप है, वह समर्पित कार्यकर्ताओं के खून-पसीने और संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने सभी समर्पित नेताओं और कार्यकर्ताओं को नमन करते हुए उनके योगदान की सराहना की। लालू यादव ने कहा कि राजद की राजनीति हमेशा सामाजिक और आर्थिक गैरबराबरी के खिलाफ रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का विकास मॉडल केवल हवाई अड्डों, बड़े मॉल और आलीशान होटलों के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना उसका मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब गरीब और वंचित वर्गों की उसमें समान भागीदारी सुनिश्चित हो। लालू यादव ने कहा कि राजद ने सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था में व्याप्त असमानताओं के खिलाफ लगातार संघर्ष करते हुए लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने का प्रयास किया है। समाजवादी विचारधारा के पुरोधाओं डॉ. राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, कर्पूरी ठाकुर और डॉ. भीमराव अंबेडकर के मूल्यों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पहले से अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि अब लक्ष्य वंचित समाज के आर्थिक और मनोवैज्ञानिक सशक्तीकरण की लड़ाई को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाना है। राजद अध्यक्ष ने देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक और जनवादी विचारधारा वाले दलों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं पर नियंत्रण, पूंजी के प्रभाव, जनप्रतिनिधियों की खरीद-फरोख्त और दक्षिणपंथी राजनीति के कारण लोकतांत्रिक व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है। उनके अनुसार पिछड़ों की भागीदारी, शिक्षा, रोजगार और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को अन्य राजनीतिक विमर्शों के पीछे धकेला जा रहा है।

### उत्तराखंड में दो लाख किसानों को मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण

हरिद्वार,। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत रविवार को हरिद्वार स्थित जिला सहकारी बैंक परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पांच वर्ष पूर्व देश में अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया था, जिसकी जिम्मेदारी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को सौंपी गई।

### महापौर ने समाजसेवी डीजे सचदेवा के नाम पर पार्क का किया नामकरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने रविवार को केशव पुरम जोन के गुजरांवाला टाउन में समाजसेवी स्वर्गीय डीजे सचदेवा के नाम पर पार्क का नामकरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक अशोक गोयल देवराहा, केशव पुरम जोन के चेयरमैन विकेश सेठी, सब्बरवाल और उनका परिवार मौजूद रहा। महापौर ने यहां आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्क सिर्फ हरियाली वाली जगहें नहीं हैं, बल्कि ये सामाजिक सद्भाव, परिवार के मेल-जोल, सेहत को बढ़ावा देने और सामुदायिक जीवन के अहम केंद्र हैं। ऐसी सार्वजनिक जगहों को प्रेरणादायक हस्तियों से जोड़ने से नागरिकों में सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि निगम शहर भर के पार्कों को बदलने के लिए कई मॉडल अपनाएगा, जिनमें पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल, रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के साथ सहयोग और दिल्ली सरकार के साथ साझेदारी शामिल है।

## मुख्यमंत्री ने चम्पावत में 65.95 करोड़ रुपये की बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चम्पावत। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को चम्पावत जिले के बूमघाट में 65.95 करोड़ रुपये की दो बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि शारदा तटबंध परियोजना क्षेत्र के सुरक्षित भविष्य और समग्र विकास की मजबूत नींव साबित होगी। मुख्यमंत्री ने 60.21 करोड़ रुपये की लागत से बूम से टनकपुर तक शारदा नदी के किनारे बाढ़ सुरक्षा तटबंध निर्माण तथा 5.74 करोड़ रुपये की लागत से पूर्णागिरि तहसील के ग्राम छीनीगोठ की सुरक्षा के लिए हुड्डी नदी पर बाढ़ सुरक्षात्मक दीवार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शारदा नदी पर चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को गुणवत्ता तथा समयबद्धता के साथ परियोजनाएं पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदा तटबंध केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शारदा कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से क्षेत्र को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। लगभग 3,300 करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत टनकपुर से बनबसा तक शारदा रिवर फ्रंट सहित विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज, आधुनिक साइंस सेंटर, कृषि महाविद्यालय तथा अन्य विकास परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। साथ ही मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत पूर्णागिरि धाम, शारदा कॉरिडोर, गोल्ज्यू कॉरिडोर और वाराही धाम सहित अनेक धार्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है, जिससे पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा कृषि, उद्यान, पशुपालन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी ली।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063